बहुत ही अजीब बात उन्होंने कही और बहुत अर्थपूर्ण भी। निश्चित ही जिन्हें अभी जीवन का पता नहीं है, वे मृत ही हैं। और हमें जीवन का कोई भी पता नहीं है। जिसे हम जीवन कहते हैं, वह तो क्रमिक मृत्यु का ही नाम है। वह वस्तुतः जीवन नहीं है। हम जिस दिन पैदा होते हैं और जिस दिन हम मर जाते हैं, इन दोनों के बीच में जो फैला हुआ है, वह जीवन नहीं है, वह तो धीमे-धीमे मरते जाने का नाम है। हम रोज मरते जा रहे हैं। जिसे हम जीवन कह रहे हैं, वह रोज मरते जाना है। वह ग्रेजुअल डेथ है।

CamScanner

7:59 pm 31%

एक छोटी सी कहानी से आज की चर्चा को मैं प्रारंभ करना चाहूंगा। बहुत बार उस कहानी को देश के कोने-कोने में अनेक-अनेक लोगों से कहा है। फिर भी मेरा मन नहीं भरता और मुझे लगता है उसमें कुछ बात है जो सभी को खयाल में आ जानी चाहिए।

जीसस क्राइस्ट यात्रा पर थे। जो उन्हें मिला था उसे लुटाने की यात्रा पर थे। और आनंद का स्वभाव है कि वह मिल जाए तो उसे लुटाना अनिवार्य हो जाता है। दुख मनुष्य को सिकोड़ता है और आनंद मनुष्य को फैला देता है। दुख में मनुष्य चाहता है, मैं अपने में बंद हो जाऊं; और आनंद में मनुष्य चाहता है, मैं सब तक पहुंच जाऊं और सब तक फैल जाऊं। इसीलिए आनंद को ब्रह्म कहा है। दुख अहंकार की अंतिम सीमा है; आनंद निर-अहंकारिता की, ब्रह्म होने की।

शायद आपने खयाल किया हो, महावीर और बुद्ध या क्राइस्ट जब दुख में हैं, तब वे जंगल में भाग गए हैं; और जब उन्हें आनंद उपलब्ध हुआ है, वे बस्ती में वापस लौट आए हैं। आनंद बंटना चाहता है, दुख सिकुड़ना चाहता है। दुख अपने में बंद होना चाहता है, आनंद दूसरे तक फैलना चाहता है।

क्राइस्ट को जब आनंद उपलब्ध हुआ, वे उसे बांटने की यात्रा पर निकल गए। वे एक गांव में पहुंचे। सुबह-सुबह ही उस गांव को वे पार करते थे--एक झील के किनारे उन्होंने एक मछुए को मछली मारते देखा। उसने अपना जाल फेंका था और मछलियों की प्रतीक्षा करता था। उसे पता भी नहीं था कि पीछे से कौन गुजरता है। क्राइस्ट ने जाकर उसके कंधे पर हाथ रखा और उससे कहा, मित्र, मेरी ओर देखो! कब तक मछलियां ही मारते रहोगे?

और जो क्राइस्ट ने उससे कहा, मैं हरेक आदमी के कंधे पर हाथ रख कर मेरा भी मन होता है कि पूछूं कि कब तक मछलियां ही मारते रहोगे? इससे क्या फर्क पड़ता है कि रोटियां मार रहे हैं या मछलियां मार रहे हैं! सब मछलियां मारना है। जीवन अधिक लोगों का मछलियां मारने में ही नष्ट हो जाता है।

क्राइस्ट ने उससे पूछा कि कब तक मछलियां मारते रहोगे?

CamScanner

ShareChat
@Vipan Singla

लघुकथा

एक आदमी रात को झोपड़ी में बैठकर एक छोटे से दीये को जलाकर कोई शास्त्र पढ़ रहा था।
आधी रात बीत गई
जब वह थक गया तो फूंक मार कर उसने दीया बुझा दिया।
लेकिन वह यह देख कर हैरान हो गया कि जब तक दीया जल रहा था, पूर्णिमा का चांद बाहर खड़ा रहा।
लेकिन जैसे ही दीया बुझ गया तो चांद की किरणें उस कमरे में फैल गई।
वह आदमी बहुत हैरान हुआ यह देख कर कि एक छोटे से दीए ने इतने बड़े चांद को बाहर रोक कर रखा।
इसी तरह हमने भी अपने जीवन में अहंकार के बहुत छोटे-छोटे दीए जला रखे हैं जिसके कारण परमात्मा का चांद बाहर ही खड़ा रह जाता है।
जबतक वाणी को विश्राम नहीं दोगे तबतक मन शांत नहीं होगा।
मन शांत होगा तभी ईश्वर की उपस्थिति महसूस होगी।

CamScanner



CamScanner

7:44 pm 35%

Once Sri Ramana Maharshi noticed that
a dog had been chased away....

He remarked:
"Just because you are in the body of a human
you think you are a human being,
and because he is in the body of a dog
you think him a dog...
Why don't you think of him as a Mahatma,
and treat him as a great person...
Why do you treat him like a dog?"

Sri Ramana Maharshi...

> एक बार श्री रमण महर्षि ने देखा कि
> एक कुत्ते को भगा दिया गया था....
>
> उन्होंने टिप्पणी की:
> "सिर्फ इसलिए कि आप मानव के शरीर में हैं
> तुम समझते हो कि तुम इंसान हो,
> और क्योंकि वह एक कुत्ते के शरीर में है
> आप उसे एक कुत्ते समझते हैं ...
> तुम इनको महात्मा क्यों नहीं समझते,
> और उसे एक महान व्यक्ति के रूप में व्यवहार करें ...
> तुम उसके साथ कुत्ते की तरह क्यों व्यवहार करते हो? "
>
> श्री रमण महर्षि...
> · Rate this translation

CamScanner

इस जन्म में
न चूकना।
यह साँसे बहुत अनमोल हैं
बहुत पीड़ा पाती हैं यह साँसें ,
जब देह के भीतर जाती हैं और
परमात्मा की बजाय
आपके अहंकार से मुलाक़ात कर बैठती हैं।
गिनती की ही मिली हैं ये साँसें।
इन्हें व्यर्थ न जाने देना।
यह परमात्मा की आपके लिए.. भेंट है।
इससे पहले कि देह से
इनका नाता टूटे
परमात्मा को अपने जीवन में
धारण कर लेना।
ध्यान रखना कि..
एक एक सांस का हिसाब है..!!

ओशो
अहोभाव

CamScanner

9:57 pm 4G 10%

लेकिन मेरी खुशी इस हीरे में नहीं है बल्कि मेरे भीतर है, समुद्र की लहरों की तरह ही दौलत और शोहरत आती जाती रहती है...

अगर अपनी खुशी इनसे जोड़ेंगे तो कभी खुश नहीं रह सकते, बूढ़े व्यक्ति ने हीरा उस महिला को वापस कर दिया और कहा कि यह हीरा तुम रखो और मुझे इससे कई गुना ज्यादा क़ीमती वह समर्पण का भाव दे दो जिसकी वजह से तुमने इतनी आसानी से यह हीरा मुझे दे दिया...

सारी उम्र हम अपने अहंकार को नहीं छोड़ पाते, हम व्यवहार में अनुभव करें तो पायेंगे कि दूसरों को बिना लोभ कुछ अर्पण भी नहीं कर पाते, भगवान को भी कुछ पाने की लालसा से ही प्रसाद चढाते हैं, लालसा पूर्ण नहीं होती तो भगवान को भी बदल लेते हैं, जबकि भगवान तो एक ही है...

समर्पण के बगैर परमात्मा की प्राप्ति असम्भव है और समर्पण ही है जो भक्ति को अपने गंतव्य तक ले जाती है, समर्पण से ही आत्मा परमात्मा में लीन होती है...

जय श्री राधे कृष्ण.....

CamScanner

9:56 pm

समर्पण का भाव...

एक बार एक महिला समुद्र के किनारे रेत पर टहल रही थी, समुद्र की लहरों के साथ कोई एक बहुत चमकदार पत्थर छोर पर आ गया, महिला ने वह नायाब सा दिखने वाला पत्थर उठा लिया, वह पत्थर नहीं असली हीरा था...

महिला ने चुपचाप उसे अपने पर्स में रख लिया, लेकिन उसके हाव-भाव पर बहुत फ़र्क नहीं पड़ा, पास में खड़ा एक बूढ़ा व्यक्ति बड़े ही कौतूहल से यह सब देख रहा था...

अचानक वह अपनी जगह से उठा और उस महिला की ओर बढ़ने लगा, महिला के पास जाकर उस बूढ़े व्यक्ति ने उसके सामने हाथ फैलाये और बोला, मैंने पिछले चार दिनों से कुछ भी नहीं खाया है, क्या तुम मेरी मदद कर सकती हो?

उस महिला ने तुरंत अपना पर्स खोला और कुछ खाने की चीज ढूँढ़ने लगी, उसने देखा बूढ़े की नज़र उस पत्थर पर है जिसे कुछ समय पहले उसने समुद्र तट पर रेत में पड़ा हुआ पाया था...

महिला को पूरी कहानी समझ में आ गयी, उसने झट से वह पत्थर निकाला और उस बूढ़े को दे दिया, बूढ़ा सोचने लगा कि कोई ऐसी क़ीमती चीज़ भला इतनी आसानी से कैसे दे सकता है...

बूढ़े ने गौर से उस पत्थर को देखा वह असली हीरा था बूढ़ा सोच में पड़ गया, इतने में औरत पलट कर वापस अपने रास्ते पर आगे बढ़ चुकी थी...

बूढ़े ने उस औरत से पूछा, क्या तुम जानती हो कि यह एक बेशकीमती हीरा है?

महिला ने जवाब देते हुए कहा, जी हाँ और मुझे यक़ीन है कि यह हीरा ही है...

लेकिन मेरी खुशी इस हीरे में नहीं है बल्कि मेरे भीतर है, समुद्र की लहरों की तरह ही दौलत और शोहरत आती जाती रहती है...

अगर अपनी खुशी इनसे जोड़ेंगे तो कभी खुश नहीं रह सकते, बूढ़े व्यक्ति ने हीरा उस महिला को वापस कर दिया और कहा कि यह हीरा तुम रखो और मुझे इससे कई गुना ज्यादा क़ीमती वह समर्पण का भाव दे दो जिसकी वजह से तुमने इतनी आसानी से यह हीरा मुझे दे दिया...

सारी उम्र हम अपने अहंकार को नहीं छोड़ पाते, हम व्यवहार में

CamScanner

CamScanner

अहोभाव

23h ·

अहोभाव

जिसे कुछ करना है, वह इसकी फ़िक्र नही लेता कि लोग क्या कहेंगे । लोग तो कहेंगे ही, चाहे कुछ करे या ना करें । जिसे भी अपना बेस्ट देना है, उसे लोगों की फ़िक्र नही लेनी चाहिए कि कोई क्या कहेगा। यदि चेतना इस पर गयी कि कोई क्या कहेगा , तो हम जीवन में कुछ भी अच्छा नही कर पायेंगे । अपने कृत्यों को स्वयं का आनन्द बनाने के लिए बस स्वयं के अतिरिक्त और किसी की फ़िक्र लेने की आवश्यकता नही है, तभी हम अपना बेस्ट दे पायेंगे । लोगों की राय की फ़िक्र वो करता है, जिसे स्वयं पर ज़रा सा भी भरोसा नही , जिसे स्वयं का कोई सम्मान नहीं। याद रखें लोग तो तब भी कहेंगे , जब हम कुछ नही करते, लोग तो कुछ न कुछ कहेंगे ही। पर इसकी कोई फ़िक्र नही करनी चाहिए।

ओशो

CamScanner


ओशो अहोभाव
लोगों की राय की फ़िक्र वो करता है,
जिसे स्वयं पर ज़रा सा भी भरोसा नही,
जिसे स्वयं का कोई सम्मान नहीं।

CamScanner

9:21 am VoLTE 4G 98%

Saath Denne Ka Vada Kiya Tha

Misaal o maawra hone se pehle
Khuda kya tha khuda hone se pehle

Tabiyat ko tabiyat se badal lo
Tabiyat aashna hone se pehle

Baja hone ki hai sirf ek soorat
Galat hoja baja hone se pehle

Saaz e hasti baja raha hoon main
Jashn e masti mana raha hoon main

Kya ada hai nisaar hone ki
Tujhse pehlu bacha raha hoon main

Kitni pukhta hai meri naadaani
Tujhko tujhse chhupa raha hoon main

Dil dubota hoon chasm e saaki mein
Mai ko mai mein mila raha hoon main
Aapko jeetne ke dhokhe mein
Jaan ki baazi laga raha hoon main

Unko milne ki aarzu mein adam
Apne nazdeek aa raha hoon main

Veerani e ghuman ko aqeedat se sej kar
Sdaadabi e hayaat ka unwaan bana diya
Duniya tere wajood ko karti rahi talaash
Hamne tere khayaal ko yazdaan bana diya

Saath dene ka waada kiya hai
Jaane jaan apna waada nibhaao

Yun na chchodo mujhe raaste mein
Do kadam toh mere saath aao

CamScanner

9:19 am 4G 99%

Othe amla te hone ne navede
Kise nai teri jaat puchni...

Jhoothe maan te aakad teri
Jhoothiyan teriyan baatan
Galaan naal banave pal vich
Dina[days] nu kaliyan raatan
Jhoothe mehal manaare tere
Jhoothiyan teriyan jaatan
Amlan baajho 'Sadik' uthe
Kise nai leniyan baatan
Othe amla te hone ne navede
Kise nai teri jaat puchni

Othe amla te hone ne navede
Kise nai teri jaat puchni...

Kise kaul ghadi pal na khalonaa[standing] aee
Kiti aapni nu saariyan ne rona aee
Hone vakho-vakh sangi-saathi jede
Kise nai teri jaat puchni
Othe amla te hone ne navede
Kise nai teri jaat puchni

Othe amla te hone ne navede
Kise nai teri jaat puchni...

Panchi vaangu udd jana ae
Ik din maar uddaari
Kadar unna di paeni uthe
Amal jina de bhari
Har shai chhadni[to leave] paeni bandiya
Jaan toh jehdi pyari
Aaj turaya koi kal tur jana
'Sadik' vaar-o-vaari
Othe amla te hone ne navede
Kise nai teri jaat puchni

CamScanner

7:48 am 100%

Khwaja E Khwajgan Lyrics - The Very Best of Nusrat Fateh Ali Khan - Top 50 Essentials

Mein Day Raha Hoon Sada Per Sada Ghareeb Nawaz Khawaja-E-Khawajgan Haami-E-Bekasa Iljita Sun Lo Shah-E-Umam K Liyeah Kerdo Kerdo Karam Murshid-E-Mohtaram

Musixmatch
https://www.musixmatch.com › lyrics

Nusrat Fateh Ali Khan - Bandya Nu Jana Painda Hai Lyrics

Ethe baith kise nahi rehna mela do din da Jo banneya so dhehna mela do din da Ethe bandeya parauna e tu aaya Parauneya nu jaana painda e Ethe kise vi nahi ...

People also search for

- Dulhe Ka Sehra lyrics urdu
- Punjabi Sehra song lyrics
- Dulhe Ka Sehra Lyrics in Hindi
- Dulhe Ka Sehra Suhana lagta hai lyrics in English
- Nusrat Fateh Ali Khan Dulhe Ka Sehra Suhana lagta hai
- Dhadkan dhadkan song lyrics

Navbharat Times
https://navbharattimes.indiatimes.com › ...

CamScanner

7:47 am 100%

twitter.com/thakkar_sam

Sameet Thakkar
@thakkar_sameet · 29 Jul 2022 · Follow

This is Pakistani singer Nusrat Fateh Ali Khan, he got more love in India than in Pakistan thanks to Bollywood.

173 1.6K 3.1K

CamScanner

SHASHWAT TRIPTI
अभी से परलोक
संवारने का प्रयास करो।
तब मृत्यु होगी ही नहीं,
तब तो अमरता प्राप्त हो जाती है।
029 राजा

CamScanner

9:29 am 96%

Swami Lokeshanand
3h ·

एक राज्य में राजवंश समाप्त हो गया था, राज्य का उत्तराधिकार किसे मिलता? तो दशकों से एक बड़ी विचित्र व्यवस्था चली आ रही थी। वे जन सामान्य में से ही किसी को राजा चुनते और पाँच वर्ष बाद उसे दूर घने जंगल में छोड़ देते, जहाँ जंगली जानवर उसे फाड़ कर खा जाते। कौन मरना चाहेगा? इसीलिए अपनी खुशी से कोई राजा न बनता, और जो बनता, वह खाने पीने और मौज करने में ही समय बिता देता।
एक बार एक संतसेवी युवक को राजा बनाया गया। वह तो लोक में ही परलोक का चिंतन करने का अभ्यासी था। उसने गद्दी संभालते ही, मंत्रिमंडल का गठन किया। राज्य को चार भागों में बाँटा, और अपने पाँच योग्य मित्रों को मंत्री चुना।
चार मंत्रियों को राज्य के एक एक भाग का, और पाँचवें मंत्री को उस घने जंगल को व्यवस्थित करने का दायित्व सौंपा गया।
पाँचों ही पूरी कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने लगे। राजा भी निरंतर संपर्क में रहता और गुरू जी से विचार विमर्श करता हुआ, सारी व्यवस्था पर दृष्टि रखता।
पाँचों ही स्थानों पर सड़कों का जाल बिछ गया, भवन और पुल बन गए, सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद हो गई। राज्य तो चमक ही गया, जंगल भी कोई कम नहीं रहा।
योंही पाँच वर्ष बीत गए। राजा को जब जंगल की सीमा पर छोड़ा गया, तब वह अपने गुरूजी, अनेकानेक मित्रों और उनके संबंधी परिजनों के साथ सहर्ष जंगल में प्रवेश कर गया। जहाँ पहले से ही नगर बसा दिया गया था।
शीघ्र ही इसी संतसेवी युवक को पुनः पूरा राज्य सौंप दिया गया।
लोकेशानन्द कहता है कि हमें भी यह मनुष्य शरीर रूपी राज्य कुछ ही समय के लिए मिला है। मृत्यु के भय से, इसे विषय भोग में ही नष्ट मत करो। अभी से परलोक संवारने का प्रयास करो। तब मृत्यु होगी ही नहीं, तब तो अमरता प्राप्त हो जाती है।
लोक भी मिलता है, परलोक भी संवर जाता है।

CamScanner


1:48 pm
79%
Or Chothi Chiz Hai Spritualiy
Conses Hona
7.9K
33
1.1K
Send
Use audio
Pundrik Ji For Youth
Follow
@sripundrik ... more
Rasta Dekhe
Par
Add a comment...

CamScanner


1:48 pm
79%
Tisri Chiz Hai Sincerelity Of Action
7.9K
33
1.1K
Send
Use audio
Pundrik Ji For Youth
Follow
@sripundrik ... more
Kiska Rasta Dekhe
Add a comment...

CamScanner


1:48 pm
79%
Poemantic
Dusri Chiz Hai Purity Of Heart
7.9K
33
Use audio
1.1K
Pundrik Ji For Youth
Follow
Arun Bhattacharya commented: The most important thing he forgot to mention- must stop l...
Send
Kiska Rasta Dekhe
Add a comment...

CamScanner


1:48 pm
79%
Poemantic
Clarity Of Thought
Poemantic
7.9K
33
1.1K
Send
Use audio
Pundrik Ji For Youth
Follow
Arun Bhattacharya commented: The most important thing he forgot to mention- must stop l...
Paras Nath · Kiska Rasta
Add a comment...

CamScanner


1:45 pm
79%
PoV :You like your own company
1.9K
12
112
Send
Jumping Minds - Feel Better
Talk to India's Top rated Therapists, Psc... more
Install now
Sponsored

CamScanner

CamScanner


1:45 pm
79%
FRIENDS
PoV :You like your own company
1.9K
12
112
Send
Jumping Minds - Feel Better
Talk to India's Top rated Therapists, Psc... more
Install now
Sponsored
Add a comment...

CamScanner

1:44 pm
80%
क्या हम लोग...
कल्पनाओं में जी र
हैं..??
Osho jagjeet
लोग कल्पनाओं में जी रहे है!!
OSHO
154
19
Send
Osho Jagjeet
सभी मित्रों को ओशो जगजीत के हृदय से नमन।
sh Stroke by desiwebsite

CamScanner


1:35 pm
82%
मृत्यु का स्वीकार ही मृत्यु
भय से मुक्ति का उपाय
"ओशो"
AIOSHO
ही रहनी है उसका
क्या भय जिस
Give
1.2K
8
200
Swami Sahaj Yogi
Following
Add a comment...

CamScanner

11:04 am 97%

क्योंकि तुम तो मृत्यु का अर्थ एक ही जानते हो..मर जाना, मिट जाना। वह दूसरा अर्थ, कि मृत्यु के बाद एक पुनरुज्जीवन है, वह तो तुम्हें पता नहीं है। वह गुरु को पता होगा, लेकिन उसका पता होना तुम्हारे काम नहीं आ सकता। तुम तो उसके हाथ में छुरी देखकर घबड़ा जाओगे।

तो वह छुरी छिपा कर रखता है। फूलों में ढांकता है। शब्दों और सिद्धांतों में रखता है। शास्त्रों में दबा देता है। वह तुम्हें देखने नहीं देता। वह तुम्हें उसी दिन देखने देगा, जिस दिन तुम्हें इस बोध की थोड़ी सी भनक पड़नी शुरू हो जाएगी, कि मरे बिना महाजीवन नहीं मिलता। मिटे बिना परमात्मा होने का कोई उपाय नहीं। खोना ही पाना है।

जिस दिन तुम राजी हो जाओगे, जैसे सागर में नदी खोने को राजी हो जाती है, गिर जाती है, तो खोती थोड़े ही है! पूरा सागर उसका अपना हो जाता है।

मेरा मुझ में कुछ नहीं

ओशो



CamScanner

11:04 am 97%

पुराना तो गया, नहीं बचा; नये का जन्म हुआ। रात टूट गई, सुबह हुई। अब सुबह का रात से क्या लेना-देना? सुबह का सूरज और सुबह पक्षियों के गीत और आकाश में फैला किरणों का जाल, इससे क्या संबंध है उस अंधेरी रात का, जो अभी-अभी थी? रात तो मर गई। रात में और दिन में कोई सिलसिला थोड़े ही है! राम और दिन किसी एक ही चीज का फैलाव थोड़े ही मालुम होते हैं। दोनों के बीच एक अंतराल है। रात रात है, दिन दिन है।

जब ध्यान गहरा होगा तो तुम अचानक पाओगे कि तुम्हारा जो कल तक था, तुम्हारा अतीत, वह ऐसे ही चला गया, जैसे सुबह रात खो जाती है। और एक नये व्यक्तित्व का जन्म हुआ, एक नई आत्मा बिल्कुल कुंआरी और ताजी पैदा हुई; जिससे तुम अपरिचित थे, जिसे तुमने कभी जाना ही न था। यह द्वार भी है तुम्हारे भीतर। यह तुमने कभी खोला ही न था।

और इस द्वार के भीतर परमात्मा विराजमान है सिंहासन पर। इसकी तुम्हें कभी भनक भी न पड़ी थी। तुम तो अपने घर के बाहर-बाहर जी लिए थे। तुम तो भीतर कभी आए ही न थे। यह जो भीतर आया है, वह बिल्कुल नया है। मृत्यु का यही अर्थ है।

गुरु मृत्यु है; इसका अर्थ है, कि गुरु के पास तुम्हारा अतीत, तुम्हारा जराजीर्ण, तुम्हारा पुराना मरेगा; अभिनव का, अलौकिक का, अज्ञात का जन्म होगा।

यह आत्महत्या होती तो एक क्षण में भी हो जाती। तैयार होना पड़ेगा। यह मृत्यु तुम्हारी तैयारी से आएगी। यह तो तुम्हें अहंकार को छोड़ने की क्षमता आएगी, तभी हो सकती है। यह गुरु के हाथ में नहीं है, कि वह तुम्हें हलाल कर दे या झटके से मार डाले। धीरे-धीरे मारे, या जल्दी मार डाले; यह तुम्हारे हाथ में है। अगर तुम राजी हो, तो एक क्षण में भी गुरु मार डाल सकता है। गुरु को क्या अड़चन है? तुम्हारी देर से ही देर होती है। लेकिन तुम राजी नहीं हो, इसलिए गुरु तुम्हें लुभाता है, समझाता है, बुझाता है, राजी करता है। हजार बातें समझाता है, जिनके बिना समझाए चल जाता। लेकिन तब तुम भाग खड़े होते। तब तुम डर जाते। तब तुम भयभीत हो जाते।

CamScanner

11:04 am 97%

जब गुरु स्वयं शिष्य की मौत ही है, तो झटके से क्यों नहीं मार डालते? हलाल क्यों करते हैं?

कारण है। एक छोटी कहानी से कहूं। एक आदमी दांत के डाक्टर के पास गया। उसका दांत निकाला गया। लेकिन उसने इतना शोरगुल मचाया और इतनी हुल्लड़ की कि बाकी मरीज जो आए थे, वे सब भाग गए। जब डाक्टर ने उसको अपना बिल दिया, तो वह बिल साधारण से आठ गुना ज्यादा था। उस आदमी ने कहा, क्या मजाक कर रहे हो? कभी सुना है, एक दांत निकालने का इतना पैसा? यह तो आठ-दस गुना ज्यादा मालूम पड़ता है।

उस डाक्टर ने कहा कि नहीं, वे जो आठ मरीज भाग गए, उनका पैसा कौन देगा?

तुम्हें एक झटके से तो मार डालूं, मगर और मरीज भाग जाएंगे। ऐसे धीरे-धीरे हलाल करना पड़ता है। और जैसे-जैसे तुम तैयार होते हो, वैसे-वैसे ही मारे जा सकते हो। क्योंकि मृत्यु कोई साधारण घटना नहीं है।

गुरु के पास जो मृत्यु घटित होती है, वह तो परम घटना है। वह तो परम जीवन का द्वार है। उसकी तुम्हारी तैयारी भी तो होनी चाहिए। वह कोई आत्महत्या थोड़े ही है, कि जिसने चाहा, उसने कर ली। आत्महत्या के लिए कोई गुणधर्म तो नहीं चाहिए। कोई भी कूद पड़े पहाड़ से मर जाएगा। पानी में गिर पड़े, डूब जाएगा। कुएं में गिर जाए, मर जाएगा। जहर खा ले।

आत्महत्या तो नहीं है, गुरु के पास जो घटना घटती है, वह तो परम-मृत्यु है। उसको ही तो हमने समाधि कहा है।

यह हमारा शब्द 'समाधि' बड़ा बहुमूल्य है। जब संन्यासी मरता है तो उसकी कब्र को भी हम समाधि कहते हैं। और जब कोई व्यक्ति ध्यान को उपलब्ध होता है तब भी उसको हम समाधि कहते हैं। वह भी एक कब्र बन गई।

CamScanner

divine Osho talk

" आप जैसा सोचते हैं , वैसा ही आपके चरित्र का निर्माण होता है ।
क्योंकि विचार शब्दों के रूप में पैदा होते है और शब्द कर्म में परिवर्तित हो जाते हैं।
फिर कर्म आदतों का विकास करते हैं और आदतें चरित्र का निर्माण करते है ।

ओशो

CamScanner

CamScanner

5:06 pm 58%

तुमने कहानी सुनी है, जिस व्यक्ति ने. गुरुत्वाकषण का सिद्धांत खोजा, न्यूटन ने, वह एक बगीचे में बैठा है और एक सेव का फल वृक्ष पर पक गया और गिरा। उस वृक्ष से गिरते फल को देखकर उसके मन में जिज्ञासा उठी कि हर चीज नीचे की तरफ ही क्यों गिरती है? पत्थर को ऊपर फेंकते हैं, वह भी नीचे लोट आता है। छलाँग लगाओ, छलाँग पूरी भी नहीं हो पाती कि वापिस जमीन पर आ जाते हो। हर चीज जमीन पर लौट आती है। इससे उसने गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत निकाला कि जमीन खींचती है चीजों को अपनी तरफ।

यह अधूरा सिद्धांत है।

अगर मेरा कहीं न्यूटन से मिलना हो जाए तो उससे में कहूँ कि तूने यह प्रश्न तो पूछा, लेकिन इससे भी गहरा प्रश्न यह था कि फल यह ऊपर पहुँचा कैसे? हमने तो बीज बोया था जमीन में, हमने तो गड्ढे में डाला था बीज, फल लगा आकाश में! यह फल चढ़ा कैसे? फल टुटकर गिरता है तो जमीन पर गिरता है, यह सच है। तो इससे एक सिद्धांत तय होता है कि जमीन खींचती है। मगर कोई ताकत होनी चाहिए जो ऊपर की तरफ भी खींचती है, नहीं तो वृक्ष उठेगा ही कैसे?

चमत्कार है वृक्ष का उठना! होना नहीं चाहिए, नियम के अनुकूल नहीं है। और ऊपर की फुनगी तक भी पानी की धार पहुँचती है। कोई पंप भी नहीं लगा हुआ है। ऊपर की आखिरी फुनगी तक जल-गर उठती है–उठना पड़ता है; गुरुत्वाकर्षण के नियम को तोड़कर उठती है।

कोई नीचे की तरफ खींच रहा है, कोई ऊपर की तरफ भी खींच रहा है, तुम कहाँ खिंचोगे, तुम पर निर्भर है। बीज अगर: टूटे न, तो नीचे की तरफ जाएगा बीज अगर टूट जाए तो ऊपर जाएगा। अहंकार अगर टूटे न, तो नीचे की तरफ ले जाता है, नर्क की यात्रा करवाएगा; अहंकार अगर टूट जाए, तो सारा स्वर्ग तुम्हारा है, तुम्हारे लिए प्रतीक्षा कर रहा है-ऊपर की तरफ ले जाएगा। अहंकार टूटे न तो पत्थर है, छाती में लटकी चट्टान है-उड़ोगे कैसे? –अहंकार टूट जाए तो पंख। फिर खूब उड़ान हो सकती है।

ओशो

CamScanner

5:13 pm 56%

Things People Learn Too Late

1. Everything is temporary.
2. Change is the currency of growth.
3. Happiness is a choice.
4. Family matters the most.
5. Health is the ultimate wealth.
6. Habits define your life.
7. The biggest risk is taking no risk.
8. Save and invest early.
9. Don't take everything too personal.
10. Time doesn't wait for anyone.
11. Wisdom often follows mistakes.
12. Failure's tuition: priceless education.

3

2.2K

29

1.5K

Life's Ideal Follow

William Buckley commented: And why are you telling me that I learned it too late? What it's too l

Add a comment

CamScanner


नीत्शे ने
कहीं कहा है कि
आदमी एक सेतु है,
ए ब्रिज,
दो अलग-अलग
पारों को
जोड़ता हुआ।
आदमी एक तनाव है।
या तो पशु हो जाए,
तो सुख को पा ले;
या परमात्मा हो जाए, तो आनंद को पा ले।
लेकिन जब तक आदमी है,
तब तक सुख भी नहीं पा सकता;
तब तक आनंद भी नहीं पा सकता;
तब तक सुख और आनंद के बीच
सिर्फ खिंच सकता है;
एंग्जाइटी और तनाव भर हो सकता है।
ओशो

CamScanner


Last night my master taught
me the lesson of Poverty:
Having nothing and wanting
nothing_
| Rumi

CamScanner

5:41 pm 51%

Posts About Videos Photos More



188 2 comments • 66 shares • 11K views

Like Comment Send Share

नवनीत विचार
25 Nov ·

CamScanner

5:40 pm 51%

Posts About Videos Photos More



94 3 comments • 82 shares • 6.3K views

Like Comment Send Share

नवनीत विचार
2 Dec ·

CamScanner


जिस आदमी के पास
एक चेहरा होता है
उसे कभी तनाव नहीं होता
तनाव सदा उसे होता है
जिसे बार-बार
चेहरे बदलने पड़ते है।
ओशो

CamScanner

गुरु जी का साथ

एक सन्त अपने शिष्य के साथ जा रहे थे , अचानक बारिश तेज हो गई और नदी में पानी बढ़ गया । लौटने का रास्ता एक ही था , जो सकरा सा पुल था उस पर से पानी बह रहा था। गुरु ने शिष्य से कहा मेरा हाथ पकड़ो हम पार कर लेंगे पर शिष्य ने हाथ नहीं पकड़ा ।

गुरु जी के बार-बार कहने पर भी शिष्य नहीं माना तो गुरु ने हाथ पकड़ा और खींचकर नदी के पार ले गए और बोले मै इतनी देर से बोल रहा हूँ मेरा हाथ पकड़ लो तो हाथ क्यों नहीं पकड़ा?

इस पर शिष्य ने बहुत ही प्यारा दिल को छू लेने वाला उत्तर दिया - मेरे गुरूवर , मै बहुत ही कमजोर और दुर्बल हूँ, मुझे खुद पर भरोसा नहीं था, यदि मै हाथ पकड़ता, तो छोड़ सकता था लेकिन मुझे आप पर पूरा भरोसा था कि यदि आपने हाथ पकड़ा तो कभी नहीं छोड़ोगे, इसलिए मैंने हाथ नहीं पकड़ा था।

हम भी दुआ करें के हमारा हाथ हमारे गुरु पकड़ लें क्योंकि यदि गुरु ने एक बार हाथ पकड़ लिया तो मंजिल पर ले जाकर ही छोडेंगे।

CamScanner

5:32 pm 52%

Like Comment Send Share

Osho Golden Wings International

18h ·

9 3 shares • 57 views

Like Comment Send Share

Hungama: Movies Music Podcasts

Sponsored ·

Price Drop Alert! Subscribe Yearly for Rs.399 Now

CamScanner

5:30 pm 53%

कि होना क्या है! उस दीए के बुझते ही उसने कहा, अब हमारे भी घर जाने का वक्त आ गया। तुम जिसे अभी प्रकाश समझ रहे हो, वह प्रकाश नहीं है। और तुम जिसे अभी जल समझ रहे हो, वह जल नहीं है। और जिससे तुम अभी प्यास बुझाने की कोशिश कर रहे हो, उससे प्यास बुझेगी नहीं, बढ़े भला!

एक ही बात का खयाल रखो और प्रतीक्षा करो, कि उसका तीर तुम्हारे हृदय में बिंध जाए। और तुम्हारे नख से लेकर सिर तक विरह की पीड़ा में तुम जल उठो। एक ही प्रार्थना हो तुम्हारी अभी, कि तेरा विरह चाहिए। तेरा निमंत्रण चाहिए। तू बुला। तेरी पुकार चाहिए। एक ही प्रार्थना और एक ही भाव रह जाए, कि उससे मिले बिना कोई सुख, कोई आनंद संभव नहीं है। तो फिर देर न लगेगी बिना हाथों के, बिना प्रत्यंचा और तीर के- उसका तीर सदा ही तैयार है। सदा सधा है, तुम इधर हृदय खोलो, उधर से तीर चल पड़ता है। तुम इधर राजी होओ, उसकी पुकार आ जाती है। कहना मुश्किल है कि उसकी पुकार पहले आती है, कि तुम पहले राजी होते हो~ओशो



CS CamScanner

5:29 pm 53%

अहोभाव

अमीर खुसरो एक बहुत अदभुत कवि हुआ। वह साधारण कवि न था, ऋषि था। उसने जाना था, वही गाया है। और खूब गहराई से जाना था। उसके गुरु थे निजामुद्दीन औलिया, एक सूफी फकीर। निजामुद्दीन औलिया की मृत्यु हुई, तो हजारों भक्त आए। अमीर खुसरो भी गया अपने गुरु को देखने। लाश रखी थी, फूलों से सजी थी। अमीर खुसरो ने देखी लाश, और कहा,

"गौरी सोवत सेज पर
मुख पर डारे केश
चले खुसरो घर आपने
रैन भई यह देश"

खुसरो ने कहा, "गौरी सोवत सेज पर मुख पर डारे केश।" यह गोरी सो रही है सेज पर। मुख पर केश डाल दिए गए। "चल खुसरो घर आपने-अब यह वक्त हो गया, अब रोशनी चली गई इस संसार से, अब यहां सिर्फ अंधकार है। "चल खुसरो घर आपने रैन भई यह देश। यह देश अब अंधेरा हो गया, रात हो गई।

और कहते हैं, यह पद कहते ही खुसरो गिर पड़ा और उसने प्राण छोड़ दिए। बस, यह आखिरी पद है, जो उसके मुंह से निकला। तुमने जिसे रोशनी जानी है, वह रोशनी नहीं है। खुसरो ने रोशनी देख ली थी निजामुद्दीन औलिया की। उस रोशनी के जाते ही सारा देश अंधकार हो गया-रैन भई इस देश। चल खुसरो घर आपने। अब हम भी अपने घर चलें, अब वक्त-अब यहां कुछ रहने को बचा न।

खुसरो ने निजामुद्दीन औलिया में जीवन का दीया पहली दफा देखा। जाना कि जीवन क्या है! पहचाना, प्रकाश क्या है! होश में आया, कि होना क्या है! उस दीए के बुझते ही उसने कहा, अब हमारे भी घर जाने का वक्त आ गया। तुम जिसे अभी प्रकाश समझ रहे हो, वह प्रकाश नहीं है। और तुम जिसे अभी जल समझ रहे हो, वह जल नहीं है। और जिससे तुम अभी प्यास बुझाने की कोशिश कर रहे हो, उससे प्यास बुझेगी नहीं, बढ़े भला!

एक ही बात का खयाल रखो और प्रतीक्षा करो, कि उसका तीर तुम्हारे हृदय में बिंध जाए। और तुम्हारे नख से लेकर सिर तक विरह की पीड़ा में तुम जल उठो। एक ही प्रार्थना हो तुम्हारी अभी, कि तेरा विरह

CamScanner



CamScanner

कुछ भी हो जाए, कितनी ही उत्तेजनाएं आएं और शैतान कितना ही हमारे गले को गुदगुदाए, कि कितने ही निकलें पुलिस वाले और सिपाही और संन्यासी, मगर हम आंख बंद किए, अंधेरी गलियों में छिपे हुए, नालियों में दबे हुए पड़े रहेंगे। एक दफा तो अपने गुरु को यह भरोसा आ जाए कि हमने भी तेरी बात सुनी और मानी।

गुरु निकला शाम से, जो उसका काम था कि कोई मिल जाए कुत्ता भौंकते हुए और वह पकड़े, दे उपदेश, पिलाए वही घोंटी। मगर कोई न मिला, बारह बज गए, रात हो गई आधी, सन्नाटा छाया हुआ है! सदगुरु बड़ा परेशान हुआ। उसने कहा, हरामजादे गए कहां! कमबख्त! कोई मिलता ही नहीं।

वह तो बेचारा समझा-समझा कर अपनी खुजलाहट निकाल लेता था। आज समझाने को भी कोई न मिला। एकदम गले में खुजलाहट उठने लगी। जब कोई कुत्ता न दिखा और सब कुत्ते नदारद, तो पहली दफा उसकी नजर सिपाहियों पर गई, पोस्टमैनों पर गई, संन्यासी चले जा रहे! बड़े जोर से जीवन भर का दबा हुआ एकदम उभर कर आने लगा। बहुत रोका, बहुत संयम साधा, बहुत राम-राम जपा, मगर कुछ काम न आए। नहीं रोक सका, एक गली में जाकर भौंक दिया।

उसका भौंकना था कि सारे गांव में क्या भुकभाहट मची, क्योंकि बाकी कुत्तों ने सोचा कोई गद्दार दगा दे गया। जब एक ने दगा दे दिया, हम क्यों पीछे रहें? अरे, हम नाहक दबे-दबाए पड़े हैं! सारे कुत्ते भौंकने लगे। ऐसी भौंक कभी नहीं मची थी। और सदगुरु वापस लौट आया! तीर्थंकर वापस आ गया! उसने कहा, अरे कमबख्तो! कितना समझाया, मगर नहीं, तुम न मानोगे। तुम अपनी जात न बदलोगे। तुम्हारा रोग न जाएगा। फिर भौंक रहे हो। इसी भौंकने में कुत्ते की जातियों का ह्रास हुआ। इसी में हम बरबाद हुए। नहीं तो आज आदमी के गले में पट्टे बांध कर घूमते होते। आ गया कलियुग! क्यों भौंक रहे हो?

फिर बेचारे कुत्ते पूंछ दबा कर चले कि क्या करें! क्या करें! छूटता ही नहीं। आज तो बहुत पक्का कर लिया था छोड़ने का, लेकिन कोई गद्दार दगा दे गया। पता नहीं कौन गद्दार है, किस धोखेबाज ने, किस बेईमान ने भौंक दिया!

सांच-सांच सो सांच(प्रवचन-7)

संकलन-रामजी🙏🌹🌹

CamScanner

5:26 pm 53%

खलील जिब्रान की प्रसिद्ध कहानी है। एक कुत्ता बाकी कुत्तों को समझाता था कि देखो भौंको मत, बेकार मत भौंको। बेकार भौंकने के कारण ही कुत्तों की जाति बरबाद हुई। और जब तक हम बेकार ही भौंकते रहेंगे, शक्ति व्यय होगी। और जब शक्ति भौंकने में ही व्यय हो जाएगी तो और क्या खाक करोगे? अरे, पिछड़े जा रहे हो! आदमियों तक से पिछड़े जा रहे हो!

कुत्तों को बात तो जंचती, कि बात तो सच है; मगर बेचारे कुत्ते आखिर कुत्ते हैं, बिना भौंके कैसे रहें। एकदम चांद निकल आए और कुत्ते बिना भौंके रह जाएं! सिपाही निकले और कुत्ते बिना भौंके रह जाएं! पोस्टमैन निकले, एकदम खरखरी उठती है। संन्यासी को देख लें...। कुत्ते वर्दी के खिलाफ, बड़े दुश्मन! वर्दीधारी देखा कि फिर उनसे नहीं रहा जाता। फिर सब संयम का बांध टूट जाता है। यम-नियम-प्राणायाम इत्यादि सब भ्रष्ट हो जाते हैं। फिर तो वे कहते, अब देखेंगे कल, अभी तो भौंक लें। अभी तो ऐसा मजा आता है भौंकने में!

मगर यह कुत्ता भी ठीक कहता था। इसको लोग पूजते थे कि यह अवतारी पुरुष है। ऐसा कुत्ता ही नहीं देखा जो खुद तो भौंकता ही नहीं, दूसरों को भी नहीं भौंकने देता। अदभुत है!

ऐसे वर्षों आए और गए और उपदेशक समझाता रहा और सुनने वाले सुनते रहे सिर झुका कर कि अब क्या करें, मजबूरी है, पापी हैं हम! मगर यह आदमी तो बड़ा पहुंचा हुआ है! यह कुत्ता कोई साधारण कुत्ता नहीं। यह तो सीधा आकाश से ही आया है, ईश्वर का ही अवतार होना चाहिए। न भौंके। कभी नहीं किसी ने उसको भौंकते देखा। उसका आचरण बिलकुल शुद्ध था, विचार के बिलकुल अनुकूल था। जैसा बाहर वैसा भीतर। संतों में उसकी गिनती थी।

लेकिन एक रात कुत्तों ने तय किया कि अपना गुरु कितना समझाता है और अब उसका बुढ़ापा भी आ गया है, एक दफा तो अपन ऐसा करें कि एक रात तय कर लें। अमावस की रात आ रही है कल। कल रात चाहे कुछ भी हो जाए, कितनी ही उत्तेजनाएं आएं और शैतान कितना ही हमारे गले को गुदगुदाए, कि कितने ही निकलें पुलिस वाले और सिपाही और संन्यासी, मगर हम आंख बंद किए, अंधेरी गलियों में छिपे हुए, नालियों में दबे हुए पड़े रहेंगे। एक दफा तो अपने गुरु को यह भरोसा आ जाए कि हमने भी तेरी बात सुनी और मानी।

गुरु निकला शाम से, जो उसका काम था कि कोई मिल जाए कुत्ता

CamScanner

कबीर कहते हैं: “खाऊं-पिऊं सो सेवा, उठूं-बैठूं सो परिक्रमा।’ {Oshoravi}

CamScanner

5:24 pm 54%

।।ओशो नमन।।

भोजन करो तो ऐसे ही करो जैसे भगवान को ही भोग लगा रहे हो। भोजन तो तुम ही कर रहे हो लेकिन अंततः तो भगवान को ही लग रहा है भोग। वही तो तुम्हारे भीतर आकर भूख बना। उसी ने तो तुम्हारी भूख जगाई। वही तो तुम्हारे भीतर भूखा है। उसके लिए ही तो तुम भोजन दे रहे हो। रस जगाओ। एकाग्रता की बात मत उठाओ। रस का सहज परिणाम एकाग्रता है। जो करते हो उसे रसपूर्ण ढंग से करो। उसमें डुबकी लो। छोटे और बड़े काम नहीं हैं दुनिया में। जिस काम में तुम डुबकी ले लो, वही बड़ा हो जाता है। बुहारी लगाने में डूब जाओ, वही बड़ा हो जाता है।

कबीर कहते हैं: "खाऊं-पिऊं सो सेवा, उठूं-बैठूं सो परिक्रमा।' मेरा उठना बैठना ही उस परमात्मा की परिक्रमा है। और जो मैं खाता-पीता हूं, यही उसकी सेवा है। रस!

मेरे देखे अधिक लोगों के जीवन का कष्ट यही है कि वे जीवन में कहीं भी रस नहीं ले रहे हैं। जो भी कर रहे हैं, बेमन से कर रहे हैं। कर रहे हैं क्योंकि करना है। खींच रहे हैं। जैसे बैलगाड़ी में जुते बैल; ऐसा जीवन को खींच रहे हैं। नाचते हुए, उमंग से भरे हुए नहीं।

अगर तुम कोई ऐसे काम में लगे हो, जिसमें तुम रस ले ही नहीं सकते तो बदलो वह काम। कोई काम जीवन से ज्यादा मूल्यवान नहीं है। अक्सर ऐसा हुआ है, हो रहा है कि लोग ऐसे काम में उलझे हैं जो उनमें रस नहीं जगाता। किसी को कवि होना था, वह जूते बेच रहा है, बाटा की दुकान पर बैठा है। और जिसको बाटा की दुकान पर बैठना था, वह कविता कर रहा है। तो उसकी कविता में जूते की पालिश की गंध आती। आएगी ही।

लोग वहां हैं, जहां उन्हें नहीं होना था। और यह विकृति के कारण है। क्योंकि तुमने कभी अपने सहज भाव को तो खोजा नहीं। किसी के पिता ने कहा कि दुकान करो। इसमें ज्यादा लाभ है। किसी के पिता ने कहा, डाक्टर बन जाओ। किसी की मां को खयाल था, बेटा इंजीनियर बने। परिवार को धुन थी कि बेटा नेता बने।

तो सब धक्का दे रहे हैं एक दूसरे को कि यह बन जाओ, वह बन जाओ।

CamScanner

ओशो रजनीश
Aadi Yogi · 6h

Aadi Yogi
2d

2.5 hrs.

20 मिनट प्रतिदिन ध्यान करने से तनावरहित जीवन के अलग आयाम में प्रवेश हो जाता है ।
शिवोहम ,एक ओमकार ॐ ,अद्वैत अनाहद नाद स्वरूप को मेरा प्रणाम
आदि 🥰🧘🙏
यदि ध्यान मेडिटेशन में इन्टरेस्ट है तो पीछली पोस्ट पढ़े और अपने जीवन को नई दिशा दे ।
यदि किसी को study, job, business,health & relationship में कोई समस्या है तो फॉलो करके हमारे एक्सपर्ट्स की काउंसलिंग ले
Team Online Job Training expert book



4 · 2 comments • 2 shares • 4K views

Like · Comment · Send · Share

CamScanner

7:49 am 28%

2h ·

एक नवविवाहित समुराई योद्धा, अपनी पत्नी के साथ, प्रसन्नता पूर्वक, एक नदी में, नौका विहार कर रहा था। कि अचानक बहुत भयंकर तूफान आया।
बड़ी बड़ी लहरें उस नौका से टकराने लगीं और नौका जोर से हिचकोले खाने लगी।
नौका डूबने के विचार से, मृत्यु सम्मुख देख कर, वह नवयुवती थर थर काँपने लगी और उस समुराई से चिपक गई।
समुराई योद्धा ने, अपनी पत्नी का हाथ पकड़ा, और झटके से अपने से दूर हटा कर, अपनी तलवार निकाली और उस युवती के गले पर टिका दी।
युवती ने हैरान होकर, समुराई की आँखों में झाँका, और अचानक ही हंसने लगी।
समुराई ने कहा- मेरी तलवार तेरी गर्दन पर टिकी है, मेरा हाथ हिला कि तेरे प्राण गए। फिर भी तूं हंसती है, डरती नहीं है। क्या अब तुझे मृत्यु का भय नहीं है?
वह युवती बोली- हाँ मैं हंसती हूँ, मुझे इस तलवार से मृत्यु का भय नहीं है, क्योंकि मैं जानती हूँ कि तलवार मेरे प्रेमी के हाथ में है। मैं तलवार नहीं देखती, तलवार जिस हाथ में है, वह हाथ देखती हूँ।
समुराई ने तलवार म्यान में रखी, और प्रेमपूर्वक उस के पास बैठ गया। उसका हाथ पकड़ा और कहने लगा- जब तूं तलवार नहीं देखती, तब तूफान क्यों देखती है? क्या तूं नहीं जानती कि तूफान किसके हाथ में है? तुझे मेरे हाथ पर भरोसा है, उस परमात्मा पर भरोसा नहीं है?
नवयुवती मुस्कुराई, उसका भय और कंपन मिट गया, और अब वह शांतचित्त होकर बैठी रही।
कुछ ही समय में तूफान भी शांत हो गया।
लोकेशानन्द कहता है कि हम जगत पर तो भरोसा करते हैं, जगदीश पर भरोसा नहीं करते। यदि हमें जगदीश पर भरोसा हो जाए, तो प्रलय की अग्नि में भी हमारा चित्त कंपायमान न हो। क्या हम नहीं जानते-
"जाको राखे साँइया मार सके ना कोय।
बाल ना बाँका कर सके जो जग बैरी होय॥"



CamScanner

हम जगत पर तो भरोसा करते हैं,
जगदीश पर भरोसा नहीं करते।
यदि हमें जगदीश पर
भरोसा हो जाए, तो
प्रलय की अग्नि में भी
हमारा चित्त कंपायमान न हो।
031 समुराई योद्धा
SHASHWAT ATRIPTI

CamScanner



CamScanner

4:31 pm · VoLTE 4G R 29%

जिन ऋषियों को गंगा में परमात्मा दिखा, वे कोई आप जैसे गंगा के तीर्थयात्री नहीं थे, कि गए, और दो पैसे वहां फेंके, और पंडे से पूजा करवाई, और भाग आए अपने पाप गंगा को देकर! जिन्होंने अपने पुण्य गंगा को नहीं दिए, वे गंगा को कभी नहीं जान पाएंगे। पाप भी देकर कहीं कोई जान पा सकता है?

इसलिए हमारे लिए गंगा एक नदी है। हम कितना ही कहें कि पवित्र है, हम भीतर जानते हैं कि बस नदी है। हम कितना ही कहें, पूज्य है, लेकिन सब औपचारिक है।

लेकिन जिन्होंने वर्षों—वर्षों गंगा के तट पर रहकर उसके जीवन की धार से अपनी जीवन की धार मिला दी होगी, उनको पता चला होगा। तब किसी भी गंगा के किनारे पता चल जाएगा। तब किसी खास गंगा के किनारे ही जाने की जरूरत नहीं है, तब कोई भी नदी गंगा हो जाएगी और पवित्र हो जाएगी।

संवेदनाएं उधार नहीं मिलती। लेकिन बुद्धि उधार मिल जाती है। हमारे विश्वविद्यालय, विद्यालय बुद्धि को उधार देने का काम कर रहे हैं। बुद्धि उधार मिल जाती है, शब्द उधार मिल जाते हैं, संवेदनाएं स्वयं जीनी पड़ती हैं। और इसीलिए तो हम संवेदनाओं से धीरे— धीरे टूट गए। क्योंकि हम इतने उधार हो गए हैं कि जो उधार मिल जाए, बाजार से खरीदा जा सके, वह हम खरीद लेते है। जो उधार मिल जाए, वह हम ले लेते हैं, चाहे जिंदगी ही उसके बदले में क्यों न चुकानी पड़े। लेकिन जो खुद जानने से मिलता है, उतनी झंझट, उतना श्रम कोई उठाने को तैयार नहीं है।

तो हमने धीरे— धीरे जीवन के सब संवेदनशील रूप खो दिए। और उन्हीं की वजह से हमें पता नहीं चलता कि परमात्मा भी पुकारता है, वह भी आता है, वह भी हम से मिलने को आतुर है। चारों तरफ से उसके हाथ हमारी तरफ आते हैं, लेकिन हमें संवेदनहीन पाकर वापस लौट जाते हैं। जो व्यक्ति अपनी संवेदना के सभी द्वार खुले रख दे, उस व्यक्ति को, परमात्मा भी मुझसे मिलने को आतुर है, इसका पता चलेगा।

🪷आचार्य रजनीश "ओशो"🪷

🙏❤️🙏

CamScanner

4:31 pm VoLTE 4G R 29%

ओशो का हिन्दी साहित्य

Virendra Kumar · 26m ·

हरमन हेस ने किताब लिखी है, सिद्धार्थ। उसमें सिद्धार्थ एक पात्र है, वह नदी के किनारे वर्षों रहता है, नदी को अनुभव करता है। कभी नदी जोर में होती है, तूफान होता है, आधी होती है, तब नदी का एक रूप प्रकट होता है। कभी नदी शांत होती है, मौन होती है, लीन होती है अपने में, लहर भी नहीं हिलती है, तब नदी का एक और ही रूप होता है। कभी नदी वर्षा की नदी होती है, विक्षिप्त और पागल, सागर की तरफ दौड़ती हुई, उन्मत्त। तब नदी में एक उन्माद होता है, एक मैडनेस होती है, उसका भी अपना आयाम है, अपना अस्तित्व है। और कभी धूप आती है, गर्मी के दिन आते हैं, और नदी सूख जाती है, क्षीण हो जाती है; दीन—दुर्बल हो जाती है, पतली, एक नदी की चमकती धार ही रह जाती है। तब उस नदी की दुर्बलता में, उस नदी के मिट जाने में कुछ और है।

धीरे—धीरे सिद्धार्थ उस नदी के किनारे रहते—रहते नदी की वाणी समझने लगता है। धीरे— धीरे नदी के भाव समझने लगता है, मूड समझने लगता है। नदी कब नाराज है, नदी कब खुश है, कब नदी नाचती है और कब नदी उदास होकर बैठ जाती है! कब दुखी होती है, कब संतप्त होती है, कब प्रफुल्लित होती है, वह उसके सारे स्वाद, उसके सारे अनुभव, नदी की अंतर्व्यथा और नदी का अंतर्जीवन, नदी की आत्मकथा में डूबने लगता है।

धीरे—धीरे नदी उसके लिए बड़ी शिक्षक हो जाती है। वह इतना संवेदनशील हो जाता है कि वह पहले से कह सकता है कि आज सांझ नदी उदास हो जाएगी। वह पहले से कह सकता है कि आज रात नदी नाचेगी। वह पहले से कह सकता है कि आज नदी कुछ गुनगुना रही है, आज उसके प्राणों में कोई गीत है। वर्षों—वर्षों नदी के किनारे रहते—रहते, नदी और उसके बीच जीवंत संबंध हो जाते हैं।

तब नदी ही परमात्मा हो जाएगी। इतनी संवेदना अगर आ जाए, तो अब किसी और परमात्मा को खोजने जाना न पड़ेगा।

जिन ऋषियों को गंगा में परमात्मा दिखा, वे कोई आप जैसे गंगा के

CamScanner

CamScanner

9:49 pm 29%



ओशो - जीवन-मृत्यु

दिनेश कौशिक · 51m

एक बार झेन भिक्षु! रिंझाई, बाज़ार से गुजर रहा था, वह एक कसाई की दुकान के पास से गुजरा, और एक ग्राहक को दुकानदार से यह कहते हुए सुना;- "तुम्हारे पास जो सबसे अच्छा मांस हो! वह मुझे दे दो।"

कसाई ने कहा, “क्या बकवास है! मैं कभी भी ऐसी कोई चीज़ नहीं बेचता जो सर्वोत्तम न हो। यहां सब कुछ बेहतरीन है।”

और कहते हैं, यह सुनकर रिंझाई को ज्ञान हो गया।

जैसे ही उसने यह सुना - "यहाँ, सब कुछ बेहतरीन है" - इससे उसके मन में कुछ टूट गया। एक शुद्ध पारदर्शी भेदी अंतर्दृष्टि - सब कुछ सर्वोत्तम है!... और उसे कुछ एहसास हुआ।

संपूर्ण अस्तित्व ऐसा ही है। यह कभी भी सर्वश्रेष्ठ से कम नहीं है।

और उसने नृत्य किया, और जब वह मठ में वापस आया, तो उसके गुरु ने बिना कुछ कहे-सुने ही सीधे उसे गले लगाया और कहा, “तो! – तो ऐसा हुआ है। अब मुझे पूरी कहानी बताओ कि यह कैसे हुआ।”

रिंझाई ने कहा, “यह हास्यास्पद है। यह एक कसाई को अपने ग्राहक से कुछ कहते हुए सुनने से हुआ।”

ओशो..

CamScanner

9:30 am 74%

Swami Lokeshanand
4h ·

पुराने समय की बात है, एक शिक्षार्थी को अपनी शिक्षा पूरी होने पर, गुरूजी के दरवाजे से, अपने घर जाना था।
अकेले जाना था, रेल का समय रात दो बजे का था और रेलवे स्टेशन वहाँ से दस मील दूर था। तो वह लड़का अंधेरा होते ही निकला। जंगल का मामला था, सुनसान रास्ता था और अंधेरा भी था, तो गुरूजी ने उसे अपनी पुरानी लालटेन पकड़ा कर विदा किया।
वह लड़का कुछ ही कदम चला होगा कि वापस लौट आया, और बोला- गुरूजी! आप अपनी लालटेन अपने पास ही रख लें, क्योंकि वैसे भी इसका कोई लाभ तो है नहीं। लम्बा रास्ता है। और लालटेन की रोशनी दो ही कदम तक पड़ती है। इतने से प्रकाश से, इतना लम्बा रास्ता कैसे तय होगा?
गुरूजी ने मुस्कुराते हुए पूछा- तुम एक बार में कितने कदम चलते हो?
लड़का- एक बार में तो एक कदम ही चलना होता है गुरूजी।
गुरूजी बोले- तब परेशानी क्या है? यह दो कदम रास्ता दिखाती है, तुम एक कदम चलते हो। यह फिर दो कदम दिखा देगी, तुम एक कदम फिर चल देना। योंही दो कदम आगे देखते देखते, एक एक कदम चलते रहना, रास्ता तय हो जाएगा।
लड़का बात समझ गया और इसी प्रकार लालटेन का उपयोग कर अपनी मंजिल पर पहुँच गया।
लोकेशानन्द कहता है कि हम भी उस लड़के जैसे ही हैं। हम भी घर से निकलने से पहले ही मंजिल तक का पूरा रास्ता देख लेना चाहते हैं। हम कमियाँ निकालते हैं, बहस करते हैं, सैंकड़ों सवाल पूछते हैं, हजार शंकाएँ उठाते हैं, लाख इंतजाम करना चाहते हैं, पर चलते एक कदम भी नहीं।
ध्यान दें! अपने कदम की लम्बाई पर ध्यान न देकर, रास्ते की लम्बाई का चिंतन करने वाला, कभी मंजिल नहीं पाता।

CS CamScanner


अपने कदम की लम्बाई
पर ध्यान न देकर,
रास्ते की लम्बाई का
चिंतन करने वाला,
कभी अपनी मंजिल
नहीं पाता।
032 पुरानी लालटेन

CamScanner


6:00 pm
53%
"Life becomes more meaningful whe
you realize the simple fact that you wil
never get the same moment twice"

CamScanner



CamScanner



CamScanner


OSHO
सोचो, थोड़ा प्रयोग करो। जैसा रखे, रहो।
अपनी तरफ से तुमने बहुत कोशिश करके भी
देख ली, क्या हुआ? तुम वैसे के वैसे हो।
जैसा उसने भेजा था
Give

CamScanner

4:10 pm
68%
कुछ भी असम्भव नहीं
होता या तो आपकी संगत
बुरी है या फिर आपकी
सोच छोटी है!
17K
22
451
Send
Hindi health gyaan
Follow
Viral trend
Add a comment...

CamScanner

4:07 pm
68%
जिवन मे सबसे बड़ा गुरू
वक्त होता है 💯
क्यों की जो वक्त हमें सिखा देता। है
वो दुनिया में कोई गुरु नहीं सिखा
सकता है
1
36K
91
4.7K
Prithivi Kumar Ray Pk
Follow
Ashish Girdher commented: Jevan ka sabse bada guru agar waqt hai to waqt janam maran ke bare ...

CamScanner



CS CamScanner

Do not expect

Do not ask favours

Don’t say anything

Just do your best

CamScanner



CamScanner



CamScanner

5:36 pm VoLTE 4G R 43%

बड़ी ही रोचक और महत्वपूर्ण कथा है। एक बहुत ही कामी और महत्वाकांक्षी राजा था। श्रोण उसका नाम था। उसकी संगीत में बहुत रुचि थी और वह स्वयं भी उच्च कोटि का वीणावादक था।
एक दिन श्रोण ने महात्मा बुद्ध को देखा। उनकी शांति, सौम्यता, रहस्यमयी मुस्कान और सुंदरता ने श्रोण के हृदय में जगत के विषयों से वैराग्य उत्पन्न कर दिया। और अपना राज पाट छोड़ कर वह उनका शिष्य हो गया।
कुछ ही समय बीता कि बुद्ध के पास श्रोण की बहुत शिकायतें आने लगी। बड़ा विचित्र था श्रोण। सभी भिक्षु प्रतिदिन भिक्षाटन को जाते, वह तीन दिन में एक बार जाता। सभी भिक्षु प्रतिदिन तीन समय भोजन करते, वह तीन दिन में एक बार करता। अन्य भिक्षु धूप से बचते और छाया में चलते, वह छाया से बचता और धूप में चलता। इतने ही दिनों में उसकी देह क्षीण हो चली थी।
भगवान बुद्ध श्रोण के पास आए। श्रोण चरणों में गिरा, उन्हें आसन पर बैठा कर, स्वयं भूमि पर बैठ गया।
बुद्ध ने श्रोण पर प्रेमपूर्ण दृष्टि डाली और पूछा- श्रोण! वीणा का तार बहुत ढीला हो, तो कैसा संगीत निकलता है?
श्रोण- भगवान! तार ढीला हो तो संगीत नहीं निकलता।
बुद्ध ने पुनः पूछा- श्रोण! वीणा का तार बहुत कसा हो, तो कैसा संगीत निकलता है?
श्रोण- भगवान! तार बहुत कसा हो तो भी संगीत नहीं निकलता। तब तो छूते ही तार टूट जाएगा।
बुद्ध उठे, और बाहर चले गए। श्रोण को जीवन का उपदेश मिल गया।
लोकेशानन्द कहता है कि हमें भी यह उपदेश समझना चाहिए।
"कईं तेज राह भटक गए, कईं सुस्त हो गए लापता।
जो उनके चरणों में झुक गए, उन्हें आके मंजिल ने पा लिया॥"
जो चला ही नहीं, उसकी तो बात ही मत छेड़ो, यहाँ बहुत तेज चलने वाला भी भटक जाता है। उसे मंजिल नहीं मिलती।
जो सहज चलता है, सरलता बनाए रखता है, निरंतर मध्य में रहता है, वह पहुँच जाता है। और ऐसा भी नहीं है कि उसे अधिक चलना पड़ता है, मंजिल ही उसकी ओर सरक आती है।

CamScanner


"कईं तेज राह भटक गए,
कईं सुस्त हो गए लापता।
जो उनके चरणों में झुक गए,
उन्हें आके मंजिल
ने पा लिया॥"
033 वीणा का तार

CamScanner

6:59 pm VoLTE 4G R 17%

facebook

Like Comment Send Share

अपो दीपो भव

31m ·

यह अपूर्व सूत्र है...........

कि अगर तुम निश्चिंत होना चाहो, तो छोटा-सा काम है बस; जरा-सी तरकीब है; जरा-सी कला है--और कला यह है: ....

अपने को हटा लो और परमात्मा को करने दे जो कराए।
कराए तो ठीक, न कराए तो ठीक।
पहुंचाए कहीं तो ठीक, न पहुंचाए तो ठीक।
तुम सारी चिंता उस पर छोड़ दो।
जिस पर इतना विराट जीवन ठहरा हुआ है,
चांदत्तारे चलते हैं, ऋतुएं घूमती हैं, सूरज निकलता है, डूबता है; इतना विराट जीवन का सागर, इतनी लहरें जो सम्हालना है, तुम्हारी भी छोटी लहर सम्हाल लेगा।

अपो दीपो भव

Like Comment Send Share

CamScanner

6:58 pm VoLTE 4G R 17%

क्या होगा मुझे दस हजार लोग प्रभावित हों कि दस करोड़ लोग प्रभावित हों। इससे होगा क्या? उनको प्रभावित करके मैं क्या पा लूंगा। अज्ञानियों की भीड़ को प्रभावीत करने की इतनी उत्सुकता अज्ञान की खबर देती है। राजनेता दूसरों को प्रभावित करने में उत्सुक होता है समझ में आता है; लेकिन धार्मिक व्यक्ति क्यों दूसरों को प्रभावित करने में उत्सुक होगा?

जब भी तुम दूसरों को प्रभावित करना चाहते हो, तब एक .बात याद रखना कि तुम आत्मस्थ नहीं हो। दूसरे को प्रभावित करने का अर्थ है कि तुम अहंकारस्थित हो। अहंकार दूसरे के प्रभाव को भोजन की तरह उपलब्ध करता है; उसी पर वह जीता है। जितनी आंखें मुझे पहचान लें, उतना मेरा अहंकार बड़ा होता है। अगर सारी दुनिया मुझे पहचान ले, मेरा अहंकार सर्वोत्कृष्ट हो जाता है। कोई मुझे न पहचाने गांव से निकलूं सड़क से गुजरूं, कोई देखे न, कोई रेकगनीशन नहीं, कोई प्रत्यभिज्ञा नहीं; किसी की आंख में झलक न आये, लगे ऐसा जैसा कि मैं हूं ही नहीं बस, वहां अहंकार को चोट है।

अहंकार चाहता है कि दूसरे ध्यान दें। यह बड़े मजे की बात है अहंकार ध्यान नहीं करना चाहता; दूसरे उस पर ध्यान करें.., सारी दुनिया उसकी तरफ देखे, वह केंद्र हो जाए।

धार्मिक व्यक्ति, दूसरा मेरी तरफ देखे, इसकी फिक्र नहीं करता; मैं अपनी तरफ देखूं क्योंकि अंततः वही मेरे साथ जाएगा। राह तो बच्चों की बात हुई। बच्चे खुश होते हैं कि दूसरे उनकी प्रशंसा करें। सटाफिकेट घर लेकर आते हैं तो नाचते—कूदते आते हैं। लेकिन बुढ़ापे में भी तुम सर्टिफिकेट मांग रहे हो तब तुमने जिंदगी गंवा दी! सिद्धि की आकांक्षा दूसरे को प्रभावित करने में है। धार्मिक व्यक्ति की वह आकांक्षा नहीं है। वही तो सांसारिक का स्वभाव है।

शिव सूत्र

ओशो

CamScanner



CamScanner

6:56 pm 18%

और वह बाकी के बच्चों जैसा भी नहीं रह गया था, वह अलग ही व्यक्तित्व पैदा कर पाने में सक्षम हो रहा था। उसे खेल-कूद में कोई रस न था। जब बाकी बच्चे खेलते, वह दूर कहीं रेगिस्तान में जाकर गोल-गोल घूमता रहता। यह अनुभव उसके लिए इतना आनंददायी था कि उसे किसी और चीज की सुध ही न थी। लेकिन उसे यह नहीं पता था कि यह कोई आध्यात्मिक विधि है या इसका बुद्धत्व से कोई लेना देना है।

जब वह जवान हुआ, तो कई गुरु उसमें उत्सुक हो गए- उसके गुणों को देखते हुए। वह कुछ अनूठा ही व्यक्ति था। वह बुद्धत्व के ठीक कगार पर खड़ा था, और उसे पता भी नहीं था- वह तो सत्य को खोज भी नहीं रहा था। वह तो बस इस विधि को कर रहा था। और इसे उसने जारी रखा।

और एक दिन उसने निर्णय लिया कि वह अपनी पूरी ताकत लगाकर जितनी देर तक घूम सकता है घूम कर देखेगा। जब थोड़ा-थोड़ा घूमने से ही इतने सुंदर अनुभव हो रहे हैं तो उसने सोचा, यदि मैं घूमता ही चला जाऊं, घूमता ही चला जाऊं तो न जाने क्या होगा! वह छत्तीस घंटे तक, दिन-रात, बिना रुके घूमता रहा। और जब छत्तीस घंटे बाद वह जमीन पर गिरा तो वह अलग ही व्यक्ति था, उसमें से एक अलग ही प्रकाश झर रहा था।

उसने एक परंपरा शुरू की, जो पिछले बारह सौ वर्षों से क्रियाशील है। उसकी परंपरा में सूफी दरवेश गोल-गोल घूमकर नृत्य करते हैं। उनके पास केवल एक ही विधि है- और कोई विधि वे नहीं जानते।

उनके पास कोई शास्त्र नहीं है, केवल रूमी की कुछ कविताएं हैं- वह बहुत सुंदर कविता करता था। तो इन दरवेशों के पास रूमी की कविताएं और एक विधि है, गोल-गोल घूमने की।

और केवल इस एक विधि के द्वारा इन बारह सौ वर्षों में न जाने कितने लोग परम घटना को उपलब्ध हुए हैं। पर यह परंपरा रूमी के द्वारा शुरू की गई थी, जो सत्य को खोज भी नहीं रहा था।

ओशो ।

CamScanner

6:56 pm VoLTE 4G R 18%

जलालुद्दीन रूमी को एक बड़ी ही विचित्र विधि से बुद्धत्व प्राप्त हुआ, जो उसने बचपन में सहज ही सीख ली थी *गोल घूमना।*
सभी बच्चों को गोल घूमने में मजा आता है, क्योंकि सामान्यतः *तुम्हारा शरीर और तुम्हारे प्राण एक जगह केंद्रित हैं।* लेकिन जब तुम गोल घूमना शुरू करते हो और तेज से तेज घूमते चले जाते हो, तो शरीर तो घूमता चला जाता है और *एक खास गति पर तुम्हारी चेतना उसके साथ कदम से कदम मिलाकर नहीं चल सकती।*

तो तुम्हारी चेतना उस पूरे चक्रवात का केंद्र बन जाती है; शरीर घूमता चला जाता है और चेतना बिना हिले एक जगह केंद्रित रहती है।

संसार भर में सभी बच्चे ऐसा करते हैं, लेकिन माता-पिता को डर लगता है कि वे गिर जाएंगे, उनकी हड्डी टूट जाएगी, उन्हें फ्रैक्चर हो जाएगा, शायद बीमार पड़ जाएंगे। तो मां-बाप उन्हें घूमने से रोकते हैं, क्योंकि उन्हें पता ही नहीं है कि बच्चे क्या कर रहे हैं, न उन्होंने कभी बच्चों से पूछा है, 'तुम घूम क्यों रहे हो और तुम्हें घूमने से क्या मिल रहा है?'

जलालुद्दीन रूमी ने बचपन से ही इस विधि का प्रयोग किया और उसका आनंद लिया, और क्योंकि लोग उसे रोकते थे, वह रेगिस्तान में चला जाता और अकेला इस विधि को करता। और इस विधि के लिए रेगिस्तान सबसे अच्छी जगह है, क्योंकि तुम यदि गिर भी जाओ, तो तुम्हें चोट नहीं लगेगी; तुम जितनी गति से घूमना चाहो घूम सकते हो।

उसे नहीं पता था कि उसके साथ कुछ आध्यात्मिक घटना घट रही है, लेकिन वह देख रहा था कि उसमें परिवर्तन आ रहे हैं। वह अलग किस्म का व्यक्ति होता जा रहा था। आसानी से उसे परेशान नहीं किया जा सकता था, निंदित नहीं किया जा सकता था, उसका अपमान नहीं किया जा सकता था। उसकी प्रतिभा की धार तेज से तेज होती जा रही थी।

और वह बाकी के बच्चों जैसा भी नहीं रह गया था, वह अलग ही व्यक्तित्व पैदा कर पाने में सक्षम हो रहा था। उसे खेल-कूद में कोई रस न था। जब बाकी बच्चे खेलते, वह दूर कहीं रेगिस्तान में जाकर गोल-गोल घूमता रहता। यह अनुभव उसके लिए इतना आनंददायी था कि उसे किसी और चीज की सुध ही न थी। लेकिन उसे यह नहीं पता था

CS CamScanner

मामा?'
बगुला भगत ठां-ठां करके खूब हंसा और बोला 'मूर्ख, वहां कोई जलाशय नहीं है। मैं एक- एक को पीठ पर बिठाकर यहां लाकर खाता रहता हूं। आज तू मरेगा।'
केकडा सारी बात समझ गया। वह सिहर उठा परन्तु उसने हिम्मत न हारी और तुरंत अपने जंबूर जैसे पंजों को आगे बढाकर उनसे दुष्ट बगुले की गर्दन दबा दी और तब तक दबाए रखी, जब तक उसके प्राण पखेरु न उड गए।
फिर केकडा बगुले भगत का कटा सिर लेकर तालाब पर लौटा और सारे जीवों को सच्चाई बता दी कि कैसे दुष्ट बगुला भगत उन्हें धोखा देता रहा।
इस कहानी से क्या सीखें:
ये कहानी भी हमें २ महत्वपूर्ण सीख देती है,
1. दूसरों की बातों पर आंखें मूंदकर विश्वास नहीं करना चाहिए, वास्तविक परिस्थिति के बारे में पहले पता लगा लेना चाहिए, हो सकता है सामने वाला मनगढंत कहानियाँ बना रहा हो और आपको लुभाने की कोशिश कर रहा हो।
2. कठिन से कठिन परिस्थिति और मुसीबत के समय में भी अपना आपा नहीं खोना चाहिए और धीरज व बुद्धिमानी से कार्य करना चाहिए।

CamScanner

3:28 pm VoLTE 4G R 23%

बगुले ने कुछ सोचकर बताया कि वहां से कुछ कोस दूर एक जलाशय हैं जिसमें पहाडी झरना बहकर गिरता हैं। वह कभी नहीं सूखता। यदि जलाशय के सब जीव वहां चले जाएं तो बचाव हो सकता हैं। अब समस्या यह थी कि वहां तक जाया कैसे जाएं? बगुले भगत ने यह समस्या भी सुलझा दी 'मैं तुम्हें एक-एक करके अपनी पीठ पर बिठाकर वहां तक पहुंचाऊंगा क्योंकि अब मेरा सारा शेष जीवन दूसरों की सेवा करने में गुजरेगा।'

सभी जीवों ने गद्-गद् होकर 'बगुला भगतजी की जै' के नारे लगाए। अब बगुला भगत के पौ-बारह हो गई। वह रोज एक जीव को अपनी पीठ पर बिठाकर ले जाता और कुछ दूर ले जाकर एक चट्टान के पास जाकर उसे उस पर पटककर मार डालता और खा जाता। कभी मूड हुआ तो भगतजी दो फेरे भी लगाते और दो जीवों को चट कर जाते तालाब में जानवरों की संख्या घटने लगी। चट्टान के पास मरे जीवों की हड्डियों का ढेर बढने लगा और भगतजी की सेहत बनने लगी।

खा-खाकर वह खूब मोटे हो गए। मुख पर लाली आ गई और पंख चर्बी के तेज से चमकने लगे। उन्हें देखकर दूसरे जीव कहते 'देखो, दूसरों की सेवा का फल और पुण्य भगतजी के शरीर को लग रहा है।'

बगुला भगत मन ही मन खूब हंसता। वह सोचता कि देखो दुनिया में कैसे-कैसे मूर्ख जीव भरे पडे हैं, जो सबका विश्वास कर लेते हैं। ऐसे मूर्खों की दुनिया में थोडी चालाकी से काम लिया जाए तो मजे ही मजे हैं। बिना हाथ-पैर हिलाए खूब दावत उडाई जा सकती है संसार से मूर्ख प्राणी कम करने का मौक़ा मिलता है बैठे-बिठाए पेट भरने का जुगाड हो जाए तो सोचने का बहुत समय मिल जाता हैं।

बहुत दिन यही क्रम चला। एक दिन केकडे ने बगुले से कहा 'मामा, तुमने इतने सारे जानवर यहां से वहां पहुंचा दिए, लेकिन मेरी बारी अभी तक नहीं आई।'

भगतजी बोले 'बेटा, आज तेरा ही नंबर लगाते हैं, आजा मेरी पीठ पर बैठ जा।'

केकडा खुश होकर बगुले की पीठ पर बैठ गया। जब वह चट्टान के निकट पहुंचा तो वहां हड्डियों का पहाड देखकर केकडे का माथा ठनका। वह हकलाया 'यह हड्डियों का ढेर कैसा है? वह जलाशय कितनी दूर है, मामा?'

बगुला भगत ठां-ठां करके खूब हंसा और बोला 'मूर्ख, वहां कोई जलाशय नहीं है। मैं एक- एक को पीठ पर बिठाकर यहां लाकर खाता

CamScanner

एक वन प्रदेश में एक बहुत बडा तालाब था। हर प्रकार के जीवों के लिए उसमें भोजन सामग्री होने के कारण वहां नाना प्रकार के जीव, पक्षी, मछलियां, कछुए और केकडे आदि वास करते थे। पास में ही बगुला रहता था, जिसे परिश्रम करना बिल्कुल अच्छा नहीं लगता था। उसकी आंखें भी कुछ कमज़ोर थीं। मछलियां पकडने के लिए तो मेहनत करनी पडती हैं, जो उसे खलती थी। इसलिए आलस्य के मारे वह प्रायः भूखा ही रहता। एक टांग पर खडा यही सोचता रहता कि क्या उपाय किया जाए कि बिना हाथ-पैर हिलाए रोज भोजन मिले। एक दिन उसे एक उपाय सूझा तो वह उसे आजमाने बैठ गया।

बगुला तालाब के किनारे खडा हो गया और लगा आंखों से आंसू बहाने। एक केकडे ने उसे आंसू बहाते देखा तो वह उसके निकट आया और पूछने लगा 'मामा, क्या बात है भोजन के लिए मछलियों का शिकार करने की बजाय खडे आंसू बहा रहे हो?'

बगुले ने ज़ोर की हिचकी ली और भर्राए गले से बोला

'बेटे, बहुत कर लिया मछलियों का शिकार। अब मैं यह पाप कार्य और नहीं करूंगा। मेरी आत्मा जाग उठी हैं। इसलिए मैं निकट आई मछलियों को भी नहीं पकड रहा हूं। तुम तो देख ही रहे हो।'

केकडा बोला 'मामा, शिकार नहीं करोगे, कुछ खाओगे नहीं तो मर नहीं जाओगे?'

बगुले ने एक और हिचकी ली 'ऐसे जीवन का नष्ट होना ही अच्छा है बेटे, वैसे भी हम सबको जल्दी मरना ही है। मुझे ज्ञात हुआ है कि शीघ्र ही यहां बारह वर्ष लंबा सूखा पडेगा।'

बगुले ने केकडे को बताया कि यह बात उसे एक त्रिकालदर्शी महात्मा ने बताई हैं, जिसकी भविष्यवाणी कभी ग़लत नहीं होती। केकडे ने जाकर सबको बताया कि कैसे बगुले ने बलिदान व भक्ति का मार्ग अपना लिया हैं और सूखा पडने वाला हैं।

उस तालाब के सारे जीव मछलियां, कछुए, केकडे, बत्तखें व सारस आदि दौडे-दौडे बगुले के पास आए और बोले 'भगत मामा, अब तुम ही हमें कोई बचाव का रास्ता बताओ। अपनी अक्ल लडाओ तुम तो महाज्ञानी बन ही गए हो।'

बगुले ने कुछ सोचकर बताया कि वहां से कुछ कोस दूर एक ज... हैं जिसमें पहाडी झरना बहकर गिरता हैं। वह कभी नहीं सूखता। ... जलाशय के सब जीव वहां चले जाएं तो बचाव हो सकता हैं। अब

CS CamScanner

कोई आपसे आगे निकलने के लिए ऐसे रास्ते अपनाता हुआ दिखेगा जो आपके आदर्शों के विरुद्ध होंगे...
ऐसे में आपको हतोत्साहित हो कर कुएँ में ही नहीं पड़े रहना है बल्कि साहस के साथ हर तरह की गंदगी को गिरा देना है और उससे सीख ले कर उसे सीढ़ी बनाकर बिना अपने आदर्शों का त्याग किये अपने कदमों को आगे बढ़ाते जाना है।
सकारात्मक रहे.. सकारात्मक जिए!
इस संसार में....

सबसे बड़ी सम्पत्ति *"बुद्धि "*
सबसे अच्छा हथियार *"धैर्य"*
सबसे अच्छी सुरक्षा *"विश्वास"*
सबसे बढ़िया दवा *"हँसी"* है

और आश्चर्य की बात कि *"ये सब निशुल्क हैं "*

सोच बदलो जिंदगी बदल जायेगी



CamScanner

एक दिन एक किसान का बैल कुएँ में गिर गया।
वह बैल घंटों ज़ोर -ज़ोर से रोता रहा और किसान सुनता रहा और विचार करता रहा कि उसे क्या करना चाहिऐ और क्या नहीं।
अंततः उसने निर्णय लिया कि चूंकि बैल काफी बूढा हो चूका था अतः उसे बचाने से कोई लाभ होने वाला नहीं था और इसलिए उसे कुएँ में ही दफना देना चाहिऐ।।
किसान ने अपने सभी पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाया सभी ने एक-एक फावड़ा पकड़ा और कुएँ में मिट्टी डालनी शुरू कर दी।
जैसे ही बैल कि समझ में आया कि यह क्या हो रहा है वह और ज़ोर-ज़ोर से चीख़ चीख़ कर रोने लगा और फिर ,अचानक वह आश्चर्यजनक रुप से शांत हो गया।
सब लोग चुपचाप कुएँ में मिट्टी डालते रहे तभी किसान ने कुएँ में झाँका तो वह आश्चर्य से सन्न रह गया..
अपनी पीठ पर पड़ने वाले हर फावड़े की मिट्टी के साथ वह बैल एक आश्चर्यजनक हरकत कर रहा था वह हिल-हिल कर उस मिट्टी को नीचे गिरा देता था और फिर एक कदम बढ़ाकर उस पर चढ़ जाता था।
जैसे-जैसे किसान तथा उसके पड़ोसी उस पर फावड़ों से मिट्टी गिराते वैसे -वैसे वह हिल-हिल कर उस मिट्टी को गिरा देता और एक सीढी ऊपर चढ़ आता जल्दी ही सबको आश्चर्यचकित करते हुए वह बैल कुएँ के किनारे पर पहुंच गया और फिर कूदकर बाहर भाग गया ।
ध्यान रखे आपके जीवन में भी बहुत तरह से मिट्टी फेंकी जायेगी बहुत तरह की गंदगी आप पर गिरेगी जैसे कि ,
आपको आगे बढ़ने से रोकने के लिए कोई बेकार में ही आपकी आलोचना करेगा
कोई आपकी सफलता से ईर्ष्या के कारण आपको बेकार में ही भला बुरा कहेगा
कोई आपसे आगे निकलने के लिए ऐसे रास्ते अपनाता हुआ दिखेगा जो आपके आदर्शों के विरुद्ध होंगे...
ऐसे में आपको हतोत्साहित हो कर कुएँ में ही नहीं पड़े रहना है बल्कि साहस के साथ हर तरह की गंदगी को गिरा देना है और उससे सीख ले कर उसे सीढ़ी बनाकर बिना अपने आदर्शों का त्याग किये अपने कदमों को आगे बढ़ाते जाना है।
सकारात्मक रहे.. सकारात्मक जिए!

CS CamScanner

7:38 am VoLTE 4G R 100%

2h ·

एक राजा ने सुना कि शुकदेव जी से भागवत सुन कर परीक्षित मुक्त हो गए थे।
राजा ने सोचा कि मैं भी भागवत सुनकर मुक्त होऊँगा। बस फिर क्या था? घोषणा करवा दी गई। एक के बाद एक कथा सुनाने वाले आने लगे। राजा प्रत्येक सप्ताह कथा सुनता, पर मुक्त न होता, और कथा सुनाने वाला कैद में डाल दिया जाता। योंही बहुत समय बीत गया। कल ही एक बूढ़े बाबा को भी जेल में डाला गया है।
आज एक युवक दरबार में आया है। कहता है कि मैं आपको कथा सुनाऊँगा। पर मेरी एक शर्त है। पहले मुझे एक घंटे के लिए राजा बनाया जाए।
मंत्रियों की तलवारें खिंच गईं। राजा मुस्कुराया। मंत्रियों को शांत रहने का इशारा कर, सिंहासन से नीचे उतर आया।
"सिंहासन स्वीकार करें" राजा ने युवक से कहा।
युवक सिंहासन पर बैठा, और बोला- जेल में बंद मेरे दादा, बूढ़े बाबा को दरबार में बुलाया जाए और दो रस्सियाँ मंगवाई जाएँ।
ऐसा ही किया गया। बाबा समझ नहीं पाए कि वहाँ क्या हो रहा है? अब युवक ने एक मंत्री से कहा- एक रस्सी से बाबा को एक खम्बे से, तो दूसरी रस्सी से महाराज को दूसरे खम्बे से बाँध दिया जाए।
जब दोनों बंध गए तो युवक ने राजा से कहा- महाराज! आप बाबा को खोल सकते हैं?
राजा मौन ही रहा। तब युवक बाबा से बोला- दादा जी! आप ही महाराज को खोल दीजिए।
बाबा चिल्लाए- मूर्ख! तूं कर क्या रहा है? मैं तो जेल में ही था, पर तूं फांसी चढ़ेगा। अभी तक तो मैं यही समझता था कि तू आधा पागल है, पर तूं तो महामूर्ख है। जब मैं खुद बंधा हूँ, तो महाराज को कैसे खोल सकता हूँ?
युवक मुस्कुराया। उसने दोनों रस्सियाँ खुलवाईं और सिंहासन से उतर गया। राजा के चरणों में झुका और बोला- महाराज! मेरी धृष्टता क्षमा हो। मुझे बस इतना ही कहना था कि जो स्वयं बंधन में पड़ा हो, वह दूसरे को मुक्त कैसे करेगा? आपका सिंहासन आपकी प्रतीक्षा कर रहा है।
लोकेशानन्द भी यह कहानी सुन कर मुस्कुरा कर रह जाता है।

CamScanner

जो स्वयं बंधन में पड़ा है,
वह दूसरे को
मुक्त कैसे करेगा?
035 बंधनग्रस्त
SHASHWAT ATRIPTI

CamScanner

10:19 pm 91%
en.m.wikipedia.org/wiki/
4

Several terms redirect here. For other uses, see Bhagavad Gita (disambiguation) and Gita (disambiguation).

The **Bhagavad Gita** (/ˌbʌɡəvəd ˈɡiːtɑː/; Sanskrit: भगवद्गीता, romanized: *bhagavad-gītā*, lit. 'The Song by God'[a]), often referred to as the **Gita** (IAST: *gītā*), is a 700-verse Hindu scripture, which is part of the epic *Mahabharata*. It forms the chapters 23–40 of book 6 of the Mahabharata called the Bhishma Parva. The work is dated to the second half of the first millennium BCE.[2]

Bhagavad Gita	

Bhagavad Gita's revelation: Krishna tells the Gita to Arjuna

Information	
Religion	Hinduism
Author	Traditionally attributed to Vyasa
Language	Sanskrit

CamScanner



Naye bharat ke khoj

6h ·

दान और त्याग

रस्किन ने कहां है कि धनी आदमी तब होता है, जब वह धन को दान कर पाता है। नहीं तो गरीब ही होता है। रस्किन का मतलब यह है कि आप धनी उसी दिन हैं, जिस दिन आप धन को छोड़ पाते हैं। अगर नहीं छोड़ पाते तो आप गरीब ही हैं। पकड़ गरीबी का लक्षण है, छोड़ना मालकियत का लक्षण है। अगर किसी चीज को आप छोड़ पाते है, तो समझना कि आप उसके मालिक हैं; और अगर किसी चीज को आप केवल पकड़ ही पाते हैं तो आप भूल कर मत समझना कि आप उसके मालिक हैं। इसका तो बडा अजीब मतलब हुआ। इसका मतलब हुआ कि जो चीजें आप किसी को बांट देते हैं, उनके आप मालिक हैं। और जो चीजें आप पकड़कर बैठे रहते है, उनके आप मालिक नहीं हैं।

दान मालकियत है; क्योंकि जो आदमी दे सकता है, वह यह बता रहा है कि वस्तु मुझ से नीची है, मुझसे ऊपर नहीं। मैं दे सकता हूं। देना मेरे हाथ में है। और जो व्यक्ति देकर प्रसन्न हो सकता है, उसकी मूर्छा टूट गयी। जो व्यक्ति केवल लेकर ही प्रसन्न होता है और देकर दुखी हो जाता है, वह मुर्छित है। त्याग का ऐसा है अर्थ।

त्याग का अर्थ है—दान की अनंत क्षमता, देने की क्षमता। जितना बड़ा हम दे पाते हैं, जितना ज्यादा हम दे पाते है, उतने ही हम मालिक होते चले जाते हैं।

CS CamScanner


महीने फिर वही होंगे
सुना है साल बदलेगा
परिंदे फिर वही होंगे
शिकारी जाल बदलेगा
वही हाकिम वही गुरबत,
वही कातिल वही गालिब
न जाने कितने सालों में
तुम्हारा हाल बदलेगा

CamScanner

10:27 am 67%

13 3

नये वर्ष के नये दिन पर पहली बात तो यह कहना : चाहूंगा कि दिन तो रोज ही नया होता है, लेकिन रोज नये दिन को न देख पाने के कारण हम वर्ष में कभी-कभी नये दिन को देखने की कोशिश करते हैं। अपने को धोखा देने की तरकीबों में से एक तरकीब यह भी है। दिन तो कभी भी पुराना नहीं लौटता, रोज ही नया होता है। हर पल और हर क्षण नया होता है। लेकिन हमने अपनी पूरी जिंदगी को पुराना कर डाला है। उसमें नये की तलाश मन में बनी रहती है। तो वर्ष में एकाध दिन नया दिन मान कर अपनी इस तलाश को पूरा कर लेते हैं।

लेकिन सोचने जैसा है जिसका पूरा वर्ष पुराना होता हो उसका एक दिन नया कैसे हो सकता है? जिसकी एक वर्ष की पुराना देखने की आदत हो वह एक दिन को नया कैसे देख पाएगा? मैं कल तक जो रोज हर दिन को, हर सुबह को पुराना देखा हूं आज की सुबह को नया कैसे देख सकूंगा?

मैं ही देखने वाला हूं। और मेरा जो मन हर चीज को पुरानी कर लेता है वह आज को भी पुराना कर लेगा। तब फिर नये का धोखा पैदा करने के लिए नये कपड़े हैं, उत्सव है, मिठाइयां हैं,गीत हैं; फिर नये का हम धोखा पैदा करना चाहते हैं।

लेकिन न नये कपड़ों से कुछ नया हो सकता है, न नये गीतों से कुछ हो सकता है। नया मन चाहिए! और नया मन जिसके पास हो, उसे कोई दिन कभी पुराना नहीं होता।

और जिसके पास ताजा मन हो, फ्रेश माइंड हो, वह हर चीज को ताजी और नई कर लेता है। लेकिन ताजा मन हमारे पास नहीं है। तो हम चीजों को नई करते हैं। मकान पर नया रंग-रोगन कर लेते हैं। पुरानी कार बदल कर नई कार ले लेते हैं। पुराने कपड़े की जगह नया कपड़ा कर लेते हैं। हम चीजों को नया करते रहते हैं, क्योंकि नया मन हमारे पास नहीं है।

नई चीजें कितनी देर धोखा देंगी? नया कपड़ा कितनी देर नया रहेगा? पहनते ही पुराना हो जाता है। नई कार कितनी देर नई रहेगी? पोर्च में आते ही पुरानी हो जाती है। कभी सोचा है यह कि नये और पुराने होने के बीच में कितना फासला होता है? जब तक जो नहीं मिला है, नया होता है; मिलते ही पुराना हो जाता है। अगर नई कार खरीद लाए हैं, तो कल तक सोचा था कि नई कार कैसे आए, और आज से ही सोचना

CamScanner

10:27 am 67%

नई चीजें कितनी देर धोखा देंगी? नया कपड़ा कितनी देर नया रहेगा? पहनते ही पुराना हो जाता है। नई कार कितनी देर नई रहेगी? पोर्च में आते ही पुरानी हो जाती है। कभी सोचा है यह कि नये और पुराने होने के बीच में कितना फासला होता है? जब तक जो नहीं मिला है, नया होता है; मिलते ही पुराना हो जाता है। अगर नई कार खरीद लाए हैं, तो कल तक सोचा था कि नई कार कैसे आए, और आज से ही सोचना शुरू कर देंगे कि और नई कैसे आए! इससे छुटकारा कैसे हो!

चीजों को नया करने वाली इस वृत्ति ने सब तरफ जीवन को बड़ी कठिनाई में डाल दिया है। क्योंकि कार ही नई नहीं करनी पड़ेगी, पत्नी भी नई लानी पड़ेगी। चीजें नई होनी चाहिए न! मकान को नया पोत कर नया कर लेने पर, नई कार खरीद लेने पर पत्नी भी खुश हो रही है, पति भी खुश हो रहा है। लेकिन उन्हें खयाल नहीं कि यह जो आदमी चीजों को नया करने में लगा है, यह एक पत्नी से जीवन भर राजी नहीं रह सकता, न यह पत्नी एक पति से जीवन भर राजी रह सकती है। क्योंकि नये होने का मतलब चीजें बदलना होता है। तो पहले पश्चिम में मकान बदले, कारें बदलीं, फिर अब आदमी बदलने लगे हैं। वह यहां भी होगा।

और नये की खोज जरूर है मन में, होनी भी चाहिए। लेकिन दो तरह की नये की खोज होती है। या तो स्वयं को नया करने की एक खोज होती है। और जो आदमी स्वयं को नया कर लेता है उसे कभी कोई चीज पुरानी होती ही नहीं। जो अपने मन को रोज नया कर लेता है उसके लिए हर चीज रोज नई हो जाती है, क्योंकि वह आदमी रोज नया हो जाता है। और जो अपने को नया नहीं कर पाता उसके लिए सब चीजें पुरानी ही होती हैं। थोड़ी देर धोखा दे सकता है नये से, लेकिन थोड़ी देर बाद सब चीज पुरानी पड़ जाती है।
दुनिया में दो ही तरह के लोग हैं-एक वे जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं, और एक वे जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं।

CamScanner

12:55 pm 75%

यह बात सोचने जैसी है।
जितने संक्षिप्त में कहनी हो बात,
उतनी देर लग जाती है।

और अगर एक ही शब्द में कहनी हो,
तो स्वभावतः अगस्तीन को बड़ा मंथन करना पड़ा।
बहुत-से शब्द उठे होंगे उसके भीतर,
जब वह सोचने लगा कि क्या उत्तर दूं इस ग्रामीण को। सारे शास्त्र घूम गए होंगे उसके भीतर।
शास्त्रों का ज्ञाता था; बाइबिल उसे कंठस्थ थी।
उन सभी शब्दों ने सिर उठाए होंगे।

लेकिन उन्होंने सबको इनकार कर दिया।
सारे मंदिर, सारे मस्जिद, सारी प्रार्थनाएं,
सब इनकार कर दीं। और उस सब में से चुना एक शब्द, जो शायद भीड़ में कहीं खो ही जाता।

क्योंकि प्रेम ऐसा है कि अंत में खड़ा होता है।
पंक्तियों के आगे खड़े होने का प्रेम का
कोई आग्रह नहीं है। लेकिन अगस्तीन
ने खोज लिया सूत्र, सारसूत्र खोज लिया।
भक्ति का सारसूत्र भी प्रेम है।

आज के वचन प्रेम की दिशा का
अपूर्व रूप से प्रस्थापन करते हैं।
एक-एक सूत्र को खयाल से समझे
ओशो

Osho Prem Naman 🙏💞
Osho international

CS CamScanner

12:54 pm 75%

सब धर्मशास्त्र, सब नीतियां,
सब आदर्श। एक शब्द याद रखो फिर–प्रेम।

और प्रेम जीवन में आ गया तो सब आ जाएगा।
फिर तुम फिकर छोड़ो परमात्मा की।
तुम प्रेम को संभाल लो,
प्रेम के धागे में बंधा हुआ परमात्मा
अपने-आप आ जाता है।'

अगस्तीन का यह उत्तर अत्यधिक मूल्यवान है।
सारे धर्मों का सार प्रेम है।
और प्रेम संभल जाए तो सब संभल गया।
और प्रेम न संभल पाए तो तुम सब संभालते रहो,
फिर सब औपचारिक है, उसका कोई मूल्य नहीं है।
और यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि अगस्तीन को
सोचना पड़ा।

किसी ने रूज़वेल्ट को एक बार
पूछा कि आप व्याख्यान देते हैं,
तो आपको तैयारी करनी पड़ती होगी?
कितनी तैयारी करनी पड़ती है?

रूज़वेल्ट ने कहा : निर्भर करता है।
अगर दो घंटे बोलना हो तो तैयारी
बिल्कुल नहीं करनी पड़ती;
फिर तो जो भी बोलना है बोले चला जाता हूं।
अगर आधा घंटा बोलना हो तो तैयारी करनी पड़ती है; दिनभर लगाना
पड़ता है।

और अगर दस मिनट ही बोलना
हो तो दो दिन भी लग जाते हैं।
और अगर दो ही मिनट में बात कहनी हो तो
सप्ताह बीत जाते हैं, तब कहीं मैं तैयार कर पाता हूं।

CamScanner

12:54 pm 75%

एक सुबह,
ईसाई फकीर अगस्तीन
से एक युवक ने आकर पूछाः

"मैं पढ़ा-लिखा नहीं हूं; ग्रामीण हूं, गंवार हूं।
धर्मशास्त्र की बातें मेरी समझ में नहीं आतीं।
बड़े उपदेश मेरे पल्ले नहीं पड़ते।
आपने तो उस प्रभु को देखा है,
आप मुझे दो शब्दों में सार की बात कह दें–
ऐसी कि मैं उसे गांठ बांध लूं;
ऐसी कि भुलाना भी चाहूं अपने अज्ञान में
तो भी भुला न पाऊं;
ऐसी कि चिंगारी बन जाए मेरे भीतर।'

कहते हैं, अगस्तीन,
जो कभी किसी प्रश्न के उत्तर
देने में न झिझका था,
क्षणभर को झिझक गया और
उसने आंखें बंद कर लीं।
उसके शिष्य बड़े चकित हुए।
बड़े विद्वान आते हैं, बड़े पंडित आते हैं,
बड़े धर्मशास्त्री आते हैं–अगस्तीन
उनके प्रश्नों में कभी आंख बंद नहीं किया।
उत्तर तत्क्षण होते हैं।

बड़ा मेधावी पुरुष था अगस्तीन।
और आज एक छोटे-से प्रश्न के
उत्तर में आंखें बंद कर ली हैं।
और बड़ी देर लगी,
जैसे अगस्तीन भीतर बहुत खोजता रहा।
फिर उसने आंखें खोलीं और उसने कहा :
"तो फिर एक शब्द याद रखो–प्रेम।
उसमें सब आ जाता है–सब धर्म,

CamScanner

आदमी
मरने के बाद
कुछ नहीं सोचता।

आदमी
मरने के बाद
कुछ नहीं बोलता।

कुछ नहीं सोचने
और कुछ नहीं बोलने पर
आदमी
मर जाता है।

रचयिता || उदय प्रकाश

CamScanner



CamScanner

तुम प्रेम करो! प्रेम से चुको
मत., इतना गहरा
प्रेम करो! "कि जिससे भी
"प्रेम करते हो.. वही
तुम्हारे लिए परमात्मा हो
जाए.!!
ओशो

CamScanner



CS CamScanner

1:02 pm 73%

ऐसा हुआ चीन में कि एक आदमी—उससे चीन में आक्यूपक्चर नाम के चिकित्सा—शास्त्र का जन्म हुआ—इस आदमी के पैर में लंगड़ापन था सदा, बचपन से था। और किसी दुश्मन ने छिपकर उसको तीर मार दिया। वह उसे मार डालना चाहता था। लेकिन तीर उसको कुछ ऐसी जगह लगा कि उसका लंगड़ापन ठीक हो गया। उससे आक्यूपंक्चर का पूरा चिकित्सा—शास्त्र पैदा हुआ।

तो चीन में यह पता चल गया कि कुछ ऐसे हिस्से हैं शरीर में कि अगर वहा कोई तीखा औजार चुभाया जाए, तो शरीर—ऊर्जा की गति बदल जाती है।

तो वह जो लंगड़ा था आदमी, वह इसीलिए लंगड़ा था कि ऊर्जा ठीक धारा में नहीं बह रही थी। विद्युत शरीर की ठीक धारा में नहीं बह रही थी, थोड़ी तिरछी थी। धारा तिरछी थी, तो पैर तिरछा था। क्योंकि पैर तो ऊर्जा का अनुसरण करता है। तीर लगने से धारा झटककर सीधी बहने लगी; पैर सीधा हो गया। फिर तो आक्यूपंक्वर का पूरा शास्त्र पैदा हुआ।

जिसने मारा था, उसने सोचा भी न होगा कि तीर मारने से यह आदमी मरेगा तो नही, उलटा, लंगड़ा था, ठीक हो जाएगा। न केवल यह ठीक होगा, बल्कि इसके आधार पर एक शास्त्र का जन्म होगा, जिससे हजारों साल तक लाखों लोग ठीक होंगे।

फिर तो धीरे— धीरे उन्होंने सात सौ बिंदु खोज लिए, आक्यूपक्चर ने, आदमी के शरीर में। और हर बिंदु से संबंधित बीमारियां हैं। आक्यूपंक्चर कुछ भी नहीं करता है—बडी अनूठी कला है—सिर्फ सुई चुभोता है। अब तो तीर भी नहीं चुभोता। क्योंकि उतने बड़े की भी जरूरत नहीं है। इतनी छोटी—सी सुई चुभोता है कि तुम्हें पता ही नहीं चलता। सिर में दर्द है और हाथ में सुई चुभाके वे, और अचानक तुम्हारा दर्द तिरोहित हो जाता है। पेट में तकलीफ है, कहीं पीठ में सुई चुभोएंगे। उनके हिसाब हैं कि कहां सुई चुभाने से कहा की धारा में रूपांतरण होता है। एक शास्त्र, एक विज्ञान का जन्म हो गया।

CamScanner

स्त्री पहल नहीं करती -

प्रेम में पहल नहीं करती।

स्त्री जाकर किसी से निवेदन नहीं करती।

अगर स्त्री के हृदय में प्रेम भी उठे

तो प्रतीक्षा करती है।

आक्रामक नहीं होती।

राह देखती है, राह देखती है, राह देखती है।

हृदय के भाव को घना होने देती है,

और भरोसा रखती है कि

अगर हृदय का भाव घना होगा तो

प्रेमी एक दिन द्वार पर आकर दस्तक देगा।

पुरुष पहल करता है।

स्त्री से निवेदन करता है प्रेम का;

चेष्टा करता है, यत्न करता है।

Osho

CS CamScanner

परमात्मा के पास बैठिये
इतने गहरे भाव से कि
आँसू आ जाएँ,
किसी प्रकार की कोई आकांक्षा
या मांग न रखें,
परमात्मा का होना ही आशीर्वाद है
मांगना नहीं पड़ता
उनके पास होने से ही सब मिल जाता है।
जैसे फूल के पास जाओ
खुशबू अपने आप ही मिलने लगती है
परमात्मा ने सारी व्यवस्था पहले ही की हुई है
मांगने की जरूरत ही नही है
बस उनके पास जाना है,
उनकी शरणागति स्वीकार कर लेना
उनके बताये मार्ग पर चलना
हमारा कर्तव्य बस इतना ही है
बाकी सब कुछ स्वयं ही हो जाता है।
ओशो
facebook/wisdomguruwar

CamScanner

Why do we live this meaningless life, working for forty years, breeding a few children, educating them in absurd ways, and then dying?

CamScanner

कुछ लोग शंका उठाते हैं-कहीं मैं कोई संगठन या सम्प्रदाय तो खड़ा नहीं कर रहा ?मैं शुरू से ही इसके विरोध में हूं। सभी सम्प्रदाय और संगठन आगे जाकर सड़े पानी के पोखरे बन जाते हैं। उसमें प्रतियोगिता और महत्वाकांक्षा आ जाती है। फिर सम्प्रदाय बनता है किसी के विरोध में। ये नये संन्यासी किसी के खिलाफ नहीं है। सभी धर्मों में जो कुछ भी सारभूत है वे उसके पक्ष में हैं। ये संन्यासी सभी सम्प्रदायों और सभी देशों के हैं। ये प्रेम के धागे से एक दूसरे से जुड़े हैं।

मैं संन्यासी को आचरण नहीं बोध दे रहा हूं। मैं उसे कोई अनुशासन न देकर,आत्म अनुशासन कैसे उत्पन्न हो,इसका उपाय बतला रहा हूं। संन्यासी का मतलब ही यही है कि जो अपने ऊपर कुछ भी थोप नहीं रहा है,जीवन को सहजता में ले रहा है। वह अपने शरीर की अंतर्प्रज्ञा के अनुसार जी रहा है। वह अतियों पर नहीं डोलता। वह मध्य में आकर संतुलन में जीता है।
वह ज़ोरबा की तरह मस्ती से हंसता-नाचता-गाता और उत्सवपूर्ण ढंग से जीता है। वह सभी से प्रेम करता है पर साथ ही ध्यान करते हुये निर्विचार हो अपने केंद्र पर पहुंचता है। स्वयं अपने को जानकर उसमें नष्ट होती पृथ्वी के लिये पूरी मनुष्यता के लिए एक करूणा,एक दायित्व बोध उत्पन्न होता है। मैं इसी को 'नया मनुष्य' कहता हूं।

मनुष्य होकर उत्पन्न होना और आनंदपूर्वक,प्रेमपूर्वक जीते हुये सहज सरल निर्दोष होकर,ध्यान करते हुये नया मनुष्य बनकर, दिव्य होकर अस्तित्व के साथ एकाकार हो जाना ही जीवन है।"

CamScanner

10:20 pm VoLTE 4G R 47%

लाओत्से का जो कीमती से कीमती सूत्र है वह है: "स्वीकार" लाओत्से कहता है, दु:ख को भी स्वीकार कर लो और तुम आनंदित हो जाओगे। क्योंकि स्वीकार दु:ख जानता ही नहीं है।स्वीकार को दु:ख का कोई पता ही नहीं है। स्वीकार के साथ ही परिणाम आने शुरू हो जाते है।

आपके संन्यासी के लिये क्या शर्तें और अनिवार्यताएं होगी, उसे किन नियमों और अनुशासन का पालन करना होगा ?"

भगवान् श्री उत्तर दिया-
मेरे संन्यास में केवल एक ही अनिवार्य शर्त है,और वह है ध्यान। बाकी कोई व्रत,नियम या अनुशासन मैं ऊपर से थोपे जाने के पक्ष में नहीं हूं। वे सभी दमन और पाखंड उत्पन्न करते हैं। मेरा संन्यासी स्वछंद,अपने छंद से,अपनी मस्ती से जीयेगा।

मैं संन्यासी से ध्यान की विधि सीख कर ध्यान में गहरा उतरने को कह रहा हूं क्योंकि जो ध्यान में गहरा उतर जाता है उसके इन्द्रियों के रस, खो जाते हैं। इन्द्रियां अंतर्मुखी हो जाती हैं। उसकी वृत्तियां भस्म हो जाती हैं।

ध्यान की अग्नि में उसका सारा कूड़ा कचरा जल जाता है और वह शुद्ध कुंदन बन जाता है। जो गैरिक वस्त्र मैंने संन्यासी को दिये हैं उसका उपयोग मात्र यह स्मरण रखने का है कि मैं संन्यासी हूं और मुझे ध्यान करना है। यह वस्त्र अग्नि के रंग के हैं। यह भी याद दिलाते हैं कि भीतर ध्यान के एक सौ आठ गुरिये हैं,वे ध्यान कि एक सौ आठ विधियों के प्रतीक है। सभी एक सौ आठ गुरिये कितने ही अलग हों,पर उनके भीतर पिरोया हुआ धागा एक ही है। चाहे हाथ में माला का एक ही गुरिया हो,पर वे स्मरण रखें कि एक सौ सात मार्ग और भी हैं और सभी मार्ग पहुंचा देते हैं मंजिल पर। फिर माला में जो तस्वीर है वह उन्हें याद दिलाती है कि उन्होंने मेरी साक्षी में संन्यास लिया है। उनका गुरु तो केवल परमात्मा है।

कुछ लोग शंका उठाते हैं-कहीं मैं कोई संगठन या सम्प्रदाय तो खड़ा नहीं कर रहा ?मैं शरू से ही इसके विरोध में हूं। सभी सम्प्रदाय और संगठन

CamScanner

10:20 pm VoLTE 4G R 47%

लाओत्से का जो कीमती से कीमती सूत्र है वह है: "स्वीकार" लाओत्से कहता है, दुःख को भी स्वीकार कर लो और तुम आनंदित हो जाओगे। क्योंकि स्वीकार दुःख जानता ही नहीं है।स्वीकार को दुःख का कोई पता ही नहीं है। स्वीकार के साथ ही परिणाम आने शुरू हो जाते है।

आपके संन्यासी के लिये क्या शर्तें और अनिवार्यताएं होगी, उसे किन नियमों और अनुशासन का पालन करना होगा ?"

भगवान् श्री उत्तर दिया-
मेरे संन्यास में केवल एक ही अनिवार्य शर्त है,और वह है ध्यान। बाकी कोई व्रत,नियम या अनुशासन मैं ऊपर से थोपे जाने के पक्ष में नहीं हूं। वे सभी दमन और पाखंड उत्पन्न करते हैं। मेरा संन्यासी स्वछंद,अपने छंद से,अपनी मस्ती से जीयेगा।

मैं संन्यासी से ध्यान की विधि सीख कर ध्यान में गहरा उतरने को कह रहा हूं क्योंकि जो ध्यान में गहरा उतर जाता है उसके इन्द्रियों के रस, खो जाते हैं। इन्द्रियां अंतर्मुखी हो जाती हैं। उसकी वृत्तियां भस्म हो जाती हैं।

ध्यान की अग्नि में उसका सारा कूड़ा कचरा जल जाता है और वह शुद्ध कुंदन बन जाता है। जो गैरिक वस्त्र मैंने संन्यासी को दिये हैं उसका उपयोग मात्र यह स्मरण रखने का है कि मैं संन्यासी हूं और मुझे ध्यान करना है। यह वस्त्र अग्नि के रंग के हैं। यह भी याद दिलाते हैं कि भीतर ध्यान के एक सौ आठ गुरिये हैं,वे ध्यान कि एक सौ आठ विधियों के प्रतीक है। सभी एक सौ आठ गुरिये कितने ही अलग हों,पर उनके भीतर पिरोया हुआ धागा एक ही है। चाहे हाथ में माला का एक ही गुरिया हो,पर वे स्मरण रखें कि एक सौ सात मार्ग और भी हैं और सभी मार्ग पहुंचा देते हैं मंजिल पर। फिर माला में जो तस्वीर है वह उन्हें याद दिलाती है कि उन्होंने मेरी साक्षी में संन्यास लिया है। उनका गुरु तो केवल परमात्मा है।

CamScanner

CamScanner

10:16 pm 47%

अहोभाव
3d ·

अहोभाव

64 5 comments • 2 shares

Like Send Share

Sadhguru Hindi
Sponsored ·

"कार्यक्रम से पहले, मैं कभी भी खुद को स्थिर नहीं रख पाता था। इनर इंजीनियरिंग ने मुझे बहुत ज्यादा आंतरिक संतुलन, फो... See more

CamScanner

ओशो का हिन्दी साहित्य
Mandira Sinh Thakuri · 3d ·

क्या राम और कृष्ण काल्पनिक हैं?

अगर राम पश्चिम में पैदा होते तो उन्होंने बराबर हिसाब रखा होता, कब पैदा हुए, किस दिन पैदा हुए, किस दिन मरे, किस दिन दफ़नाए गए; सब हिसाब रखा होता। हमने कोई हिसाब नहीं रखा है। राम का जन्म होता है, राम का जीवन होता है, राम की जीवन की लीला होती है; सब होता है, लेकिन हमने कोई ऐतिहासिक कालबद्ध हिसाब नहीं रखा। कारण? कारण हमारा यह है कि हर युग में राम होते रहे हैं और हर युग में राम होते रहेंगे। यह एक वर्तुल है जो घूमता ही रहता है।..

पश्चिम हिसाब रखता है। इसलिए जीसस ऐतिहासिक हैं। उस अर्थ में कृष्ण ऐतिहासिक नहीं हैं। कृष्ण पौराणिक हैं। पौराणिक का अर्थ यह नहीं कि नहीं हुए। पौराणिक का मतलब, बहुत बार हुए और बहुत बार होंगे। ऐतिहासिक का अर्थ है, एक बार हुए और दुबारा नहीं हो सकते; पुनरुक्ति नहीं हो सकती।

ओशो

ताओ उपनिषद - ७६

75 3 comments • 7 shares

Like Comment Send Share

अहोभाव
3d ·

10:15 pm 47%

Like Comment Share

Bhagwan Shree Rajneeh

1d ·



12 1 share

Like Comment Send Share

You'll see more posts like this for a while. Undo

CamScanner

CamScanner

10:14 pm 47%

Osho Osho
1d ·

तुम्हारी आंखों में भी चमक हो सकती है बुद्धों की। तुम अधिकारी हो। जन्म से तुम्हारा यह हक है। गंवाओ तो तुम जिम्मेवार हो। इस हक को पाने की तैयारी करो। तुम्हारे सुर-सुर में गीत हो जाएगा। तुम्हारी श्वास-श्वास संगीत बन जाएगी। परमात्मा से जुड़ो! मगर दीवानगी चाहिए। क्यों? दुकानदारों का यह काम नहीं। वे इतना बड़ा दांव नहीं लगा सकते। यह जुआरियों का काम है।

इसलिए मैं निरंतर कहता हूं कि मेरे संन्यासी को जुआरी होने की क्षमता चाहिए, साहस चाहिए।

अहंकार को दांव पर लगाना कोई छोटा-मोटा खेल नहीं है। सबसे बड़ा खेल है, उससे बड़ा फिर कोई खेल भी नहीं है। क्योंकि जिस दिन, जिस क्षण तुम इतना साहस जुटा लोगे कि कह सको कि मैं नहीं हूं, कि जान सको कि मैं नहीं हूं, कि अनुभव कर सको कि मैं नहीं हूं, कि मर जाओ स्वेच्छा से, वही संन्यास है। और उसी मृत्यु में समाधि का फूल खिलता है।

तुम्हारी आंख भी ज्योति से भरेगी--बुद्धों की ज्योति। और तुम्हारे चरण भी कमलों पर होंगे--बुद्धों के कमल। और तुम्हारे प्राण में भी सरगम उठेगा--सरगम जो त्रिभुवन को, सारे लोक को आनंद से और आलोक से आंदोलित कर देता है। इतनी बड़ी संपदा के तुम मालिक हो। मगर कैसे छोटे-छोटे भ्रम में जीवन गंवा रहे हो! मन तें इतने भरम गंवावो!

अब जागो! जागने की बेला आ गई। बेला तो कब की आई है, मगर तुम जागो तभी सवेरा है। तुम जब तक सोए हो, रात ही है। तुम्हारे जागने में ही सवेरा है, तुम्हारे सोने में ही रात्रि है। तुम्हारे सोने का नाम संसार है, तुम्हारे जागने का नाम मोक्ष है।

ओशो..."राम दुवारे जो मरे - 5"

CamScanner

10:13 pm 47%

खोली टोंटी और पानी निकल आएगा!

वह जो शास्त्र है सिर्फ टोंटी है। उसके पीछे बड़ा जाल है। शास्त्र की टोंटी खोलने से कोई ज्ञान नहीं निकल आएगा। उसके पीछे बड़ा जाल है। कृष्ण की गीता सिर्फ टोंटी है, पीछे कृष्ण का बड़ा जाल है, बड़ा रिजर्वायर है। वह आप गीता को दबाए फिर रहे हैं! आप वही गलती कर रहे हैं, वे जो अरब नासमझी से करते थे। शास्त्रों को दबाए फिरने से कुछ भी न होगा। वे सिर्फ टोंटियां हैं, उनसे कुछ भी नहीं निकल सकता। उनके पीछे बड़ा जाल है। उस पीछे बड़े जाल पर पहुंचना होगा, तो आप भी शास्त्र बन जाएंगे। तब आप जो बोलेंगे, वह शास्त्र बन जाएगा। लेकिन उस पीछे के रिजर्वायर पर वह छिपे जलस्रोत, परमात्मा का, सत्य का जहां है, वहां पहुंचना पड़ेगा। टोंटी ले जाने से कुछ भी नहीं हो सकता।

टोंटियां बिक रही हैं, मुफ्त भी बिक रही हैं! वह गीता प्रेस गोरखपुर टोंटियां छापता है! उसे अपने घर में रख लो! दो-दो पैसे, चार-चार पैसे में रख लो! खोलो टोंटी ज्ञान की धारा बहने लगेगी! नहीं, टोंटियों से कुछ भी नहीं हो सकता। ज्ञान नहीं, जानने की क्षमता विकसित करनी पड़ेगी।
मानना किसी और का दिया हुआ उधार ज्ञान है जबकि जानना स्वयं द्वारा अर्जित अनुभव है,इसलिए मानो मत जानो ।
आज बस इतना ही।

ओशो
शून्य के पार (प्रवचन-2)
संकलन-रामजी🙏🏽🌹🌹

Like Comment Send Share

19

Top comments

Write a public comment...

CamScanner

जाकर टोंटी खोल कर देखते फिर पानी गिर रहा है!

जिस दिन जाने का वक्त आया, सब वापस लौटने को थे। कार बाहर आ गई। सामान रख गया, सब अरब एकदम नदारद हो गए! तो उसने खोजवाया कि वे कहां गए? मैनेजर से पूछा कि सब साथी कहां गए? अभी तो यहां थे, पता नहीं कहीं बाहर तो नहीं निकल गए? होटल के आस-पास दिखवाया, कहीं भटक न जाएं, भाषा नहीं जानते! लेकिन वे कहीं न निकले! फिर उसे खयाल आया कि कहीं वे बाथरूम में न चले गए हों, जाने का वक्त है!

वह गया। अंदर जाकर देखा तो वे सब अपने-अपने बाथरूम में नल की टोंटी निकालने की कोशिश करते थे! तो उसने पूछाः यह तुम क्या कर रहे हो पागलो?

तो उन्होंने कहाः इस टोंटी को हम घर ले जाना चाहते हैं। ये बड़ी अद्भुत चीज हैं। बस खोलो और पानी निकलता है!

उसने कहा कि पागलो, टोंटी ले जाने से कुछ भी न होगा, क्योंकि टोंटी के पीछे बड़ा जाल है, बड़ा रिजर्वायर है पानी का। उधर से यहां तक आई हुई नालियां पड़ी हैं, उनसे पानी आ रहा है। टोंटी से कोई मतलब नहीं है।

और वे बिचारे यही समझते थे कि इतनी सी टोंटी, इसको खोल कर ले चलें घर, अरब में मजा आ जाएगा! जो भी देखेगा, वही चमत्कृत होगा। खोली टोंटी और पानी निकल आएगा!

वह जो शास्त्र है सिर्फ टोंटी है। उसके पीछे बड़ा जाल है। शास्त्र की टोंटी खोलने से कोई ज्ञान नहीं निकल आएगा। उसके पीछे बड़ा जाल है। कृष्ण की गीता सिर्फ टोंटी है, पीछे कृष्ण का बड़ा जाल है, बड़ा रिजर्वायर है। वह आप गीता को दबाए फिर रहे हैं! आप वही गलती कर रहे हैं, वे जो अरब नासमझी से करते थे। शास्त्रों को दबाए फिरने से कुछ भी न होगा। वे सिर्फ टोंटियां हैं, उनसे कुछ भी नहीं निकल सकता।

Write a public comment...
CamScanner

सत्य के साथ ओशो
Satish Purohit · 12h ·

एक आदमी था, बहुत अदभुत आदमी था–लारेंस। वह अरेबिया में, बहुत दिन तक अरब में आकर रहा। अरब की क्रांति में उसने भाग लिया। और धीरे-धीरे अरब लोगों के साथ उसका इतना प्रेम हुआ कि वह करीब-करीब अरबी हो गया। फिर अपने कुछ अरब मित्रों को लेकर वह पेरिस गया दिखाने। पेरिस में एक बड़ा मेला भरा हुआ था तो उसने कहा कि चलो तुम्हें पेरिस दिखा लाऊं। एक बड़े होटल में ठहराया। जाकर पेरिस घुमाया-एफिल टावर दिखाया, म्युजियम दिखाया, सब बड़ी-बड़ी चीजें दिखाईं! लेकिन अरबों को किसी चीज में रस न था! उनको रस एक अजीब चीज में था, जिसकी आप सोच ही नहीं सकते! वे लूव्र म्यूजियम में जल्दी करें, कि जल्दी होटल वापस चलो!

मेले में दिखाने ले गया। एक्झिबीशन दिखाई–बड़ी-बड़ी चीजें थीं। एफिल टावर को दिखाया। वे कहते कि जल्दी वापस चलो और जल्दी से जाकर बाथरूम में घुस जाते! इसने कहा, मामला क्या है!

सिनेमा में ले जाएं तो वे बीच में कहें कि जल्दी वापस चलो और जाकर सबके सब, जो आठ-दस साथी थे, सब अपने-अपने बाथरूम के अंदर हो जाते! उसने कहा कि मामला क्या है!

पता चला कि मामला यह था–उनके लिए सबसे चमत्कार की चीज थी–टोंटी नल की! रेगिस्तान में रहने वाले लोग थे, उनके लिए इतना बड़ा मिरेकल था यह कि टोंटी खोलो और पानी बाहर! वे तो बस बाथरूम भी इतना बड़ा चमत्कार था–क्योंकि पानी की बड़ी तकलीफ थी और उनकी समझ में नहीं आता था कि यह हुआ क्या, होता कैसे! कि यह होता कैसे है? वे तो बार-बार दिन में बीस दफा अंदर बाथरूम में जाकर टोंटी खोल कर देखते फिर पानी गिर रहा है!

जिस दिन जाने का वक्त आया, सब वापस लौटने को थे। कार बाहर आ गई। सामान रख गया, सब अरब एकदम नदारद हो गए! तो उसने

Write a public comment...

CamScanner

10:07 pm 48%

Naye bharat ke khoj · 17h ·

जो पुरुष तृप्त है, शुद्ध इंद्रिय वाला है और सदा एकाकी रमण करता है, उसी को ज्ञान और योगाभ्यास का फल प्राप्त हुआ है।'*

एक–एक शब्द को ध्यानपूर्वक समझना।

पहली बात. साधारणत: लोग सोचते हैं, एकाकी रमेंगे तो ज्ञान उपलब्ध होगा। यह सूत्र उलटा है। यह कहता है. जो एकाकी रमने में सफल हो गया उसे ज्ञान का फल मिल गया। एकाकी रमने से कोई ज्ञान को नहीं पाता, ज्ञान को पाने से एकाकी होने की क्षमता आती है। अकेले भाग जाने से तुम ज्ञान को उपलब्ध न हो जाओगे, हिमालय की कंदराओं में बैठ कर ज्ञान को उपलब्ध न हो जाओगे। तुम तो तुम ही रहोगे, जो बाजार में था वही हिमालय की गुफा में बैठ जायेगा। बाहर की स्थिति को बदलने से भीतर कोई क्रांति न हो जायेगी। घर में हो कि मंदिर में हो, क्या फर्क पड़ेगा? और भीड़ में हो कि अकेले, क्या फर्क पड़ेगा रूम तुम तो तुम ही रहोगे। यह तुम्हारा होना इतनी आसानी से नहीं बदलता। तो कोई संसार को छोड़ कर चला गया है, सोचता है, संसार को छोड़ने से बदलाहट हो जायेगी। बदलाहट हो जाये तो संसार छूट जाता है, लेकिन संसार को छोड़ने से बदलाहट नहीं होती।

*यह सूत्र अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मेरी पूरी देशना यही है। लोगों ने अक्सर कारण को कार्य समझ लिया है, कार्य को कारण समझ लिया है। लोग सोचते हैं : भोग छूट जाये तो त्याग फलित हो जायेगा। नहीं, ऐसा नहीं है। त्याग फलित हो जाये तो भोग छूट जाता है। त्याग का रस आ जाये तो भोग विरस हो जाता है। जिसके हाथों में हीरे–जवाहरात आ गये, वह कंकड़–पत्थर नहीं बीनता। लेकिन तुम सोचते हो कि कंकड़–पत्थर बीनना बंद कर देने से हीरे–जवाहरात हाथ में आ जायेंगे, तो तुम बड़ी गलती में पड़े हो। कंकड़–पत्थर न बीनने से केवल कंकड़–पत्थर न हाथ में रहेंगे, हीरे–जवाहरातों के आने का क्या संबंध है ?,,,,,,,,,,

संन्यास का अर्थ होता है; अकेले होने की क्षमता। अकेला होना नहीं, अकेले होने की क्षमता। जहां भी हो, यह स्मरण बना रहे कि "मैं अकेला हूं।' तब बीच-बाजार

CamScanner

10:07 pm 48%

संन्यास का अर्थ होता है; अकेले होने की क्षमता। अकेला होना नहीं, अकेले होने की क्षमता। जहां भी हो, यह स्मरण बना रहे कि "मैं अकेला हूं।" तब बीच-बाजार में तुम संन्यासी हो । गृहस्थ होकर संन्यासी हो । पत्नी है, बच्चे हैं, दुकान है, बाजार है तुम संन्यासी हो। इतनी याद बनी रहे कि "मैं अकेला हूं।"

ओशो

जिन सूत्र

(भाग – 02) प्रवचन – 31

अहोभाव

CamScanner

10:06 pm 48%

तीसरा कहता है:

"कभी भी यह शुरू होता है सही समय होता है। "

सब कुछ सही समय पर शुरू होता है न पहले न बाद में

जब हम अपने जीवन में कुछ नया शुरू करने के लिए तैयार होते हैं, तभी यह शुरू होगा।

और चौथा और अंतिम:

"जब कुछ समाप्त होता है, तो वह समाप्त होता है। "

बस यूं ही।

यदि हमारे जीवन में कुछ समाप्त हो गया है, तो यह हमारे विकास के लिए है, इसलिए बेहतर है कि इसे छोड़ देना, आगे बढ़ना और पहले से ही उस अनुभव से समृद्ध हो गया है।

मुझे लगता है कि यह संयोग से नहीं है कि आप इसे पढ़ रहे हैं, अगर ये शब्द आज हमारे जीवन में आते हैं; ऐसा इसलिए है क्योंकि हम यह समझने के लिए तैयार हैं कि कोई भी बर्फ का टुकड़ा गलत जगह पर नहीं गिरता है। "

Rate this translation

CamScanner

शमन के चार कानून

पहला कहता है:

"जो व्यक्ति हमारे जीवन में आता है वही सही व्यक्ति होता है"

दूसरे शब्दों में, कोई भी हमारे जीवन में संयोग से नहीं आता है, हमारे आस-पास के सभी लोग, जो हमारे साथ बातचीत करते हैं, किसी न किसी कारण से होते हैं, जो हमें हर स्थिति में सीखने और आगे बढ़ने के लिए मजबूर

दूसरा कानून कहता है:

"जो होता है वही होता है जो हो सकता था। "

कुछ भी नहीं, लेकिन कुछ भी नहीं, बिल्कुल कुछ भी नहीं जो हमारे जीवन में हमारे साथ होता है अन्यथा नहीं हो सकता था।

यहां तक कि सबसे महत्वहीन विवरण भी नहीं।

वहाँ नहीं है: "अगर मैंने ऐसा काम किया होता, तो ऐसा दूसरा होता ... ".

नहीं।

जो हुआ वही हो सकता था और हमें उस सबक को सीखने और आगे बढ़ने के लिए ऐसा होना चाहिए था।

हमारे जीवन में हमारे साथ होने वाली प्रत्येक परिस्थितियाँ परिपूर्ण होती हैं, भले ही हमारा मन और हमारा अहंकार विरोध करें और इसे स्वीकार नहीं करना चाहते।

तीसरा कहता है:

"कभी भी यह शुरू होता है सही समय होता है। "

सब कुछ सही समय पर शुरू होता है न पहले न बाद में

CS CamScanner



CamScanner

10:03 pm
48%
जो आदमी! 100%
समझदार है,
समझ लेना! वह आदमी
"मर चुका है.!!
ओशो
दिनेश कौशिक
19
2 comments
Like
Comment
Send

CamScanner


अंहकार सत्य को स्वीकार नहीं
करता हैं..और
सत्य को जानने
वाला कभी अंहकार
नहीं करता हैं
बुद्ध
ARVIND

CamScanner

9:58 pm 48%

कबीर कहते हैं : 'जहिया किरतम न हता...।' कबीर कहते हैं: जब कर्ता भी नहीं था; 'धरती हती न नीर।' और न पानी था और न पृथ्वी थी; 'उतपति परलय ना हता।' जब उत्पत्ति भी नहीं हुई थी संसार की ; प्रलय की तो बात हो कहां ! 'तब की कहै कबीर ।' कबीर तब को कह रहा है।

कबीर उस मूल स्रोत की कह रहा है, जिससे सब आया। कबीर उसकी देखकर कह रहा है। अब्राहम से पहले जीसस !

और कबीर तो और भी एक कदम आगे बढ़ गए; वे कहते हैं: पर- मात्मा से पहले कबीर । 'जहिया किरतम न हता'-कर्ता भी नहीं था, बनाने वाला भी नहीं था; कुछ बना नहीं था- 'धरती हती न नीर...। सृष्टि हुई ही न थी; सब शून्य था- महाशून्य था। 'उतपति परलय ना हता, तब की कहै कबीर ।'

तुम भी थे तब - अब्राहम से पहले। तुम भी थे तब-धरती हती न नीर । तुम पुराने हो। तुम अतिपुरातन हो। तुम सनातन हो। तुम्हें याद- भर नहीं रही, कबीर को याद आ गई है।

तुम वही हो, जो मूल में था । यही अर्थ है कहने का तत्त्वमसि - तुम परमात्मा हो । सब तुम्हारे बाद में हुआ है। और सब मिट जाएगा, तब भी तुम बचोगे । तुम्हारा कोई मिटना नहीं; तुम अमृत हो ।

-OSHO -

CamScanner

जीसस एक गांव के लोगों को समझा रहे हैं। यहूदियों की भीड़ है। क्योंकि यहूदी ही थे; और तो वहां कोई था नहीं। एक यहूदी रबाई ने पूछा कि, 'महानुभाव ! अब्राहम का नाम सुना कभी ?'

अब्राहम यहूदियों का सबसे पहला पैगम्बर, यहूदियों का पिता, जैसे राम हिन्दुओं के लिए प्यारे, वैसे अब्राहम यहूदियों के लिए प्यारे। और कुछ का तो कहना है कि राम और अब्राहम एक ही आदमी के दो नाम हैं। अब्राहम का पुराना नाम है-अवराम । और 'अब' का मतलब होता है- श्री-हिब्रू में,तो जो हिन्दी में श्रीराम का अर्थ होता है, वह अबराम का अर्थ होता है- हिब्रू में।

संभव है कि कहीं बहुत प्राचीन समय में, दूर, राम को मानने वाले लोग दो हिस्सों में बंट गए हों। और ये ही दो धर्म दुनिया में सब से ज्यादा पुराने हैं - हिन्दू और यहूदी। और इन्हीं दो धर्मों से दुनिया के सब धर्म निकले हैं। यहूदियों से निकली - ईसाइत और इसलाम । और हिन्दुओं से बौद्ध और जैन। इतने ही धर्म हैं दुनिया में खास । यहूदी और हिन्दू दो मूलधर्म मालूम होते हैं। दोनों के पीछे राम का नाम है।

तो उस यहूदी ने पूछा कि 'अब्राहम का नाम सुना कभी ?' और जीसस ने जो कहा, वह बड़ो अनूठी बात कही। जीसस ने कहा, 'जब अब्रा- हम भी पैदा नहीं हुआ था, तब भी मैं था।' यह तो बड़ी चोट करने वाली बात हो गई। और यहूदियों को बहुत बुरा लगा कि 'जब अब्राहम भी नहीं थे, तब भी मैं था ! मैं अब्राहम से पुराना हूं।'

जीसस यह कह रहे हैं कि मैं शाश्वत हूं। तुम भी शाश्वत हो। रूप आते हैं, जाते हैं। अब्राहम आया और गया । जीसस आया और गया । तुम आए और गए। ये रूप ही हैं, जो आते हैं और जाते हैं-आकृतियां । लेकिन जो भीतर छिपा हुआ सत्य है, वह शाश्वत है।

कबीर कहते हैं : 'जहिया किरतम न हता...।' कबीर कहते हैं: जब कर्ता भी नहीं था; 'धरती हती न नीर।' और न पानी था और न पृथ्वी थी; 'उतपति परलय ना हता।' जब उत्पत्ति भी नहीं हुई थी संसार की ; प्रलय की तो बात हो कहां ! 'तब की कहै कबीर ।' कबीर तब को कह रहा है।

CamScanner

9:56 pm 49%

लोभ, क्रोध और वासना

ये तीनों अगर न हो तो तुम्हारा अहंकार
बुझ जाएगा। और जहां अहंकार बुझा...
कि शून्य पैदा हुआ।



उसी शून्य में परमात्मा अवतरित होता है।
उसी खाली जगह मे,

CamScanner

9:56 pm 49%

Osho Rishi Valley. Shimla is feeling blessed.
1d ·

अब कितने सब मित्र नये वर्ष पर एक-दूसरे को शुभकामनाएं देंगे। इन मित्रों को पिछले वर्ष भी उन्होंने दी थीं। और फिर हम शुभकामनाओं को बड़े सरल मन से ग्रहण करेंगे और सरल मन से उनका प्रदान भी करेंगे। और जानते हुए कि यह सब व्यर्थ है, इसका कोई मतलब नहीं है।
तो मैं तो कोई शुभकामना नहीं करूंगा नये वर्ष के लिए आपको। क्योंकि मैं एक ही बात कह सकता हूं कि आपको याद दिलाऊं कि आपने इतने वर्ष पुराने कर डाले, तो नये वर्ष पर आप खयाल रखना कि अब फिर वही न करना आप जो अब तक किया है। इसको फिर वापस पुराना मत कर डालना, इसे नये करने की कोशिश करना। यह नया हो सकता है। और अगर यह नया हो गया तो प्रतिदिन नया हो जाता है, प्रतिदिन नये वर्ष का आरंभ है। पुराना टिकता ही नहीं, बचता ही नहीं, सब बह जाता है।
लेकिन हम ऐसा पकड़ते हैं पुराने को कि नये को होने के लिए अवकाश नहीं, स्पेस नहीं रह जाता। अगर हम अपने मन की खोजबीन करें, तो सब तरफ हम पुराने को इतने जोर से पकड़े हुए हैं कि नये के लिए जगह कहां है? नया आए कहां से आपके घर में? आपके चित्त में नये की किरण प्रवेश कहां से करे? आप तो पुराने को इतने जोर से पकड़े हुए हैं। उसे छोड़ते ही नहीं, रत्ती भर जगह नहीं छोड़ते उसमें। उधर स्पेस की जरूरत है, वहां जगह की जरूरत है, वहां से नया आ सकता है।

मेरी बातों को इतने प्रेम से सुना, उससे बहुत अनुगृहीत हूं। और आपके भीतर नया पैदा हो सके, ऐसी परमात्मा से प्रार्थना करता हूं।

आज इतना ही।

ओशो

CamScanner

एक दृष्टि राम भक्त हनुमान की ओर

1.	हनुमान जी का पहला नाम क्या था?
Ans	मारुति
2.	हनुमान जी की गदा का नाम क्या है?
Ans	कौमोदकी गदा
3.	हनुमान जी की आयु कितनी है?
Ans	4.32 अरब वर्ष
4.	हनुमान जी का सबसे शक्तिशाली मंत्र क्या है?
Ans	ॐ नमो भगवते हनुमते नमः।
5.	हनुमान जी को कौन सा भोग प्रिय है?
Ans	बूंदी
6.	हनुमान जी को कौन फूल पसंद है?
Ans	लाल पुष्प
7.	हनुमान अभी कहां है?
Ans	गंधमादन पर्वत पर
8.	हनुमान गदा का वजन कितना था?
Ans	21 टन, 42 फिट
9.	हनुमान जी पृथ्वी पर कब तक रहेंगे?
Ans	कलियुग के अंत तक

@Pi_education

~ शेयर जरूर करें🙏

CamScanner



CS CamScanner

लोगों की हास्यास्पद बातों पर तुम आसानी से हंस सकते हो, लेकिन कभी तुम स्वयं पर भी हंसे हो? कभी तुमने स्वयं को कुछ हास्यास्पद करते हुए पकड़ा है? नहीं, स्वयं को तुम बिलकुल अनदेखा रखते हो -- तुम्हारा सारा देखना दूसरों के विषय में ही है, और उसका कोई लाभ नहीं है।

अवलोकन की इस ऊर्जा का उपयोग अपने अंतस के रूपांतरण के लिए कर लो। यह इतना आनंद दे सकती है, इतने आशीष बरसा सकती है कि तुम स्वप्न में भी नहीं सोच सकते। सरल सी प्रक्रिया है, लेकिन एक बार तुम इसका उपयोग स्वयं पर करने लगो, तो यह एक ध्यान बन जाता है।

किसी भी चीज को ध्यान बनाया जा सकता है!

अवलोकन तो तुम सभी जानते हो, इसलिए उसे सीखने का कोई प्रश्न नहीं है, केवल देखने के विषय को बदलने का प्रश्न है। उसे करीब पर ले आओ। अपने शरीर को देखो, और तुम चकित होओगे।

अपना हाथ मैं बिना द्रष्टा हुए भी हिला सकता हूं, और द्रष्टा होकर भी हिला सकता हूं। तुम्हें भेद नहीं दिखाई पड़ेगा, लेकिन मैं भेद को देख सकता हूं। जब मैं हाथ को द्रष्टा-भाव के साथ हिलाता हूं, तो उसमें एक प्रसाद और सौंदर्य होता है, एक शांति और एक मौन होता है।

तुम हर कदम को देखते हुए चल सकते हो, उसमें तुम्हें वे सब लाभ तो मिलेंगे ही जो चलना तुम्हें एक व्यायाम के रूप में दे सकता है, साथ ही इससे तुम्हें एक बड़े सरल ध्यान का लाभ भी मिलेगा।
ओशो🙏

CamScanner

9:51 pm 49%

🙏साक्षी🙏

साक्षी का प्रयोग शुरु करना होता है शरीर को चलते हुए, बैठे हुए, बिस्तर पर जाते हुए, या खाते हुए देखने से! स्थूलतम चीजों से व्यक्ति को शुरु करना चाहिए,
 क्योंकि यह सरल है। और फिर उसे सूक्ष्म अनुभवों की ओर जाना चाहिए -- विचारों को देखना शुरु करना चाहिए।और जब व्यक्ति विचारों को देखने में कुशल हो जाता है, तो उसे अनुभूतियों को देखना शुरु करना चाहिए। जब तुम्हें लगे कि तुम अपनी अनुभूतियों को भी देख सकते हो, तो फिर अपनी भाव-दशाओं को देखना शुरु करो, जो कि अनुभूतियों से अधिक सूक्ष्म भी हैं, और स्पष्ट भी।

द्रष्टा होने का चमत्कार यह है कि जब तुम शरीर को देखते हो, तो तुम्हारा द्रष्टा अधिक मजबूत होता है। जब तुम अपने विचारों को देखते हो, तो तुम्हारा द्रष्टा और भी मजबूत होता है। और जब अनुभूतियों को देखते हो, तो तुम्हारा द्रष्टा फिर और मजबूत होता है। जब तुम अपनी भाव-दशाओं को देखते हो, तो द्रष्टा इतना मजबूत हो जाता है कि स्वयं बना रह सकता है -- स्वयं को देखता हुआ, जैसे कि अंधेरी रात में जलता हुआ एक दीया न केवल अपने आस-पास प्रकाश करता है, बल्कि स्वयं को भी प्रकाशित करता है!

लेकिन लोग बस दूसरों को देख रहे हैं, वे कभी स्वयं को देखने की चिंता नहीं लेते। हर कोई देख रहा है -- यह सबसे उथले तल पर देखना है -- कि दूसरा व्यक्ति क्या कर रहा है, दूसरा व्यक्ति क्या पहन रहा है, वह कैसा लगता है। हर व्यक्ति देख रहा है -- देखने की प्रक्रिया कोई ऐसी नई बात नहीं है, जिसे तुम्हारे जीवन में प्रवेश देना है। उसे बस गहराना है -- दूसरों से हटाकर स्वयं की आंतरिक अनुभूतियों, विचारों और भाव-दशाओं की ओर करना है -- और अंततः स्वयं द्रष्टा की ओर ही इंगित कर देना है।

लोगों की हास्यास्पद बातों पर तुम आसानी से हंस सकते हो, लेकिन कभी तुम स्वयं पर भी हंसे हो? कभी तुमने स्वयं को कुछ हास्यास्पद करते हुए पकड़ा है? नहीं, स्वयं को तुम बिलकुल अनदेखा रखते हो -- तुम्हारा सारा देखना दूसरों के विषय में ही है, और उसका कोई लाभ

CamScanner



CamScanner



CamScanner

9:47 pm 49%
5 6

वह गया, लेकिन रोता हुआ वापिस लौटा। परमात्मा रोता हुआ वापिस लौटा! क्योंकि अंधे से जब उसने कहा कि मैं परमात्मा हूं तुझे वरदान देने आया हूं मांग ले जो मांगना है—उसने कहा कि लंगडे को अँधा कर दो। जब उसने लगडे से कहा तो लंगडे ने कहा कि अंधे को लंगडा कर दो प्रभु। 'ऐसे ही अज्ञनुभवों के कारण उसने आना भी जमीन पर धीरे—धीरे बंद कर दिया। कोई सार नहीं है। बीमारी दुगुनी हो गई। आने से कुछ फायदा न हुआ। दया का परिणाम और घातक हो गया।

अंधे ने मांगा, वहीं भूल हो गई। लंगड़े ने मांगा, वहीं भूल हो गई। आदतें पुरानी थीं और अभी भी क्रोध का जहर बाकी था। तो परमात्मा भी सामने खड़ा था, फिर भी चूक गए। आदमी के सामने कई बार मोक्ष की घड़ी आ जाती है, फिर भी आदमी चूक जाता है (क्योंकि पुरानी आदतें हमला करती हैं और मोक्ष की घड़ी में बड़ी जोर से हमला करती हैं। क्योंकि आदतें भी अपनी रक्षा करना चाहती हैं। हर आदत अपनी रक्षा करती है, टूटना नहीं चाहती।

ओशो - अष्टावक्र: महागीता, (भाग–1) प्रवचन–15
संकलन-रामजी 🙏🌹🌹

CamScanner

प्रेम मार्ग

Prema Agrawal · 6d ·

पुरानी आदतें जाती नहीं। बोध भी आ जाता है तो पुरानी आदतें लौट—लौट कर हमला करती हैं। आदतें बदला लेती हैं।

मैंने सुना है, एक अंधा और एक लंगड़ा दो मित्र थे—दोनों भिखारी। और दोनों की मित्रता एकदम जरूरी भी थी, क्योंकि एक अंधा था और एक लंगड़ा था। लंगड़ा चल नहीं सकता था, अंधा देख नहीं सकता था। तो अंधा चलता था और लंगड़ा देखता था। लंगड़ा अंधे के कंधों पर बैठ जाता, दोनों भिक्षा मांग लेते। साझेदारी थी भिखारी की दूकान में। लेकिन कभी—कभी झगड़ा भी हो जाता था; जैसा सभी साझेदारों में होता है। कभी एक ज्यादा ले लेता, दूसरा कम ले लेता। या लंगड़ा चकमा दे देता अंधे को, तो झगड़ा हो जाता था। एक दिन झगड़ा इतना बढ़ गया कि मारपीट हो गई। मारपीट हो गई और दोनों ने कहा कि अब यह साझेदारी खत्म, यह पार्टनरशिप बंद, अब नहीं करते। अब अपनी तरफ से ही घिसट लेंगे, मगर यह नहीं चलेगा। यह तो काफी धोखा चल रहा है।

कहते हैं, परमात्मा को बड़ी दया आई। पहले आती रही होगी अब नहीं आती। क्योंकि परमात्मा भी थक गया दया कर—कर के, कुछ सार नहीं। आदमी कुछ ऐसा ह,ऐ कि तुम दया करो तो भी उस तक दया पहुंचती नहीं। परमात्मा भी थक गया होगा। पर यह पुरानी कहानी है, दया आ गई। परमात्मा मौजूद हुआ, प्रगट हुआ। उसने उस दिन सोचा कि आज दोनो को आशीर्वाद दे दूंगा। अंधे के पास जा कर कहूंगा मांग ले जो तुझे मांगना है। स्वभावत: अंधा मांगेगा कि मुझे आंखें दे दो, क्योंकि वही उसकी पीड़ा है,। लंगड़े से कहूंगा, जो तुझे मांगना है तू मांग ले। वह मांगेगा पैर, उसको पैर दे दूंगा। अब दोनों को स्वतंत्र कर देना उचित है।

वह गया, लेकिन रोता हुआ वापिस लौटा। परमात्मा रोता हुआ वापिस लौटा! क्योंकि अंधे से जब उसने कहा कि मैं परमात्मा हूं तुझे वरदान देने आया हूं मांग ले जो मांगना है—उसने कहा कि लंगडे को अँधा कर दो। जब उसने लगडे से कहा तो लंगडे ने कहा कि अंधे को लंगडा कर दो प्रभु। 'ऐसे ही अज्ञनुभवों के कारण उसने आना भी जमीन पर धीरे—धीरे

CS CamScanner

अपो दीपो भव
5h ·

🙏मैं उपदेशक नहीं हूँ।कोई शिक्षा मैं नहीं देना चाहता हूँ।अपना कोई विचार तुम्हारे मन में डालने की मेरी कोई आकांक्षा नहीं है।सब विचार व्यर्थ हैं और धूलिकणों की भांति वे तुम्हें आच्छादित कर लेते हैं।और फिर जो तुम नहीं हो वैसे दिखाई पड़ने लगते हो।और जो तुम नहीं हो वह ज्ञात-सा मालूम होने लगता है।यह बहुत आत्मघातक है।
विचारों से अज्ञान मिटता नहीं, केवल छिप जाता है।ज्ञान को जगाने के लिये अज्ञान को उसकी पूरी नग्नता में जानना जरूरी है।इसलिए विचार के वस्त्रों से अपने को मत ढांको।समस्त वस्त्रों और आवरणों को अलग कर दो ताकि तुम अपनी नग्नता और रिक्तता से परिचित हो सको।वह परिचय ही तुम्हें अज्ञान के पार ले जाने वाला सेतु बनेगा।अज्ञान के बोध का तीव्र संताप ही क्रांति का बिंदु है।
इससे मैं तुम्हें ढांकना नहीं, उघाड़ना चाहता हूँ।जरा देखो।तुमने कितनी अंधी श्रद्धाओं और धारणाओं और कल्पनाओं में अपने को छिपा लिया है।और इन मिथ्या सुरक्षाओं में तुम अपने को सुरक्षित समझ रहे हो।यह सुरक्षा नहीं, आत्मवंचना है।
मैं तुम्हारी इस निद्रा को तोड़ना चाहता हूँ।स्वप्न नहीं, केवल सत्य ही एकमात्र सुरक्षा है।
और यदि तुम स्वपनों को छोड़ने का साहस करो तो सत्य को पाने के अधिकारी हो जाते हो।कितना सस्ता सौदा है!सत्य को पाने के लिए और कुछ नहीं केवल स्वप्न ही छोड़ने पड़ते हैं।
विचारों की,स्वपनों की,कल्पना-चित्रों की मूर्च्छा को तोड़ना है।उससे,जो कि दिख रहा है,उसपर जागना है, जो कि देख रहा है।
'वह द्रष्टा ही सत्य है,उसे पा लो,तो समझो जीवन पा लिया है।'यह किसी से कह रहा था।वे सुनकर विचारमग्न हो गए।मैंने उनसे कहा:आप तो सोच में पड़ गये।उसी से तो मैं जागने को कह रहा हूँ।वही तो निद्रा है।
🙏ओशो🙏

CamScanner

9:42 pm 49%

अपो दीपो भव

5h ·

🙏 अपने जन्मदिन (11th Dec, 1970) पर दिया गया ओशो का प्रवचन 🙏

उस दिन से आपका जन्म शुरू हुआ जिस दिन से यह जिंदगी व्यर्थ दिखाई पड़नी शुरू हो जाए, उस दिन मैं कहूंगा आपकी असली जिंदगी शुरू हुई। आपका असली जन्म शुरू हुआ। और इस तरह के आदमी को ही द्विज, ट्वाइस बॉर्न। जनेऊ डालने वाले को नहीं। क्योंकि जनेऊ तो किसी को भी डाला जा सकता है।
द्विज हम कहते रहे हैं उस आदमी को जो इस दूसरी जिंदगी में प्रवेश कर जाता है। एक जन्म है जो मां-बाप से मिलता है वह शरीर का ही हो सकता है। कि और जन्म है जो स्वयं की खोज से मिलता है वही जीवन की शुरुआत है। इस जन्मदिन पर, मेरे तो नहीं कह सकता। क्योंकि मैं तो जीसस, बुद्ध और लाओत्से से राजी हूं। लेकिन इस जन्मदिन पर जो कि अ, ब, स, द किसी का भी हो सकता है। आपसे इतना ही कहना चाहता हूं कि एक और सत्य भी है। उसे खोजें। एक और जीवन भी है यहीं पास, जरा मुड़ें तो शायद मिल जाए। बस किनारे पर, कोने पर ही। और जब तक वह जीवन न मिल जाए, तब तक जन्मदिन मत मनाएं। तब तक सोचें मत जन्म की बात। क्योंकि जिसको आप जन्म कह रहे हैं, वह सिर्फ मृत्यु का छिपा हुआ चेहरा है। हां, जिस दिन जिसको मैं जन्म कह रहा हूं, उसकी आपको झलक मिल जाए, उस दिन मनाएं। उस दिन फिर प्रतिपल जन्म है, क्योंकि उसके बाद फिर जीवन ही जीवन है–शाश्वत, अनंत; फिर उसका कोई अंत नहीं है। ऐसे जन्म की यात्रा पर आप निकलें, ऐसी परमात्मा से प्रार्थना करता हूं।

🌼 ओशो 🌼

CamScanner

CamScanner

4:49 am 35%

खान भाई नें कन्हैया को गोद में उठाकर प्यार से उसके चरणों से खून पूँछते हुए पूछा बेटे तेरा क्या नाम है कन्हैया बोला श्याम, खान भाई बोला तुम तो मंदिर से आये हो फिर ये खून क्यों निकल रहे हैं।

कन्हैया बोला नहीं मैं मन्दिर से नहीं गोकुल से पैदल चलकर आया हूँ क्योंकि तुमने मेरी जैसी मूरत दिल में बसाई में उसी मूरत में तुम्हारे पास आया हूँ इसलिए मुझे गोकुल से पैदल आना पड़ा है और पैरों में काँटे लग गये हैं।

खान भाई भगवान को पहचान गया और वादा किया कि हे कन्हैया, हे मेरे मालिक, में तेरा हूँ और तेरे गुण गाया करूँगा और तेरे ही पद लिखा करूँगा इस तरह एक मुसलमान खान भाई से रसखान बनकर भगवान का पक्का भक्त बना।

----------:::×:::----------

"जय जय श्री राधे"

****

"श्रीजी की चरण सेवा" की सभी धार्मिक, आध्यात्मिक एवं धारावाहिक पोस्टों के लिये हमारे पेज से जुड़े रहें।

CamScanner

4:49 am VoLTE 4G R 35%

"कल्याण"- गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित मासिक "पत्रिका"

श्रीजी की चरण सेवा · 15h ·

. "भक्त रसखान"

एक मुसलमान था जो रोज पान की दुकान पर पान खाने जाता था। एक दिन उसकी नजर वहाँ लगी हुई कन्हैया की तस्वीर पर पड़ी तो उसने पान वाले से पूछा भाई ये बालक किसका है और इसका क्या नाम है। पान वाला बोला ये श्याम है। खान साहब बोले ये बालक बहुत सुन्दर है, घुंघराले बाल हैं, हाथ में मुरली भी मनोहर लगती है मगर ये जिस जमीन पर खड़ा है वो खुरदरी है, इसके पैरों में छाले पड़ जायेंगे, इसको चप्पल क्यों नहीं पहनाते हो। पान वाला बोला तुझे दया आ रही है तो तू ही पहना दे।

ये बात खान भाई के दिल में उतर गई और दूसरे दिन कन्हैया के लिए चप्पल खरीदकर ले आया और बोला लो भाई मैं चप्पल ले आया बुलाओ बालक को। पान वाला बोला कि ये बालक यहाँ नहीं रहता है ये वृंदावन रहता है, वृंदावन ही जाओ। खान साहब ने पूछा की इसका पता तो बताओ कि वृंदावन में कहाँ रहता है पान वाला बोला इसका नाम श्याम है और वृंदावन के बांके बिहारी मन्दिर में रहता है।

खान साहब वृंदावन के लिए चल दिए वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में जैसे ही प्रवेश करने लगा तो मंदिर के पुजारी ने बाहर ही रोक दिया और कहा कि तुम दूसरे समाज के हो इसलिए मंदिर में तुम्हारा प्रवेश नहीं कर सकते। खान भाई यह सोचकर कि मेरा श्याम कभी तो घर से बाहर आयेगा मन्दिर के गेट पर ही बैठकर इन्तजार करने लग गया।

उसे इन्तजार करते-करते पूरा दिन निकल गया रात भी निकल गई भोर का समय था तो उसके कानों में घुंघरूओं की आवाज आई उसने खड़ा होकर चारों तरफ देखा कुछ दिखाई नहीं दिया फिर उसने अपने चरणों की तरफ देखा तो श्याम उसके चरणों में बैठा हुआ दिखते हैं। श्याम को देखकर खान भाई की खुशी का ठिकाना नहीं रहा मगर उसे बहुत दु:ख हुआ जब कन्हैया के चरणों से खून निकलता हुआ देखा।

खान भाई नें कन्हैया को गोद में उठाकर प्यार से उसके चरणों से

CamScanner



CamScanner

सत्यनाम
सदगुरु कबीर साहेब वाणी वचन
दास:नरेश कुमार बैरागी
सदगुरु कबीर साहेब
देख कबीरा दंग रह गया,
मिला ना कोई मीत।
मंदिर मस्जिद के चक्कर में,
खत्म हो गई प्रीत।।
सदगुरु कबीर साहेब वाणी वचन
दास:नरेश कुमार बैरागी

CamScanner


मौन सीखो!
और कम से कम अपने मित्र के साथ,
अपने प्रेमी के साथ,
अपने परिवार के साथ,
या यहां पर,
कभी-कभी मौन में बैठो।
गपशप मत करते रहो,
बातचीत मत करते रहो।
बातचीत बंद करो,
और सिर्फ बाहर ही नहीं,
भीतरी बातचीत भी बंद करो।
अंतराल में बने रहो।
बस बैठ जाओ, कुछ नहीं करो,
सिर्फ
एक-दूसरे के लिए उपस्थित रहो।
और जल्दी ही तुम संवाद का
एक नया ढंग पा लोगे,
और वही सही ढंग है!
रजनीश के प्रणाम

CamScanner

4:44 am
VoLTE 4G R 36%

APP STORE
Watch the Best Movies of Peacock - Fifty Shades of Grey
Subscribe

720
3 comments • 9 shares
Like Comment Share

ओशो - जीवन-मृत्यु

Abhishekh Kumar · 6h ·

कार्ल मार्क्स ने कहा है कि धर्म ने आज तक आदमी को अफीम दी है।

और इसमें बहुत दूर तक सचाई है। कम से कम जिनको तुम साधु-संत कहते हो, उनके संबंध में तो यह बात सौ प्रतिशत सच है। हां, दो-चार लोगों को छोड़ दो-एक बुद्ध को, एक कृष्ण को, एक महावीर को, एक क्राइस्ट को, एक मोहम्मद को, ऐसे कुछ लोग छोड़ दो, वे अपवाद हैं-बाकी जो भीड़-भाड़ है कुंभ के मेले में तुम्हारे साधु-संतों की, उनके संबंध में मार्क्स बिल्कुल ठीक कहता है कि जनता को अफीम पिलाई गई है।

लेकिन तुम अफीम मांगते हो। तुम कहते हो, किसी तरह जिंदगी को झेलने योग्य बना दो। तुम्हारी जिंदगी दुखपूर्ण है, यह सच है। यह दुख मिट भी सकता है, यह भी सच है। मगर दुख को मिटाना अफीम से नहीं होता। दुख को मिटाने के लिए श्रम करना होगा, साधना करनी होगी। दुख को मिटाने के लिए दुख की आधारभूत जड़ें काटनी होंगी। दुख है तो उसके कारण हैं। उन कारणों को मिटाना होगा। बीमारी है तो उसकी वजह है। सिर्फ बीमारी के लक्षण मिटाने से बीमारी न मिट जाएगी।

- ओशो

CamScanner

हमें भी मृत्यु पर विजय प्राप्त करनी है।
हमें भी बिना घबराए, बिना अटके,
बिना भटके, बिना पीछे मुड़कर देखे,
निरंतर आगे बढ़ते रहना है।

037 नाव जला दो

SHASHWAT ATRIPTI

Swami Lokeshanand Paramhans

CamScanner

धार्मिक आदमी दुस्साहसी है। दुस्साहस उसका यह है कि जैसा है, ऐज इट इज़, वह उसे स्वीकार करता है। वह कहता है, यह भी तेरा और यह भी तेरा। जन्म भी तेरा और मृत्यु भी तेरी। दोनों के लिए मैं राजी हूं। इसलिए कृष्ण अर्जुन को कहते हैं, प्रलय भी मैं, सृजन भी मैं। दोनों ही मैं हूं।

आपका हृदय ढलता है उसी रूप में, जिस रूप में आप परमात्मा को स्वीकार करते हैं। तोड़कर नहीं, जोड़कर, इकट्ठा, सबको लिए हुए। और जब सुबह आपके पैर में कांटा गड़े, तो यह मत सोचना कि शैतान ने गड़ाया। तब उसको भी सोचना कि परमात्मा ने गड़ाया; और परमात्मा ने आपको इस योग्य समझा कि कांटा गड़ाया, उसके लिए भी धन्यवाद दे देना।

और जिस दिन फूल के लिए ही नहीं, कांटे के लिए भी परमात्मा कोई धन्यवाद दे पाता है, उस दिन उसे मंदिरों में जाने की जरू रह जाती। वह जहां है, वहीं मंदिर आ जाता है।

CamScanner

9:44 am VoLTE 4G R 96%

पर बुद्ध ने कहा, निमंत्रण तो मुझे आपके पहले मिल गया

पर प्रसेनजित ने कहा कि अगर इसकी खबर भी लोगों को हो जाएगी कि आप आम्रपाली वेश्या के घर भोजन करने गए, महा अनर्थ हो जाएगा, प्रतिष्ठा धूल में मिल जाएगी। आप और वेश्या के घर जाएंगे!

पर बुद्ध ने कहा, निमंत्रण उसका ही पहले है और हां भी भरी जा चुकी है। और जिन बातों से आप मुझे भयभीत करते हैं, अगर मैं उनसे भयभीत ही होता हूं, तो फिर मैं बुद्ध ही नहीं हूं। अब तो होगी बदनामी, तो अच्छा। इस जगत में बदनामी होगी।

लेकिन अगर वेश्या के घर जाने की बदनामी से डर कर प्रसेनजित, तुम्हारी मैं मान लूं, तो अनंत-अनंत काल में जो बुद्ध हुए हैं, वे मुझ पर हंसेंगे। वहां मेरी बड़ी बदनामी हो जाएगी। तो इस बदनामी को हो जाने दो।

लाओत्से कहता है, निष्पक्ष हो जाता है वैसा व्यक्ति। जीता है-पक्षों से नहीं, सहजता से। कोई निर्णय नहीं लेता-क्या बुरा है और क्या भला है, क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए।

थोड़ी कठिनाई लगेगी; क्योंकि जिनकी नैतिक बुद्धि है और जो सोचते हैं कि जीवन की जो ऊंची से ऊंची बात है, वह नीति है, उनको बहुत कठिनाई होगी।

नीति ऊंची से ऊंची बात उनके लिए है, जिनके जीवन अनैतिक हैं। जैसे औषधि उनके काम की है जो बीमार हैं। लेकिन भूल कर भी स्वस्थ लोगों को औषधि मत पिलाने लगना।

नीति उनके काम की है, जो अनीति में भरे हैं और पड़े हैं। लेकिन जो धर्म को उपलब्ध होते हैं, उनसे नीति वैसे ही छूट जाती है जैसे अनीति छूट जाती है। पक्ष छूट जाते हैं।

ओशो,
ताओ उपनिषद-38

CamScanner

12:16 pm • VoLTE 4G R 91%

hi.m.wikipedia.org/wiki/

विकिपीडिया

कुम्भन दास

भक्तिकाल मे कृष्णभक्ति धारा का विशेष महत्त्व है। पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक बल्ल्भाचार्य के शिष्यों में कुम्भनदास का योगदान इस लिये ज्यादा है कि उन्होंने कृष्णभक्ति को राज भक्ति से अधिक महत्त्व दिया। वे मुगल बादशाह अकबर के समकालीन थे। कहते हैं, एक बार अकबर ने उन्हें फतेहपुर सीकरी आमंत्रित किया, कुम्भनदास को इससे बहुत ग्लानि महसूस हुई। इस भाव को उन्होंने अपनी कविता में इस तरह व्यक्त किया है- सन्तन को कहा सीकरी सों काम, आवत जात पनहिया टूटी, बिसर गयो हरि नाम। अर्थात्, सन्तों को सीकरी से क्या लेना-देना, राजा के यहां आने-जाने में जूता घिसा अर्थात थकान हुई अलग, ईश्वर का नाम भी याद ना रहा। वे लिखते हैं - जिनके मुख देखे दुख उपजत, तिन्को करना परी प्रनाम। अर्थात्, जिनका मुंह देखना भी कष्टप्रद है, उनको प्रणम करना पडता है। राजा के प्रति ऐसी विरक्ति सामान्य बात है क्या?

बाहरी कड़ियाँ

CamScanner

12:16 pm 91%

google.com/search?q=जि

जिनको मुख देखत दुख उपजत

सभी वीडियो इमेज शॉपिंग समाचार किताबें मैप

हिंदी में खोजें जिनको मुख देखत दुख उपजत

इसे सुनें

" जिनको देखे दुख उपजत है तिनको करना परि प्रणाम " का अर्थ है कि जिनको देखने से ही दुख होता है उनको नमस्ते या सलाम करनी पड़ रही है। उपुर्युक्त पंक्तियां कुम्भनदास जी की है। एक बार बादशाह अकबर ने उन्हें फतेह पुर सीकरी पुरस्कार देने के लिए आमंत्रित किया।

10 Dec 2019

https://brainly.in › question

meaning of jinko dekhe dukh upjat hai tinko karbo pare salam - Brainly.in

About featured snippets Feedback

विकिपीडिया
https://hi.m.wikipedia.org › wiki

कुम्भन दास

वे लिखते हैं - जिनके मुख देखे दुख उपजत, तिन्को करना परी प्रनाम। अर्थात्, जिनका मुंह देखना ...

Quora
https://hi.quora.com › संतन-को-...

संतन को कहा सीकरी सों काम । आवत जात पनहियाँ

CamScanner

11:27 pm   VoLTE 4G R 22%

Video

Vipin Kumar Singh · Follow

1d ·

पूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद: सरस्वती जी बता रहें हैं कि सनातम धर्म के चारों पूज्य #शंकर... See more

1.9K   518 comments • 223 shares • 51K views

Like   Comment   Give   Share

New for you

See all (2)

Shared by: Rajesh Kumar Pandey, Om Prakash Upadhyay Upadhyay and oth...

CamScanner


1:28 pm
50%
Reels
संसार का नियम है कि
बालक को मित्र से, युवा को
प्रेमीका से, विवाहित को
ससुराल से और वृध्द को
अपनी संतान से ही दुख
मिलता है जिसका उसके
पास कोई उपाय नहीं होता है
11K
19
1.3K
motivational_path_quotes
Motivation... more
Send
Rina Amelia · Mahabhara

CamScanner


1:26 pm
51%
Reels
।। शिव कहते हैं।।
मैं वो हु जो नही है, और जो नही है मैं वो हु
जैसे सुमन्दर में से पानी की एक बूंद निकाल दो तो
वो एक बूंद हो गई और वापस से समुद्र में वो एक
बूंद डाल दो तो वो बूंद फिर से पूरा सुमूदुर हो जाती है
जब तक आप सास ले रहे हैं तब तक शिव आप में है
जब आप की सास बंद हो गई तब आप शिव में होगे
इसलिए कभी भी डरो मत शिव आप के इतने पास
है जितने पास आप खुद के नही हो ⚓
31K
420
3.1K
Send
Use audio
sunny_lifescientist
Shiv aur aap ek he ho ❤️❤️... more
Add a comment...
GIF

CamScanner



insta:- swami_dhyan_rohan

जिस दिन तुम्हें अपने मूल्य का पता लग गया। उस दिन के बाद तुम्हें, किसी के द्वारा की गई प्रशंसा निंदा से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

~ओशो

CamScanner

प्रेम कभी व्यक्ति से नहीं होता, व्यक्तित्व से होता है। प्यार कभी शरीर से नहीं होता, वो तो आत्माओं का विषय है, और आत्मा की तरह ही, प्रेम कभी नहीं मरता | जो मरता है,नी: संदेह वो प्रेम नहीं, प्रेम का भ्रम है !!

आचार्य रजनीश..!!

Osho_madhushala_...!!

CS CamScanner


जब किसी से प्रेम हो जाये तो
उससे केवल प्रेम करना,
उसे पाने या उसे
जान ने का प्रयास मत करना,
जितना उसे पाने या
जान लेने का प्रयास करोगे,
उतना ही तुम दुख़ पाओगे..,
प्रेम हुआ है तो प्रेम करो
बस और कुछ मत करो..!!
__Osho

CamScanner

8:15 pm 52%

दिन थे, जब मैं कृष्ण की गीता पर बोला, क्योंकि भीड़ भाड़ मेरे पास थी। भीड़ भाड़ के लिए अष्टावक्र—गीता का कोई अर्थ न था।

बड़ी चेष्टा करके भीड़ भाड़ से छुटकारा पाया है। अब तो थोड़े से विवेकानंद यहां हैं। अब तो उनसे बात करनी है, जिनकी बड़ी संभावना है। उन थोड़े से लोगों के साथ मेहनत करनी है, जिनके साथ मेहनत का परिणाम हो सकता है। अब हीरे तराशने हैं, कंकड़ पत्थरों पर यह छैनी खराब नहीं करनी। इसलिए चुनी है अष्टावक्र की गीता। तुम तैयार हुए हो, इसलिए चुनी है।

ओशो
अष्टावक्र महागीता
भाग—1, प्रवचन—1

27 5 comments • 4 shares

CamScanner

8:14 pm 52%

उन्होंने कहा, 'छोड़, प्रमाण वगैरह बाद में सोच लेंगे। मैं जरा बूढ़ा हुआ, मुझे पढ़ने में अड़चन होती है। तू अभी जवान, तेरी आंख अभी तेज यह किताब पड़ी है, इसे तू पढ़।वह थी अष्टावक्र गीता।' जरा मुझे सुना दे।'

कहते हैं, विवेकानंद को इसमें तो कुछ अड़चन न मालूम पड़ी, यह आदमी कुछ ऐसी तो कोई खास बात नहीं मांग रहा है!

दो चार सूत्र पढ़े और एक घबड़ाहट, और रोआं रोआं कंपने लगा! और विवेकानंद ने कहा, मुझसे नहीं पढ़ा जाता। रामकृष्ण ने कहा : पढ़ भी! इसमें हर्ज क्या है? तेरा क्या बिगाड़ लेगी यह किताब? तू जवान है अभी। तेरी आंख अभी ताजी हैं। और मैं बूढ़ा हुआ, मुझे पढ़ने में दिक्कत होती है। और यह किताब मुझे पढ़नी है तो तू पढ़ कर सुना दे।

कहते हैं उस किताब को सुनाते—सुनाते ही विवेकानंद डूब गये। रामकृष्ण ने देखा इस व्यक्ति के भीतर बड़ी संभावना है, बड़ी शुद्ध संभावना है, जैसी एक की होती है जो कभी न कभी बुद्ध होना जिसका निर्णीत है, आज नहीं कल, भटके कितना ही, बुद्धत्व जिसके पास चला आ रहा है।

क्यों अष्टावक्र की गीता रामकृष्ण ने कही कि तू पढ़ कर मुझे सुना दे? क्योंकि इससे ज्यादा शुद्धतम वक्तव्य और कोई नहीं। ये शब्द भी अगर तुम्हारे भीतर पहुंच जायें तो तुम्हारी सोयी हुई आत्मा को जगाने लगेंगे। ये शब्द तुम्हें तरंगायित करेंगे। ये शब्द तुम्हें आह्लादित करेंगे। ये शब्द तुम्हें झकझोरेंगे। इन शब्दों के साथ क्रांति घटित हो सकती है।

अष्टावक्र की गीता को मैंने यूं ही नहीं चुना है। और जल्दी नहीं चुना बहुत देर करके चुना है, सोच विचार कर।

दिन थे, जब मैं कृष्ण की गीता पर बोला, क्योंकि भीड़ भाड़ मेरे पास थी। भीड़ भाड़ के लिए अष्टावक्र—गीता का कोई अर्थ न था।

बड़ी चेष्टा करके भीड़ भाड़ से छुटकारा पाया है। अब तो थोड़े से विवेकानंद यहां हैं। अब तो उनसे बात करनी है, जिनकी बड़ी संभावना है। उन थोड़े से लोगों के साथ मेहनत करनी है, जिनके साथ मेहनत का

CamScanner

8:14 pm VoLTE 4G R 53%

विवेकानंद रामकृष्ण के पास आये, तब उनका नाम 'नरेंद्रनाथ' था। 'विवेकानंद' तो बाद में रामकृष्ण ने उनको पुकारा।

जब आये रामकृष्ण के पास तो अति विवादी थे, नास्तिक थे, तर्कवादी थे। हर चीज के लिए प्रमाण चाहते थे।

कुछ चीजें हैं जिनके लिए कोई प्रमाण नहीं मजबूरी है। परमात्मा के लिए कोई प्रमाण नहीं है; है और प्रमाण नहीं है। प्रेम के लिए कोई प्रमाण नहीं है; है और प्रमाण नहीं है। सौंदर्य के लिए कोई प्रमाण नहीं है; है और प्रमाण नहीं है।

अगर वृक्षों के सौंदर्य को देखना हो तो कला की आंख चाहिए और कोई प्रमाण नहीं है। अगर किसी के प्रेम को पहचानना हो तो प्रेमी का हृदय चाहिए और कोई प्रमाण नहीं है।

और परमात्मा तो इस जगत के सारे सौंदर्य और सारे प्रेम और सारे सत्य का इकट्ठा नाम है। उसके लिए तो ऐसा निर्विकार चित्त चाहिए, ऐसा साक्षी– भाव चाहिए, जहां कोई शब्द न रह जाये, कोई विचार न रह जाये, कोई तरंग न उठे। वहां कोई धूल न रह जाये मन की और चित्त का दर्पण परिपूर्ण शुद्ध हो! प्रमाण कहां?

रामकृष्ण से विवेकानंद ने कहा : प्रमाण चाहिए। है परमात्मा तो प्रमाण दें।

और विवेकानंद को देखा रामकृष्ण ने। बड़ी थी संभावनाएं इस युवक की। बड़ी थी यात्रा इसके भविष्य की। बहुत कुछ होने को पड़ा था इसके भीतर। बड़ा खजाना था, उससे यह अपरिचित है। रामकृष्ण ने देखा, इस युवक के पिछले जन्मों में झांका। यह बड़ी संपदा, बड़े पुण्य की संपदा ले कर आ रहा है। यह ऐसे ही तर्क में दबा न रह जाये। कराह उठा होगा पीड़ा और करुणा से रामकृष्ण का हृदय।

उन्होंने कहा, 'छोड़, प्रमाण वगैरह बाद में सोच लेंगे। मैं जरा बूढ़ा हुआ, मुझे पढ़ने में अड़चन होती है। तू अभी जवान, तेरी आंख अभी तेज यह किताब पड़ी है, इसे तू पढ़।वह थी अष्टावक्र गीता।' जरा मुझे सुना दे।'

CamScanner

8:13 pm 53%

देखो पीछे लौटकर इतिहास में। महावीर और बुद्ध जैसे त्यागी गरीब घरों में पैदा नहीं होते; हो नहीं सकते। क्योंकि सुख से ऊब पैदा होनी चाहिये, तब त्याग होता है। बुद्ध के जीवन में इतना सुख है कि उस सुख का स्वाद मर गया। जिसने रोज सुस्वादु भोजन किये हों, तो स्वाद मर जाए। कभी-कभी उपवास जरूरी है भूख का रस लेने के लिये। अगर भूख का मौका ही न मिले और रोज उत्सव चलता रहे घर में, और मिष्ठान्न बनते रहें तो जल्दी ही स्वाद मर जाएगा। भूख ही मर जाएगी।

इसलिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि गरीबों के धार्मिक उत्सव सदा भोजन के उत्सव होते हैं। और अमीरों के धार्मिक उत्सव सदा उपवास के होते हैं। अगर जैनों का धार्मिक पर्व उपवास का है, तो उसका अर्थ है। लेकिन एक मुसलमान, एक गरीब हिंदू–जब उसका धार्मिक दिन आता है तो ताजे और नये कपड़े पहनता है। अच्छे से अच्छा भोजन बनाता है। हलवा और पूड़ी उस दिन बनाता है। वह धार्मिक दिन है। जिसके तीन सौ चौंसठ दिन भूख से गुजरते हों, उसका धार्मिक दिन उपवास का नहीं हो सकता। होना भी नहीं चाहिये; वह अन्याय हो जाएगा। लेकिन जो तीन सौ चौंसठ दिन उत्सव मनाता हो भोजन का, उसका धार्मिक दिन उपवास का ही होना चाहिये।

हम अपने स्वाद को विपरीत से पाते हैं। इसलिए जब जैनों का पर्युषण होता है, तभी पहली दफा उन्हें भूख का अनुभव होता है। और पर्युषण के बाद पहली दफा दो चार दिन खाने में मजा आता है, और खाने के संबंध में सोचने में मजा आता है। और पर्युषण के दिनों में ही सपने देखते हैं वे खाने के, बाकी दिन नहीं देखते क्योंकि सपनों की कोई जरूरत नहीं है। बाकी दिन वे सलाह लेते हैं चिकित्सक से कि भूख मर गई है।

ओशो

CamScanner

8:10 pm 53%

उस वेश्या की समझ में कुछ न आया। क्योंकि वासना तो बिलकुल अंधी है, वह कुछ नहीं समझ पाती। करुणा के पास आंखें हैं, वासना के पास कोई आंखें नहीं हैं। लोग कहते हैं, प्रेम अंधा है। वह जो प्रेम वासना से भरा है, निश्चित ही अंधा है। बीस वर्ष बाद, अंधेरी रात है अमावस की। और एक स्त्री पड़ी है गांव के बाहर और तड़प रही है। क्योंकि गांव ने उसे बाहर फेंकदिया। वह कोढ़ ग्रस्त हो गई।

यह वही वेश्या है, जिसके द्वार पर सम्राट दस्तक देते थे। अब दस्तक देने का तो कोई सवाल नहीं है। अब उसके शरीर से बदबू आती है। उस अंधेरी रात में सिर्फ एक भिक्षु उसके सिर के पास बैठा हुआ है। वह करीब-करीब बेहोश पड़ी है। बीच-बीच में उसे थोड़ा-सा होशआता है,

तो भिक्षु कहता है, 'सुन, मैं आ गया! अब भीड़ जा चुकी है।
अब कोई तेरा चाहने वाला न रहा। लेकिन मैं तुझे अब भी चाहता हूं। और मैं कुछ तुझे देना चाहता हूं, कोई सूत्र, जो जीवन को निश्चित ही तृप्ति से भर देता है। उस दिन तूने मांगा था, लेकिन उस दिन तू ले न पाती। और जो तू मांगती थी, वह देने योग्य नहीं है। प्रेम उसे नहीं दे सकता है।'

बौद्ध कहते हैं इस कथा के संबंध में, कि वह भिक्षुणी, वह जो स्त्री थी, वह उस रात दीक्षित हुई। भिक्षुणी की तरह मरी। और परम तृप्त मरी। और बौद्ध कहते हैं कि वह बुद्धत्व को उपलब्ध हुई। इसने उसे ध्यान दिया। प्रेम ध्यान ही दे सकता है। क्योंकि उससे बड़ा देने योग्य कुछ भी नहीं।
OSHO💞💞💞💞💞

Osho Prem Naman 🙏💞
Osho international

CamScanner

8:10 pm VoLTE 4G R 53%

एक बौद्ध भिक्षु रास्ते से गुजर रहा है। सुंदर है। एक वेश्या ने उसे रास्ते से गुजरते देखा। और उन दिनों वेश्या बड़ी बहुमूल्य बात थी। इस मुल्क में उन दिनों बिहार में, बुद्ध के दिनों में जो नगर में सबसे सुंदर युवती होती, वही वेश्या हो सकती थी। एक समाजवादी धारणा थी वह। वह धारणा यह थी कि इतनी सुंदर स्त्री एक व्यक्ति की नहीं होनी चाहिए।

इसलिए इसको पत्नी नहीं बनने देंगे। इतनी सुंदर स्त्री सबकी ही हो सकती है। इसलिए वह नगर-वधू कही जाती थी। और नगर-वधू का सौभाग्य श्रेष्ठतम स्त्रियों को मिलता था। यह नगर-वधू थी, और उसने अपने महल से नीचे झांककर देखा, और यह शानदार भिक्षु अपनी मस्ती में चला जा रहा है।

वह मोहित हो गई। वह भागी। उसने जाकर भिक्षु का चीवर पकड़ लिया। और कहा कि 'रुको। सम्राट मेरे महल पर दस्तक देते हैं, लेकिन सभी को मैं मिल नहीं पाती; क्योंकि समय की सीमा है। यह पहला मौका है, मैं किसी के द्वार पर दस्तक दे रही हूं। तुम आज रात मेरे पास रुक जाओ।'

भिक्षु संत ही रहा होगा। उसकी आंखों में आंसू आ गए। उस वेश्या ने पूछा कि 'आंख में आंसू?'उसने कहा, 'इसीलिए कि तुम जो मांगती हो, वह मांगने जैसा भी नहीं है। तुम्हारे अज्ञान को, तुम्हारे अंधेरे को देखकर पीड़ा होती है। आज तो तुम युवा हो, सुंदर हो। अगर मैं न भी रुका आज रात तुम्हारे घर, तो कुछ बहुत अड़चन न होगी।

बहुत युवक प्यासे हैं तुम्हारे पास रुकने को। लेकिन जब कोई तुम्हारे द्वार पर न आए, तब मैं आऊंगा।' यह संत का व्यवहार है। मना नहीं किया उसने, कि मैं नहीं आता। उसने कहा,
मैं आऊंगा, लेकिन अभी तो बहुत बाजार पड़ा है। अभी मेरी कोई जरूरत भी नहीं है। लेकिन जिस दिन कोई न होगा...ज्यादा देर न लगेगी, यह भीड़ छंट जाएगी। आज सुंदर हो, कल कुरूप हो जाओगी,गांव के बाहर फेंक देंगे। और जिस दिन कोई न होगा, उस दिन मैं आऊंगा। मुझे भी तुमसे प्रेम है, लेकिन प्रेम प्रतीक्षा कर सकता है।

उस वेश्या की समझ में कुछ न आया। क्योंकि वासना तो बिलकुल अंधी

CS CamScanner

8:03 pm 54%

Posts

Satguru Osho · **Joined**
Sachin Gupta · 4d ·



खुद से बहस करोगे तो सारे सवालों के
जवाब मिल जाएंगे, अगर
दूसरों से करोगे तो नए सवाल खड़े हो जाएंगे..

आचार्य रजनीश

Like Comment Send Share

2

Seen by 5

Write a public comment...

CamScanner

CamScanner

10:41 pm 38%

तुम अपने जीवन की प्रत्येक क्रिया को तीन में बांट सकते हो। ध्यान रखना, यंत्र में ही मत मर जाना। अधिक लोग यंत्र की तरह ही जीते, यंत्र की तरह ही मर जाते। बहुत थोड़े--से धन्यभागी मांत्रिक हो पाते हैं--कवि, संगीतज्ञ, नर्तक। बहुत थोड़े--से लोग! और वे भी बहुत थोड़े--से क्षणों में, चौबीस घंटे नहीं। चौबीस घंटे तो वे भी यांत्रिक होते हैं। कभी-कभी किसी क्षण में, किसी पुलक में, जरा--सा द्वार खुलता, जरा--सा झरोखा खुलता और उस तरफ का जगत झांकता; उस आयाम का प्रवेश होता। क्षण भर को एक कविता लहर जाती, फिर द्वार बंद हो जाते हैं।

फिर बहुत विरले लोग हैं-'कृष्ण और बुद्ध और अष्टावक्र--बहुत विरले लोग हैं, करोड़ों में कभी एक होता, जो तांत्रिक रूप से जीता। जिसका प्रतिपल दो आकाशों का मिलन है--प्रतिपल! सोते, जागते, उठते, बैठते जो भी उसके जीवन में हो रहा है, उसमें अंतर और बाहर मिल रहे हैं, परमात्मा और प्रकृति मिल रही है, संसार और निर्वाण मिल रहा है। परम मिलन घट रहा है। परम उत्सव हो रहा है। रसो वै सः। वैसी ही अवस्था में किसी ने कहा है, परमात्मा रसरूप है। महोत्सव हो रहा है। तो तुम अपनी प्रत्येक क्रिया को यात्रिक से तांत्रिक तक पहुंचाना।

ओशो, अष्टावक्र : महागीता--(भाग-6)--प्रवचन--78



CamScanner

10:41 pm • VoLTE 4G R 38%

फिर कोई व्यक्ति बड़े मनोभाव से.. किसी ने बड़े प्रेम से भोजन बनाया है। तुम्हारी मां ने बड़े प्रेम से भोजन बनाया है, कि तुम्हारी पत्नी दिन भर तुम्हारी प्रतीक्षा की है, ऐसा अपमान तो न करो उसका! इतने भाव से बनाये गये भोजन का ऐसा तिरस्कार तो न करो कि तुम खाते-बही कर रहे हो, कि तुम भीतर-भीतर गणित बिठा रहे हो, कि तुम यहां हो ही नहीं।

कोई मन से भोजन करता है तो भोजन भी मांत्रिक हो जाता है। तब सब हटा दिया। कहीं और नहीं, यहीं है। बड़े मनोभावपूर्वक, बड़ी तल्लीनता से, बड़े ध्यानपूर्वक, बड़ी अभिरुचि से, स्वाद से, सम्मान से।

और कोई ऐसा भी भोजन करता जो आध्यात्मिक। उपनिषद कहते हैं, अन्न ब्रह्म-अन्न ब्रह्म है। यह ऋषियों ने भोजन भी आध्यात्मिक ढंग से किया होगा-'तांत्रिक। क्योंकि भोजन भी वही है। हम उसी को तो पचाते हैं। हम भोजन में उसी का तो स्वाद लेते हैं। भोजन में वही तो हमारे भीतर जाकर जीवन का नवसंचार करता, नये रस से भरता, पुनरुज्जीवित करता। जो मुर्दा कोष्ठ हैं उन्हें बाहर फेंक देता, नये जीवित कोष्ठ निर्मित कर देता। तो परमात्मा भोजन से भीतर आता है-'तांत्रिक।

ऐसे तुम समझो प्रत्येक क्रिया तीन तल पर है। कोई आदमी रास्ते पर घूमने गया और हजार-हजार विचारों में उलझा--यांत्रिक। कोई रास्ते पर घूम रहा, विचारों में उलझा हुआ नहीं। सुबह की हवा उसे छूती, संवेदनशील, सुबह का सूरज अपनी किरणें बरसात।, पक्षी गुनगुनाते। वह इन सबको सुन रहा मंत्रमुग्ध। मस्ती में जा रहा--मांत्रिक। और फिर कोई ऐसे भी जा सकता है कि हर हवा का झोंका परमात्मा का झोंका मालूम पड़े। और हर किरण उसकी ही किरण मालूम पड़े। और हर पक्षी की गुनगुनाहट उसके ही वेदों का उच्चार, उसके ही कुरान का अवतरण--तो तांत्रिक।

तुम अपने जीवन की प्रत्येक क्रिया को तीन में बांट सकते हो। ध्यान रखना, यंत्र में ही मत मर जाना। अधिक लोग यंत्र की तरह ही जीते, यंत्र की तरह ही मर जाते। बहुत थोड़े--से धन्यभागी मांत्रिक हो पाते हैं--कवि, संगीतज्ञ, नर्तक। बहुत थोड़े--से लोग! और वे भी बहुत थोड़े--से क्षणों में, चौबीस घंटे नहीं। चौबीस घंटे तो वे भी यांत्रिक होते

CamScanner

10:41 pm • VoLTE 4G R 38%

तीसरा प्रश्न :

तंत्र को आपने कहा, आकाश से आकाश में उड़ान...।
क्या यही तंत्र का मूल स्वर है? इसमें जीवन का परम स्वीकार किस भांति समाहित है? कृपा करके समझायें।

मैंने कहा, अक्षर से क्षर की यात्रा यंत्र क्षर से अक्षर की यात्रा मंत्र अक्षर से अक्षर की यात्रा तंत्र देह है यंत्र। दो देहों के बीच जो संबंध होता है वह है यांत्रिक। सेक्स यांत्रिक है। कामवासना यांत्रिक है। दो मशीनों के बीच घटना घट रही है। मन है मंत्र। मंत्र शब्द मन से ही बना है। जो मन का है वही मंत्र। जिससे मन में उतरा जाता है वही मंत्र। जो मन का मौलिक सूत्र है वही मंत्र। मन और मंत्र की मूल धातु एक ही है।

तो देह है यंत्र। देह से देह की यात्रा यांत्रिक-कामवासना, सेक्स। मन है मंत्र। मन से मन की यात्रा मांत्रिक। जिसको तुम साधारणत: प्रेम कहते हो--दो मनों के बीच मिल जाना। दो मनों का मिलन। दो मनों के बीच एक संगीत की थिरकन। दो मनों के बीच एक नृत्य। देह से ऊपर है। देह है भौतिक, मंत्र है मानसिक, मनोवैज्ञानिक, सायकॉलॉजिकल। और आत्मा है तंत्र। दो आकाशों का मिलन। अक्षर से अक्षर की यात्रा। जब दो आत्मायें मिलती हैं तो तंत्र--न देह, न मन। तंत्र ऊंचे से ऊंची घटना है। तंत्र परम घटना है।

तो इससे ऐसा समझो देह--यंत्र, सेक्यूअल, शारीरिक।
मन--मंत्र, सायकॉलॉजिकल, मानसिक।
आत्मा--तंत्र, कॉस्मिक, आध्यात्मिक।
ये तीन तल हैं तुम्हारे जीवन के। यंत्र का तल, मंत्र का तल, तंत्र का तल।
इन तीनों को ठीक से पहचानो। और तुम्हारे हर काम तीन में बंटे हैं।

कोई व्यक्ति भोजन करता यंत्रवत। न उसे स्वाद का पता है, न वह भोजन करते वक्त भोजन कर रहा है; डाल रहा है किसी तरह। हिसाब लगा रहा है दुकान का, ग्राहकों से बात कर रहा है, हिसाब-किताब, बही-खाते कर रहा है भीतर, इधर भोजन डाले जा रहा है। यह भोजन हुआ यांत्रिक। तो भोजन भी यंत्रवत हो गया।

CamScanner

मैंने सुना है, काफ्का ने एक छोटी सी कहानी लिखी है। उसने एक कहानी लिखी है कि एक बड़ा सर्कस है, और उस बड़े सर्कस में बहुत तरह के लोग हैं, और बहुत तरह के खेल तमाशे हैं। उस सर्कसवाले ने एक फास्ट करनेवाले को, उपवास करनेवाले को भी इकट्ठा कर लिया है। वह उपवास करने का प्रदर्शन करता है। उसका भी एक झोपड़ा है। सर्कस में और बहुत चीजों को लोग देखने आते हैं— जंगली जानवरों को देखते हैं, अजीब—अजीब जानवर हैं। इस अजीब आदमी को भी देखते हैं। यह महीनों बिना खाने के रह जाता है। वह तीन—तीन महीने तक बिना खाने के रहकर उसने दिखलाया है। निश्चित ही, उसको भी लोग देखने आते हैं। लेकिन कितनी बार देखने आएं? एक गांव में सर्कस छह —सात महीने रुका। महीने—पंद्रह दिन लोग उसको देखने आए। फिर ठीक है, अब भूखा रहता है तो रहता है। कब तक लोग देखने आएंगे? सर्कस है, साधु—संन्यासी हैं, इसलिए इनको गांव बदलते रहना चाहिए। एक ही गांव में ज्यादा दिन रहे तो बहुत मुश्किल हो। वे कितने दिन तक लोग आएंगे? इसलिए दों—तीन दिन में गांव बदल लेने से ठीक रहता है। दूसरे गांव में फिर लोग आ जाते हैं। दूसरे गांव में फिर लोग आ जाते हैं। उस गांव में सर्कस ज्यादा दिन रुक गया। लोग उसको देखने आना बंद कर दिए। उसकी झोपड़ी की फिकर ही भूल गए। वह इतना कमजोर हो गया था कि मैनेजर को जाकर खबर भी नहीं कर पाया, उठ भी नहीं सकता था, पड़ा रहा, पड़ा रहा, पड़ा रहा—बड़ा सर्कस था, लोग भूल ही गए। चार महीने, पांच महीने हो गए, तब अचानक एक दिन पता चला कि भई, उस आदमी का क्या हुआ जो उपवास किया करता था?

तो मैनेजर भागा कि वह आदमी मर न गया हो। उसका तो पता ही नहीं है! जाकर देखा तो वह जिस घास की गठरी में पड़ा रहता था वहां घास ही घास था, आदमी तो था नहीं। आवाज दी! उसकी तो आवाज नहीं निकलती थी। घास को अलग किया तो वह बिलकुल हड्डी—हड्डी रह गया था। आंखें उसकी जरूर थीं।

मैनेजर ने पूछा कि भई, हम भूल ही गए, क्षमा करो! लेकिन तुम कैसे पागल हो, अगर लोग नहीं आते थे, तो तुम्हें खाना लेना शुरू कर देना चाहिए था! उसने कहा कि लेकिन अब खाना लेने की आदत ही छूट गई है; भूख ही नहीं लगती। अब मैं कोई खेल नहीं कर रहा हूं अब तो खेल करने में फंस गया हूं। कोई खेल नहीं कर रहा, लेकिन अब भूख ही नहीं है। अब मैं जानता ही नहीं कि भूख क्या है। भूख कैसी चीज है वह मेरे

2:43 pm VoLTE 4G R 51%

पागल हो, अगर लोग नहीं आते थे, तो तुम्हें खाना लेना शुरू कर देना चाहिए था! उसने कहा कि लेकिन अब खाना लेने की आदत ही छूट गई है; भूख ही नहीं लगती। अब मैं कोई खेल नहीं कर रहा हूं अब तो खेल करने में फंस गया हूं। कोई खेल नहीं कर रहा, लेकिन अब भूख ही नहीं है। अब मैं जानता ही नहीं कि भूख क्या है। भूख कैसी चीज है वह मेरे भीतर होती ही नहीं।

क्या हो गया इस आदमी को? लंबी भूख व्यवस्था से की जाए तो भूख मर जाती है। परमात्मा की भूख को हम जगने नहीं देते। क्योंकि परमात्मा से ज्यादा डिस्टरबिंग फैक्टर कुछ और नहीं हो सकता है। इसलिए हमने इंतजाम किया हुआ है। हम बड़ी व्यवस्था से, प्लान से रोके हुए हैं सब तरफ से कि वह कहीं से भीतर न आ जाए। अन्यथा हर आदमी प्यास लेकर पैदा होता है। और अगर उसे जगाने की सुविधा दी जाए, तो धन की प्यास, यश की प्यास तिरोहित हो जाएं, वही प्यास रह जाए।

आत्मिक प्यास से क्रांति:

और भी एक कारण है कि या तो परमात्मा की प्यास रहे और या फिर दूसरी प्यासे रहें, सब साथ नहीं रह सकतीं। इसलिए इन प्यासों को—धन की, यश की, काम की—इन प्यासों को बचाने के लिए परमात्मा की प्यास को रोकना पड़ा है। अगर उसकी प्यास जगेगी, तो वह सभी को तिरोहित कर लेगी, अपने में समाहित कर लेगी। वह अकेली ही रह जाएगी।

परमात्मा बहुत ईर्ष्यालु है। वह जब आता है तो बस अकेला ही रह जाता है, फिर वह किसी को टिकने नहीं देता वहां। जब वह आपको अपना मंदिर बनाएगा तो वहां छोटे—मोटे देवी—देवता और न टिकेंगे, कि कई रखे हुए हैं हनुमान जी भी वहीं विराजमान हैं, और देवी—देवता भी विराजमान हैं, ऐसा परमात्मा न टिकने देगा। जब वह आएगा तो सब देवी—देवताओं को बाहर कर देगा। वह अकेला ही विराजमान हो जाता है। बहुत ईर्ष्यालु है।

🌹ओशो

Osho Prem Naman 🙏💞

Osho international

CamScanner

2:44 pm 51%
Like Comment Share

कबीर दास जी महाराज
RamNiwas Raigar · 1d ·

मोको कहाँ ढूंढ़े बन्दे मैं तो तेरे पास में॥

ना तीरथ में ना मूरत में, ना एकान्त निवास में।
ना मंदिर में ना मस्जिद में, ना काशी कैलाश में॥
मोको कहाँ ढूंढ़े बन्दे मैं तो तेरे पास में॥
ना मैं जप मे ना मैं तप में, ना मैं व्रत उपवास में।
ना मैं क्रियाकर्म में रहता, ना ही योग सन्यास ॥
मोको कहाँ ढूंढ़े बन्दे मैं तो तेरे पास में॥

नहिं प्राण में नहिं पिण्ड में, ना ब्रह्मांड आकाश में।
ना मैं भृकुटी भंवर गुफा में, सब श्वासन की श्वास में॥
मोको कहाँ ढूंढ़े बन्दे मैं तो तेरे पास में॥

खोजि होय तो तुरंत मिलिहौं, पल भर की तलाश में।
कहैं कबीर सुनो भाई साधो, मैं तो हूं विश्वास में॥
मोको कहाँ ढूंढ़े बन्दे मैं तो तेरे पास में॥

- कबीर

316 27 comments • 78 shares
Like Comment Send Share

Osho international is at **OSHO International Meditation Resort**.
22h ·

तृप्ति के द्वारा अध्यात्म में प्रवेश,,,,,,

एक मित्र मेरे पास आए। वृद्ध हैं। रो रहे थे। बड़े भाव से ... See more

CamScanner

2:45 pm VoLTE 4G R 50%

तृप्ति के द्वारा अध्यात्म में प्रवेश,,,,,,

एक मित्र मेरे पास आए। वृद्ध हैं। रो रहे थे। बड़े भाव से भरे थे। रोकर कह रहे थे कि मेरी कुंडलिनी अभी तक जगी नहीं। बीस वर्ष से भटक रहा हूं। न—मालूम कितने आश्रम, कितने गुरु, कितनी साधनाएं कर चुका हूं लेकिन कुंडलिनी नहीं जगी।

उनके भाव में कमी नहीं है, उनकी खोज में कमी नहीं है, लेकिन उनकी मौलिक दृष्टि गलत है। वे कुंडलिनी को ऐसे ही खोज रहे हैं, जैसे कोई धन को खोजता हो। और न मिले तो रोता हो। न मिले तो परेशान हो, पीड़ित हो, संतप्त हो। कुंडलिनी उनका लोभ बन गई है।

और ध्यान रहे, इस आंतरिक यात्रा की यही सबसे बड़ी कठिनाई है कि वहा लोभ के द्वारा कोई भी प्रवेश नहीं हो सकता। वहां तृप्ति के द्वारा प्रवेश है।

जो नहीं मिला है, उसकी फिक्र छोड़े; जो मिला है, उसका अनुग्रह मानें और प्रवेश बढ़ता जाएगा। लेकिन वे परेशान हैं। इस परेशानी से कुंडलिनी जाग्रत होने वाली नहीं है। उस परेशानी से ही रुकी है। बीस साल की खोज के कारण नहीं मिली, ऐसा नहीं है। बीस साल की खोज के कारण ही रुकी है। वह जो अति तनाव है पाने का, उसी से भीतर सब सिकुड़ गया है।

जहां पाने का तनाव रहेगा, वहां हम संसार में हैं। यह पाने की दौड़ संसार है। और न पाने के लिए राजी हो जाना, संसार से बाहर हटने लगना है।

एक आदमी धन के लिए दौड़ रहा है। एक आदमी पद के लिए दौड़ रहा है। एक आदमी यश के लिए दौड़ रहा है। और एक आदमी मोक्ष के लिए दौड़ रहा है। फर्क क्या है? कोई भी फर्क नहीं है। मोक्ष के लिए दौड़ा ही नहीं जा सकता। मोक्ष तो खड़े होने वाले को मिलता है।

धन के लिए दौड़ा जा सकता है, क्योंकि धन खड़े होने वाले को नहीं मिलता। दौड़ने वाले को भी नहीं मिल पाता है, तो खड़े होने वाले को तो

CamScanner

2:45 pm • VoLTE 4G R 50%

एक आदमी धन के लिए दौड़ रहा है। एक आदमी पद के लिए दौड़ रहा है। एक आदमी यश के लिए दौड़ रहा है। और एक आदमी मोक्ष के लिए दौड़ रहा है। फर्क क्या है? कोई भी फर्क नहीं है। मोक्ष के लिए दौड़ा ही नहीं जा सकता। मोक्ष तो खड़े होने वाले को मिलता है।

धन के लिए दौड़ा जा सकता है, क्योंकि धन खड़े होने वाले को नहीं मिलता। दौड़ने वाले को भी नहीं मिल पाता है, तो खड़े होने वाले को तो मिलने का कोई उपाय नहीं है। धन, पद, यश, सब दौड़े हैं। मोक्ष दौड़ नहीं है। मोक्ष ठहर जाना है, रुक जाना है।

एक साधिका ने आज ही मुझे आकर कहा कि अभी तक कोई अनुभव नहीं हो रहा है! अनुभव करना क्या है? प्रकाश दिखाई पड़ने लगे तो कुछ हो जाएगा? कि भीतर रंग दिखाई पड़ने लगें तो कुछ हो जाएगा? कि भीतर कोई सुगंध आने लगे तो कुछ हो जाएगा? या आपके हाथ से राख झड़ने लगे तो कुछ हो जाएगा न: कि ताबीज निकलने लगे तो कुछ हो जाएगा? कि आप बीमारों को छू दें और वे ठीक हो जाएं तो कुछ हो जाएगा? वह सब खेल संसार का है और मन का है।

अनुभव की तलाश लोभ है। उस तलाश को गिर जाने दें। अनुभव को नहीं चाहिए; अनुभोक्ता को। वह जो अनुभव करने वाला है, उसकी पहचान। अनुभव तो फिर भी पराए हैं, बाहर हैं। अध्यात्म अनुभव नहीं है। अध्यात्म, अनुभव जिसको होते हैं, उसके साथ एक हो जाना है। जिसके सामने प्रकाश आते है, और जिसके सामने सुगंधें तैरती हैं, और जिसके सामने रंगों की बहार आ जाती है और इंद्रधनुष फैल जाते हैं, और जिसके भीतर संगीत बजने लगता है...। लेकिन ये सब बाहर ही हैं। चाहे आंख बंद करके ये घटनाएं घट रही हों, तो भी बाहर हैं। इनको जानने वाला तो और भीतर है। जानने वाला हमेशा, जिसे भी जानता है, उससे भीतर है, पीछे है, पार है। और जब तक आप जानने वाले में न ठहर जाएं, तब तक अध्यात्म का कोई स्वाद आपको नहीं मिल सकता।

तो कोई बाहर का सेंसेशन खोज रहा है कि चलो फिल्म देखें, रेडियो सुने; कोई नायिका आई, कोई नर्तकी आई—उसको देखें। कोई बाहर का रूप—रंग खोज रहा है; कुछ भीतर के रूप—रंग खोज रहे हैं, कि चलो कुंडलिनी जगाएं, भीतर का प्रकाश देखें, कि भीतर का आनंद लें,

CamScanner

2:45 pm 50%
facebook

हो जाएगा? कि आप बीमारों को छू दें और वे ठीक हो जाएं तो कुछ हो जाएगा? वह सब खेल संसार का है और मन का है।

अनुभव की तलाश लोभ है। उस तलाश को गिर जाने दें। अनुभव को नहीं चाहिए; अनुभोक्ता को। वह जो अनुभव करने वाला है, उसकी पहचान। अनुभव तो फिर भी पराए हैं, बाहर हैं। अध्यात्म अनुभव नहीं है। अध्यात्म, अनुभव जिसको होते हैं, उसके साथ एक हो जाना है। जिसके सामने प्रकाश आते है, और जिसके सामने सुगंधें तैरती हैं, और जिसके सामने रंगों की बहार आ जाती है और इंद्रधनुष फैल जाते हैं, और जिसके भीतर संगीत बजने लगता है...। लेकिन ये सब बाहर ही हैं। चाहे आंख बंद करके ये घटनाएं घट रही हों, तो भी बाहर हैं। इनको जानने वाला तो और भीतर है। जानने वाला हमेशा, जिसे भी जानता है, उससे भीतर है, पीछे है, पार है। और जब तक आप जानने वाले में न ठहर जाएं, तब तक अध्यात्म का कोई स्वाद आपको नहीं मिल सकता।

तो कोई बाहर का संसेशन खोज रहा है कि चलो फिल्म देखें, रेडियो सुने; कोई नायिका आई, कोई नर्तकी आई—उसको देखें। कोई बाहर का रूप—रंग खोज रहा है; कुछ भीतर के रूप—रंग खोज रहे हैं, कि चलो कुंडलिनी जगाएं, भीतर का प्रकाश देखें, कि भीतर का आनंद लें, लेकिन खोज वही है कि कुछ संसेशन, कोई उत्तेजना। दोनों ही अध्यात्म नहीं हैं।

अध्यात्म तो उसकी तलाश है, उस चैतन्य की, उस साक्षी— भाव की, जहा सब अनुभव समाप्त हो जाते हैं और केवल अनुभोक्ता रह जाता है। जहां सब दृश्य खो जाते हैं और केवल द्रष्टामात्र रह जाता है। जहा सब ज्ञेय समाप्त हो जाते हैं और मात्र ज्ञाता शेष रह जाता है। उस केवल— ज्ञान की, उस कैवल्य की खोज अध्यात्म है।
ओशो

Osho Prem Naman 🙏💞
Osho international

CamScanner


धन ने तुम्हें नहीं रोका है।
धन क्या रोकेगा?
चांदी के ठीकरे क्या रोक सकते हैं?
न मकान ने तुम्हें रोका है,
न दुकान ने तुम्हें रोका है,
न बच्चे, न पत्नी, न पति ने तुम्हें रोका है।
कोई दूसरा तुम्हें कैसे रोक सकता है?
तुम रुके हो अपनी मूढ़ता से। मूढ़ता तोड़ो।
और कहीं मत जाओ, और कुछ मत छोड़ो,
सिर्फ मूढ़ता तोड़ो।
Oshoravi

CamScanner

2:49 pm
VoLTE 4G R 50%

Osho leela Ashram
1d ·

बुद्ध खूब हैं, लेकिन कृष्ण के ओंठों पर रखी बांसुरी की कमी है। थोड़ा सा चूक रहा है। हो सकता है बुद्ध के भीतर वह पूरा भी है गया हो; लेकिन बुद्ध नाच नहीं सकते। उनकी सारी प्रक्रिया शून्यता की है, अहोभाव की नहीं। हो सकता है, भीतर वे आनंद को भी उपलब्ध हो गए हों, लेकिन वह आनंद उनके रोएं-रोएं से बहता नहीं। उसमें भी एक संयम मालूम पड़ता है। उसमें वे पागल होकर नाच नहीं उठते, बावले नहीं हो जाते।खयाल रखना--विचार, निर्विचार, फिर भाव। विचार से मुक्त होना है, निर्विचार को लाना है, ताकि भाव आ सके। और जब भाव आ जाए तो संकोच मत करना और डरना मत; और भयभीत न होना और संयम मत रखना। फिर नाचना अबाध! तभी जीवन परम उत्सव को उपलब्ध होना है। और जीवन की आखिरी घड़ी अगर उत्सव न हो सके, तो कहीं कुछ कमी रह गई। थोड़ी सी रह गई हो, लेकिन कमी रह गई।नाचते हुए तुम मृत्यु में जा सको तो ही आवागमन से छुटकारा है। तुम्हारा मंदिर तुम्हारा नृत्यगृह बन जाए और तुम्हारा ध्यान तुम्हारे भीतर अनाहत नाद को जगा दे। तुम्हारी विचार-शून्यता में ओंकार का विस्फोट हो। तुम शून्य बनो और पूर्ण का अतिथि तुम्हारे द्वार पर दस्तक दे। 🙏ओशो 🌹 कहै कबीर मैं पूरा पाया 🌹 14 🙏

Osho leela Ashram + 144 8 comments • 14 shares

CamScanner

2:50 pm VoLTE 4G R 50%

6d ·

अन्तर्यात्रा, ध्यान समर्पण
------------------------ॐ
सारा आनंद का खजाना स्वम के अंतर में छुपा है। बस उसे महा शून्य में पाने की जरूरत है। जागने की देर है।सवेरा तो पट खोलते ही हो जाएगा,जीवन होश पूर्वक जीने का नाम है। मुक्ति स्वतः अंतर में घट जाती है। जिसे तुम बाहर ढूंढ रहे हो। वो बाहर नही है वो आपके अन्तरात्मा में है। उसे महाशून्य में तरासने के जरूरत है।

मिट्टी का कोई रूप नही रंग नही खुश्बू नही होती। पर उसे भाव पूण रूप,रंग,और नाम के साथ तराश लिया जाता है तो श्रद्धा जाग जाती है। उस श्रद्धा की खुश्बू स्वम को तो आनंद से भर देती है पर दूसरों के अन्तरको भी परमात्मा के सुगंध से भर देती है।अंतर आत्मा भी इसी तरह है। इसी में वो दिव्यता का अंकुरण है जिससे तुम महाशून्य को पा आनंद से भर जाते हो। पत्थर(मन) जब राह रूपी सांसारिक क्रिया कलापों से की ठोकर खा रहा होता है।तो स्वम को तो चोट पहुंचा रहा होता है।आप दूसरों को भी दुख के भाव मे ले जाता है। पर जब उस राह के पत्थर को,सद गुरु रूपी जोहरी के ,ज्ञान के प्रकाश से काट छांट कर एक महा दिव्य मूर्ति का रूप दिया जाता है। तो उसकी सुगंध परमात्म की होती है।उस तेजोमय प्रकाश की होती है। जो जीवन को अनंदशुन्य में ले जाकर मुक्तिबोध को पा लेता है।सद गुरु का जीवन मे एना उतना ही जरूरी है। जितना अंधेरे में प्रकाश की। हर क्षण,हर स्थिति स्वम में स्थिति ,परम स्थिर,एक सांस की बात है। जो गई फिर बिसरा जाओगे। एक प्रकाश की बात है। पल में ही मुक्ति घटती है।पल में ही आनंद,पल में ही म्रत्यु।जो इस देह के रहते मृत्युं को अनुभव कर लिया उसे फिर कौन मार सका। अनंत से अनंत तक है ये परम आत्मा ।
अजन्मा,अजर,अमर,तत्व से उस परे।आत्म बिंदु में स्थिर फिर न जन्म का भय न मृतु का। न संसार का है
ओशो

Osho Prem Naman 🙏💞
Osho international

CamScanner

3:52 pm • VoLTE 4G R 45%

ओशो का हिन्दी साहित्य
Rahul Kumar Ojha · 21h ·

यूनान में एक बड़ा मूर्तिकार हुआ।
उसकी बड़ी दूर-दूर तक ख्याति थी।
दूर देशों तक उसका नाम और उसकी कीर्ति पहुँच गई थी।
उसकी मूर्तियाँ विश्व के सभी बाजारों में बिकी थीं,
और शायद ही कोई राजमहल हो जहाँ उसकी मूर्तियाँ न पहुँची हों।
बड़ी उसकी ख्याति थीं बड़ा उसका यश था।
यश और ख्याति में वह भूल ही गया था,
एक दिन मौत आ जाती है, और सब नष्ट हो जाता है।
एक दिन मौत आ गई।

मैंने कहा कहानी हैं...
सच्ची तो नहीं होती लेकिन कभी-कभी कहानियाँ ऐसे सत्य कह देती हैं,जो जीवन में भी उपलब्ध नहीं होतीं।
उसकी मौत आ गई। बड़ा कलाकार था, और बड़ा मूर्तिकार था।
आते हुए बुढ़ापे और मृत्यु को देख कर उसने सोचा,
मैं बचने का कोई उपाय करूँ। मौत से किस भांति बचूं!
एक सीधी सी बात जो उसे सूझ गई वह यह थी।
उसने अपनी ही ग्यारह मूर्तियाँ बना लीं,
और जिस दिन मौत उसके द्वार पर आई,
वह उन ग्यारह मूर्तियों में छिप कर खड़ा हो गया।
उसकी कुशलता इतनी अद्भुत थी कि यह तय करना मुश्किल था,
कि कौन मूर्ति है और कौन मूल!
असली आदमी कौन है उन बारह मूर्तियों में खोजना कठिन था।

मौत भीतर आई। मौत घबड़ा गई......
जिसको लेने आई थी, वैसे बारह लोग वहाँ मौजूद थे।
वह मूर्तिकार भी श्वांस बंद कर मूर्तियों के बीच मूर्ति बन कर खड़ा हो गया। पहचानना कठिन था, कौन असली है। एक को ले जाना था,
बारह को तो ले जाया नहीं जा सकता था। भूल करना उचित न था।
मौत वापस लौट गई। और उसने जाकर परमात्मा को पूछा,
कि वहाँ तो बारह लोग एक जैसे मौजूद हैं। मैं किसको लाऊँ?
और जो असली है उसका पता कैसे लगे?,

CamScanner

3:52 pm VoLTE 4G R 45%

मौत भीतर आई। मौत घबड़ा गई......
जिसको लेने आई थी, वैसे बारह लोग वहाँ मौजूद थे।
वह मूर्तिकार भी श्वांस बंद कर मूर्तियों के बीच मूर्ति बन कर खड़ा हो गया। पहचानना कठिन था, कौन असली है। एक को ले जाना था,
बारह को तो ले जाया नहीं जा सकता था। भूल करना उचित न था।
मौत वापस लौट गई। और उसने जाकर परमात्मा को पूछा,
कि वहाँ तो बारह लोग एक जैसे मौजूद हैं। मैं किसको लाऊँ?
और जो असली है उसका पता कैसे लगे?,
परमात्मा ने मौत के कान में कुछ कहा: जाकर इस सूत्र को बोल देना,
जो असली है वह बाहर निकल आएगा।मौत वापस लौटी।
उस मूर्तिकार के भवन में मूर्तिकार छिपा था अपनी मूर्तियों में।

मौत भीतर गई,
उसने एक-एक मूर्ति को गौर से देखा फिर अचानक वह बोली:
और सब तो ठीक है, एक थोड़ी सी भूल रह गई।
और जैसे ही उसने यह कहा: और तो सब ठीक है,
थोड़ी सी भूल रह गई, वह मूर्तिकार बोला, कौन सी भूल?
उस मृत्यु ने कहा: यही, कि तुम अपने को नहीं भूल सकते हो।
और नहीं भूल सकते हो कि तुमने इन मूर्तियों को बनाया। तुम हो।
इस बात को तुम नहीं भूल सकते हो, बाहर आ जाओ।
तुम पकड़ लिए गए, मौत ने तुम्हें चुन लिया है।

मूर्तियाँ बनाई थीं उस चित्रकार ने,
लेकिन एक बात वह नहीं भूल सकता था,कि मैंने बनाई मैं हूँ।
और मृत्यु से रास्ते में उसने पूछा कि अगर मैं यह भूल जाता,
कि मैं हूँ तो क्या होता? उस मृत्यु ने कहा:
मैं तुझे खोजने में असमर्थ हो जाती।
जो यह भूल जाता है कि मैं हूँ उसके लिए मृत्यु समाप्त हो जाती है।
मृत्यु उसे नहीं खोज पाती है। जो भूल जाता है कि मैं हूँ,
जिसे अहंकार विसर्जित हो जाता है,
वह अमृतत्व को उपलब्ध कर लेता है।
वह उसे पा लेता है जिसकी कोई मृत्यु नहीं।

*एक नया द्वार

CamScanner

यह तुम्हारा ही चुनाव है।
अगर परमात्मा तुम्हें नहीं मिलता,
तो इसमें परमात्मा को दोष मत देना,
तुमने उसे अभी चुना ही नहीं; क्योंकि जिन्होंने भी,
जब भी उसे चुना है, तत्क्षण वह मिल गया है-
-एक क्षण की भी वहां देरी नहीं है।
लेकिन अगर तुम्हीं न चाहो तो परमात्मा
तुम्हारे ऊपर जबरदस्ती नहीं करता;
सत्य तुम्हारे ऊपर जबरदस्ती आरूढ़ नहीं होता।
तुम्हें जन्मों-जन्मों तक सत्य को इंकार करने की
स्वतंत्रता है।

यही मनुष्य की गरिमा है,
यही मनुष्य का दुर्भाग्य भी।

ओशो



CamScanner

6:53 pm VoLTE 4G R 14%

अनलहक

शब्दभेद : संज्ञा स्त्रीलिंग

अनलहक का हिंदी अर्थ

- "मैं ही ख़ुदा हूँ"—ईरान के मशहूर सूफ़ी संत मंसूर बिन अल-हल्लाज की वह उक्ति जिसके लिए उसे सूली पर चढ़ा दिया गया।

आप ये रचनाएँ भी पढ़ सकते हैं

कविता से एक अंतरंग संवाद
शैलप्रिया

नमक
विपिन चौधरी

कवि और कच्चा रास्ता
देवेश पथ सारिया

कविता के लिए
स्नेहमयी चौधरी

हम कविता लिखते हैं
प्रमोद बेड़िया

विशेष

CamScanner

6:53 pm 14%

google.com/search?q=ai

Google

anhalak meaning in hindi

All Images Videos Shopping News Books

हिंदी में खोजें anhalak meaning in hindi

इसे सुनें

अनलहक सूफियों की एक इत्तला (सूचना) है जिसके द्वारा वे आत्मा को परमात्मा की स्थिति में लय कर देते हैं।

W https://hi.m.wikipedia.org › wiki

अनलहक - विकिपीडिया

About featured snippets Feedback

People also search for

Anhalak meaning in hindi in urdu

अनलहक' की बात किसने कही? मंसूर जायसी मंझन शम्स तबरेज़

अनलहक ki baat kisne kahi

मंसूर कौन था उसे क्यों मारा गया

CamScanner



CamScanner

6:52 pm VoLTE 4G R 14%

तो गुरु के पास छह बार दस्तावेज लाई गई और गुरु ने कहा कि नहीं, मैं दस्तखत नहीं करूंगा। सातवीं बार खबर आई कि अगर अब गुरु दस्तखत न करे तो तब गुरु भी जिम्मेवार है। फिर वह भी हिस्सेदार है। तो गुरु को भी शर्म लगी कि अब सूफी का वेश पहने कैसे दस्तखत करूं? यह तो सूफी के वेश की भी बदनामी हो जायेगी। तो वह भूल गया भविष्यवाणी मंसूर की। उसने कहा, अगर इस पर मुझे दस्तखत करने हैं तो मैं मौलवी के कपड़े पहनकर ही दस्तखत कर सकता हूं। यह मौलवी को ही शोभा देता है इस तरह की मूढ़तापूर्ण बातें, सूफियों को नहीं शोभा देता। तो उसने कपड़ा अपना फेंक दिया, मौलवी के कपड़े पहने और दस्तखत किये।

और जब मंसूर को खबर मिली तो वह हंसा। उसने कहा, मैंने कहा था न! अब रंगा जायेगा खून से मेरे। अब तक नहीं रंगा जा सकता था। लेकिन यह कैसी बुरी दुनिया आ गई कि सूफी भी मौलवी के कपड़े पहनने लगे।

तांत्रिक स्वर का अर्थ होता है, तुम्हारे भीतर परमात्मा की उदघोषणा। शरीर तक तो तुम्हारा ही स्वर नहीं है। मंत्र में तुम्हारा स्वर है, तंत्र में परमात्मा का स्वर है। अक्षर से अक्षर तक की यात्रा।

ओशो, अष्टावक्र : महागीता (भाग-6) प्रवचन--78

CamScanner

6:52 pm 14%

तो मंसूर ने कहा, कोई जगह भी होगी ऐसी कि नहीं? कि मैं सभी जगह भटकाया जाऊंगा? किसी ने कहा कि तू ऐसा कर, एक बहुत बड़े फकीर हैं--पहुंचे हुए औलिया, पीर, उनके पास चला जा। तो वह वहां चला गया। लेकिन वहां भी अड़चन आनी शुरू हो गई। गुरु ने बहुत समझाया; बड़े प्रेम से समझाया कि मत बोल। इसको रखना हो तो भीतर रख, मगर इसको बोल मत, क्योंकि चारों तरफ दुश्मन हैं। उलझ जायेंगे।

उसने कहा कि मैं कोशिश करता हूं लेकिन एक ऐसी घड़ी आती है कि मैं तो होता ही नहीं, फिर कोशिश कौन करे? ऐसा बहुत बार गुरु ने समझाया लेकिन एक दिन नहीं माना मंसूर। और गुरु के सामने ही बैठा था, आंख बंद की और जोर से बोला, अनलहक! तो गुरु ने कहा, अब बहुत हो गया। तू मुझे झंझट में डाल देगा। जल्दी ही तेरे खिलाफ फतवा आयेगा। और गुरु ने कहा, देख मैं यह भविष्यवाणी करता हूं कि जल्दी ही लकड़ी का एक टुकड़ा तेरे खून से रंगा जायेगा, तेरी फांसी लगेगी। तो मंसूर ने कहा, फिर मैं भी एक भविष्यवाणी करता हूं कि जिस दिन खून से मेरे लकड़ी का टुकड़ा रंगा जायेगा उस दिन तुम्हें यह सूफी का वेश उतारकर मुल्ला का वेश पहनना पड़ेगा।

लोगों ने समझा ऐसे ही मजाक में वह कह रहा है। उसका कोई भरोसा भी नहीं करता था। वह आदमी ही कुछ अजीब था। लेकिन दोनों की भविष्यवाणियां पूरी हुईं। छह बार खलीफा के पास यह खबर पहुंचाई गई। बार-बार, छह बार खबर पहुंचाई गई कि मंसूर को फांसी दे दी जाये क्योंकि यह कुफ्र की बातें कह रहा है। यह इस्लाम के खिलाफ है। लेकिन खलीफा ने कहा, अगर ऐसा हो तो उसके गुरु का दस्तखत चाहिए। अगर गुरु भी कह दे कि इस्लाम के खिलाफ है, तो ठीक।

तो गुरु के पास छह बार दस्तावेज लाई गई और गुरु ने कहा कि नहीं, मैं दस्तखत नहीं करूंगा। सातवीं बार खबर आई कि अगर अब गुरु दस्तखत न करे तो तब गुरु भी जिम्मेवार है। फिर वह भी हिस्सेदार है। तो गुरु को भी शर्म लगी कि अब सूफी का वेश पहने कैसे दस्तखत करूं? यह तो सूफी के वेश की भी बदनामी हो जायेगी। तो वह भूल गया भविष्यवाणी मंसूर की। उसने कहा, अगर इस पर मुझे दस्तखत करने हैं तो मैं मौलवी के कपड़े पहनकर ही दस्तखत कर सकता हूं। यह

CamScanner

#मंसूर के जीवन में बड़ी मजेदार घटना है। मंसूर पहले एक सूफी फकीर के पास था। और जब मंसूर की यह तांत्रिक घटना घटी--मंत्र तक तो ठीक थी, क्योंकि मंत्र तक तो सभी धर्म आशा देते हैं कि ठीक है। तंत्र की मुश्किल खड़ी हो जाती है, क्योंकि तंत्र की घोषणा बड़ी अनूठी है।

जब तक मंसूर मंत्र साध रहा था तब तक तो गुरु राजी था। लेकिन जब अनलहक--सी ये घोषणायें उठने लगीं--मैं ईश्वर हूं मैं सत्य हूं तो गुरु ने कहा सुन, तू झंझट में पड़ेगा, हमको भी झंझट में डालेगा--गुरु कुछ बड़ा गहरा गुरु न रहा होगा--तू यहां से जा, या बंद कर। इस तरह के वचन बोलना बंद कर। लेकिन मंसूर ने कहा, मैं बोलता हूं तो बंद कर दूं। यह जो बोल रहा है, वह जाने। मैं तो, जब भी भीतर मेरे तार जुड़ जाते हैं तो बस, फिर मैं नहीं जानता क्या हो रहा है। फिर तुम मुझसे कहो ही मत। अपनी तरफ से कोशिश करूंगा, लेकिन मेरी कोशिश मंत्र तक जाती है। जब तक मैं दोहराता हूं कुछ, तब तक ठीक है। लेकिन एक ऐसी घड़ी आती है कि मैं तो होता ही नहीं, फिर कौन मेरे भीतर बोलता है उसके लिए मैं कैसे जिम्मेवार?

तो गुरु ने कहा, तू यहां से जा, नहीं तो हम फंसेंगे। क्योंकि यह बात मुसलमान देशों में तो बड़ी कुफ्र की है कि कोई आदमी कह दे, 'मैं ईश्वर।' वे तो बरदाश्त नहीं कर सकते। यह तो बात ही गलत हो गई। इस्लाम धर्म मंत्र के ऊपर नहीं बढ़ सका। मंसूर जैसे लोग उसे ले जाते तंत्र तक लेकिन नहीं ले जाने दिया। सूफी छिप-छिप कर करने लगे अपनी साधनायें क्योंकि प्रगट होकर फांसी लगने लगी। तो मंसूर दूसरे गुरु के पास गया। कुछ दिन रहा, फिर उस गुरु ने भी कहा कि भाई तू जा, क्योंकि सिलसिला बिगड़ रहा है। खलीफा तब खबर पहुंच गई है। और पुरोहित तेरे खिलाफ फतवा देनेवाला है। और तेरे साथ हम भी फंसेंगे।

तो मंसूर ने कहा, कोई जगह भी होगी ऐसी कि नहीं? कि मैं सभी जगह भटकाया जाऊंगा? किसी ने कहा कि तू ऐसा कर, एक बहुत बड़े फकीर हैं--पहुंचे हुए औलिया, पीर, उनके पास चला जा। तो वह वहां चला गया। लेकिन वहां भी अड़चन आनी शुरू हो गई। गुरु ने बहुत समझाया; बड़े प्रेम से समझाया कि मत बोल। इसको रखना हो तो भीतर रख, मगर इसको बोल मत, क्योंकि चारों तरफ दुश्मन हैं। खलीफा

प्रहलाद जानी

1929 में योगी प्रहलाद जानी का हुआ था जन्म

१२ वर्ष की आयु में अपनाया वैराग्य का जीवन

सात दशकों तक नहीं किया भोजन और न ही पिया पानी

वर्षो तक मूत्रत्याग और शौच भी नहीं गए प्रहलाद जानी

दुनियाभर के वैज्ञानिकों के लिए अंत तक बने रहे अनसुलझी पहेली

वैज्ञानिकों ने कई बार उनपर किए शोध लेकिन हर बार रहे विफल

25 मई 2020 को ली अंतिम सांस

गुजरात में चुनरी वाले माताजी के नाम से थे प्रसिद्ध

CamScanner

5:58 pm • VoLTE 4G R 26%

Title

देखे कहीं चेहरे जहाँ में मगर, एक तेरे ही चेहरे पे प्यार आया
होंगे हसी लखो जहाँ में मगर, एक तुझपे ही दिल दीदार आया
आँखों में ऐसी काजल की रेखा, पहले कभी भी मैने ना देखा
गालो पे ऐसा तिल का निशान, देखा ना मैने कभी मेरी जान
हुए जवा दुनिया में कितने मगर, यूँ किसी पे ना ऐसा निखार आया
मुझको किसी से उलफत नही थी, पहले मेरी ऐसी हालत नही थी
आँखो से पढ़ ली दिल की कहानी, तुझ पे लूटा दी ये ज़िंदगानी
बेताबी इस दिल की बढ़ती गयी, प्यार ऐसा किसी पे पहली बार आया
देखे कहीं ...
प्यार आया
प्यार आया (प्यार आया)
एक तेरे ही ...

CamScanner

11:28 pm 29%

तीन चीजें

तीन चीजें किसी की प्रतिक्षा नहीं करतीं।
समय ★ मृत्यु ★ ग्राहक
तीन चीजें भाई-भाई को दुश्मन बनाती हैं।
ज़र ★ जोरू ★ ज़मीन
तीन चीजें याद रखना जरूरी हैं।
सच्चाई ★ कर्तव्य ★ मौत
तीन चीजें जीवन में एक बार ही मिलती हैं।
माँ ★ बाप ★ जवानी
तीन चीजें कोई दूसरा चुरा नहीं सकता।
अक्ल ★ चरित्र हुनर
तीन चीजें निकल कर वापिस नहीं आतीं।
तीर कमान से ★ बात ज़बान से प्राण शरीर से
तीन चीजें पर्दे योग्य हैं।
धन ★ स्त्री भोजन
इन तीनों का सम्मान करो।
माता ★ पिता ★ गुरू,

Give
5.6K
32
693
DR CHANDAN SIR
Dr Chandan Sir Follow
Dr Chandan Sir #reelsfb #quotes #motiv... more
Add a comment...
CamScanner


11:25 pm
29%
बदन है मिट्टी का
सांसें हैं उधार,
" घमण्ड "
किस बात का,
यहां हम-सब
निभाने आए हैं
अपना-अपना
किरदार..!!
Give
1
Use audio
Rajneesh Gyan
ओशो नमन प्रेम.. ❤️❤️🌹 ... more
Add a comment...

CamScanner

8:25 pm VoLTE 4G R 42%
facebook

शब्दकोश में जो लिखा है वह पता है। मोक्ष का अर्थ हमें मालूम है, ईश्वर का अर्थ हमें मालूम है, आत्मा का अर्थ हमें मालूम है। लेकिन अर्थ तो अस्तित्व नहीं है। ईश्वर कहने से, ईश्वर सुनने से, ईश्वर का कोई भी पता नहीं चलता। ईश्वर शब्द तो ईश्वर नहीं है। जो बोल रहा है, उसने अगर जाना है, तो भी वह अपने ज्ञान को आप तक नहीं पहुंचा सकता। शब्द ही जाएंगे, ज्ञान तो पीछे रह जाएगा। शब्द याददाश्त के हिस्से हो जाएंगे, स्मृति भरी-पूरी हो जाएगी, स्मृति सघन हो जाएगी, स्मृति का बोझ हो जाएगा, स्मृति शास्त्र बन जाएगी। और आपको भ्रांति पैदा होगी कि ईश्वर को मैं जानता हूं, क्योंकि ईश्वर शब्द को आपने सुना, पढ़ा और भाषाकोश में अर्थ लिखा है।

लेकिन बिना ईश्वर तक गए कोई कैसे ईश्वर को जान सकेगा? काश, इतना सरल होता कि भाषाकोश को जानकर हम ईश्वर को जान लेते, तो अब तक पृथ्वी पर कोई अज्ञानी न बचता, अभी तक सभी ज्ञानी हो गए होते। अगर मोक्ष का अभिप्राय, मोक्ष शब्द की व्युत्पत्ति में, उसके व्याकरण में छिपा होता, तो सभी मुक्त हो गए होते, बंधन में कोई भी न होता।

शब्द को जानना कितना सरल है!

लेकिन मन यात्रा से बचना चाहता है, तो भ्रांति पैदा करता है। मन यात्रा से बचना चाहे, यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि यह यात्रा मृत्युऱ्यात्रा होने वाली है। ईश्वर को खोजने जो निकलेगा, वह स्वयं को खो देगा। भाषाकोश को देख लेने से स्वयं के खोने का कोई संबंध नहीं। शास्त्र को कंठस्थ कर लेने से स्वयं के मिटने का कोई सवाल नहीं। लेकिन जो मोक्ष खोजने जाएगा, वह मिटेगा। क्योंकि मिटे बिना कोई मोक्ष नहीं, कोई मुक्ति नहीं। मूलतः, मैं ही मेरा बंधन हूं, तो जब तक मेरा मैं विसर्जित न हो जाए तब तक कैसा मोक्ष? मैं ही मेरे और परमात्मा के बीच दीवार हूं, जब तक यह दीवार न गिर जाए तब तक कैसे परमात्मा की अनुभूति? यह यात्रा मृत्युऱ्यात्रा है। साधक मरने ही निकला है।

लेकिन मरकर ही परम जीवन उपलब्ध होता है। खोकर ही स्वयं को पाया जाता है।

....नही राम बिन ठाँव #01

🌷ओशो🙏

CamScanner

8:25 pm 42%

शब्द के तल पर जो परिचय है उसे परिचय कहना भी ठीक नहीं। धर्म के आयाम में, शब्द से बड़ा कोई धोखा नहीं है।
शब्द तो समझ में आ जाता है, उसमें जरा भी कठिनाई नहीं, लेकिन शब्द में जो छिपा है वह समझ के बाहर रह जाता है। वहीं असली कठिनाई है।

और शब्द समझ में आ जाए, शब्द में जो छिपा है वह समझ के बाहर रह जाए, तो जीवन में बड़ा उपद्रव पैदा होता है। अज्ञानी रहते हुए ज्ञानी होने का भ्रम शुरू हो जाता है। इससे बड़ी मुसीबत दूसरी नहीं है। जानते नहीं हैं; और लगता है, जानते हैं।
और जीना तो वहां से होगा, जहां जानना है। जीवन तो जानने से रूपांतरित होगा। इस भ्रांति के कारण कि शब्द को जान लिया, इसलिए धर्म को जान लिया, हमारा जीवन एक दिशा में और हमारा मन दूसरी दिशा में यात्रा करता है। अक्सर वे दिशाएं विपरीत होती हैं।
पाखंड, हिपोक्रेसी इसलिए तथाकथित धार्मिक आदमी की जीवन-चर्या बन जाता है। तथाकथित धार्मिक आदमी नितांत पाखंडी मालूम होता है। कहता कुछ है, जीता कुछ है। और उसके जीवन और उसके कहने में, कहीं कोई तालमेल नहीं दिखाई पड़ता। यह जो गैरत्तालमेल है, यह पैदा होता है शब्द को समझ लेने से। इस संबंध में कुछ बातें और विचार कर लें, फिर हम प्रश्न को लें।
ईश्वर, आत्मा, मोक्ष, सुनते ही समझ में आ जाते हैं। क्योंकि अर्थ हमें शब्दकोश में जो लिखा है वह पता है। मोक्ष का अर्थ हमें मालूम है, ईश्वर का अर्थ हमें मालूम है, आत्मा का अर्थ हमें मालूम है। लेकिन अर्थ तो अस्तित्व नहीं है। ईश्वर कहने से, ईश्वर सुनने से, ईश्वर का कोई भी पता नहीं चलता। ईश्वर शब्द तो ईश्वर नहीं है। जो बोल रहा है, उसने अगर जाना है, तो भी वह अपने ज्ञान को आप तक नहीं पहुंचा सकता। शब्द ही जाएंगे, ज्ञान तो पीछे रह जाएगा। शब्द याददाश्त के हिस्से हो जाएंगे, स्मृति भरी-पूरी हो जाएगी, स्मृति सघन हो जाएगी, स्मृति का बोझ हो जाएगा, स्मृति शास्त्र बन जाएगी। और आपको भ्रांति पैदा होगी कि ईश्वर को मैं जानता हूं, क्योंकि ईश्वर शब्द को आपने सुना, पढ़ा और भाषाकोश में अर्थ लिखा है।
लेकिन बिना ईश्वर तक गए कोई कैसे ईश्वर को जान सकेगा? काश, इतना सरल होता कि भाषाकोश को जानकर हम ईश्वर को जान लेते, तो

CamScanner



CS CamScanner



CS CamScanner

10:49 am • VoLTE 4G R 91%

आप जो होना चाहते हैं, वह हो जाते हैं। जो आप हैं, वह तो आप हैं ही। वह इस होने के पीछे दबा पड़ा रहता है। जैसे राख में अंगारा दबा हो, ऐसे आपके होने में, बिकमिंग में आपका बीइंग, आपका अस्तित्व दबा रहता है।

जिस दिन आप थक जाते हैं होने से, और आप कहते हैं, अब कुछ भी मुझे होना नहीं है, अब तो जो मैं हूं राजी हूं। अब मुझे कुछ भी नहीं होना है। अब तो जो मेरा होना है, वही ठीक है। मेरा अस्तित्व ही अब मेरे लिए काफी है। अब मेरी कोई वासना, कोई दौड़ नहीं है। जिस दिन आपकी भाव की यात्रा बंद हो जाती है, आप मुक्त हो जाते हैं।

इसलिए भावना से आप मुक्त न हो सकेंगे। भावना संसार का स्रोत है। भावना रुक जाएगी, तो आप मुक्त हो जाएंगे। यह कहना भी ठीक नहीं कि मुक्त हो जाएंगे; क्योंकि मुक्त आप हैं। भावना के कारण आप बंधे हैं। आपकी मुक्ति भावना के जाल में बंधी है। जिस दिन भावना का जाल गिर जाएगा, आप मुक्त हैं।

आप सदा मुक्त थे। मोक्ष कोई भविष्य नहीं है। और मोक्ष कोई स्थान नहीं है। ध्यान रहे, मोक्ष आपका स्वभाव है। आप जो हैं अभी, इसी वक्त, इसी क्षण, आप मोक्ष प्राप्त कर सकते हो अगर आप सब भाव, विचार, मान्यता , अभिप्राय छोड़ दो ।

ओशो

CamScanner

एक और मित्र ने पूछा है कि आपने कहा कि व्यक्ति जैसा भाव करता ई, वैसा ही बन जाता है। तो क्या मुक्त होने के भाव को गहन करने से वह मुक्त भी हो सकता है?
🌸

कभी भी नहीं। क्योंकि मुक्त होने का अर्थ ही है, भाव से मुक्त हो जाना। इसलिए संसार में सब कुछ हो सकता है भाव से, मुक्ति नहीं हो सकती। मुक्ति संसार का हिस्सा नहीं है।

भाव है संसार का विस्तार या संसार है भाव का विस्तार। तो आप जो भी भाव से चाहें, वही हो जाएंगे। स्त्री होना चाहें, स्त्री; पुरुष होना चाहें, पुरुष; पशु होना चाहें, पशु; पक्षी होना चाहें, पक्षी; स्वर्ग में देवता होना चाहें तो, नरक में भूत—प्रेत होना चाहें तो, जो भी आप होना चाहे मुक्ति को छोड़कर,आप अपने भाव से होते हैं और हो सकते हैं।

मुक्ति का अर्थ ही उलटा है। मुक्ति का अर्थ है कि अब हम कुछ भी नहीं होना चाहते। अब जो हम हैं, हम उससे ही राजी हैं। अब हम कुछ होना नहीं चाहते हैं।

जब तक आप कुछ होना चाहते हैं, तब तक आप जो हैं, उससे आप राजी नहीं हैं। कुछ होना चाहते हैं। गरीब अमीर होना चाहता है; स्त्री पुरुष होना चाहती है; दीन धनी होना चाहता है। कुछ होना चाहते हैं। पशु पुरुष होना चाहता है, पुरुष स्वर्ग में देवता होना चाहता है। लेकिन कुछ होना चाहते हैं, कुछ होना चाहते हैं।

होना चाहने का अर्थ है कि जो मैं हूं उससे मैं राजी नहीं हूं; मैं कुछ और होना चाहता हूं। और जो आप हैं, वही आपका सत्य है। और जो भी आप होना चाहते हैं, वह झूठ है।

भाव से झूठ पैदा हो सकते हैं, सत्य पैदा नहीं होता। सत्य तो है ही। इसलिए सभी भाव असत्य को जन्माते हैं। सारा संसार इसीलिए माया है, क्योंकि वह भाव से निर्मित है।

आप जो होना चाहते हैं, वह हो जाते हैं। जो आप हैं, वह तो आप हैं ही।

CamScanner

10:48 am · VoLTE 4G R 91%

ओशो - जीवन-मृत्यु
आनंद स्वामी · 2h ·

swami_dhyan_rohan
12h ·

ओशो महापरिनिर्वाण दिवस 💗 19 जनवरी

258 · 37 comments • 35 shares • 3.5K views

Like · Comment · Send · Share

swami_dhyan_rohan
Reels · 12h ·

Never Born – Never Died Only visited this planet Earth between December 11, 1931 and January 19, 1990 .... See more

See translation

CamScanner

10:48 am ● VoLTE 4G R 91%

Create story | Janice Hung | Songs | ओशो

You chose to see more posts from this Group.

ओशो - जीवन-मृत्यु

Hitesh Motiani · 8h ·

690 214 comments • 43 shares

Like Comment Send Share

Sargaman Maharjan

CamScanner

11:41 pm VoLTE 4G R 42%

19 जनवरी :
ओशो के निर्वाण दिवस पर हम सभी ओशो प्रेमियो
की तरफ से, गुरुवर को शत् शत् कोटि कोटि प्रणाम।
हमारा प्रणाम स्वीकार करें। और हम सब को यह आशीष
प्रदान करें कि हमारे जीवन में भी यह शुभ घडी शीघ्र आये।

ओशो का भौतिक शरीर तो 11 दिसंबर 1931 को पैदा हुआ और 19 जनवरी 1990 को इस दुनिया से विदा हुआ।

लेकिन केवल शरीर के विदा होने से विदा होने वाली वह चेतना नहीं है। इस ग्रह से जाने से पहले उन्होंने अपनी समाधि पर जो लिखवाया वह बहुत अर्थ पूर्ण है :

" ओशो जो न कभी पैदा हुए, न कभी मृत हुए "।

ओशो किसी व्यक्ति का नाम नहीं है, वरन वह एक चेतना है। चेतना का न जन्म होता है न मृत्यु। वह सदा वर्तमान है।

ओशो ने हिदायत दी है कि मेरा उल्लेख भूतकाल में मत करना। ओशो के विषय में अक्सर पुछा जाता है कि ओशो का दर्शन क्या है। स्वभावतया जिन्होंने 650 किताबे बोली है उनका कोई तो सिद्धांत, कोई तो ' वाद ' होगा। वे क्या कहना चाहते है?

ओशो के बारे में सबसे अनूठी बात यह है कि उन्हें किसी भी कोटि में बांधा नहीं जा सकता क्योकि विश्व में जितने भी दर्शन है, जितने भी इज्म्स है उनकी उन्होंने व्याख्या की है। उनका अपना कोई दर्शन नहीं है, न कोई सिद्धांत है। उनकी चेतना एक शून्य है, एक खाली दर्पण है। चूंकि वह दर्पण है इसलिए किसी को भी प्रतिबिंबित कर सकता है।

दर्पण का अपना चुनाव कहा होता है?
जो सामने आया, दिखा दिया।
कोई नहीं आया तो खाली बैठे है।

ओशो कहते है, मैं धर्म नहीं, धार्मिकता सिखाता हूं।

CS CamScanner

11:41 pm • VoLTE 4G R 42%

ओशो कहते है, मैं धर्म नहीं, धार्मिकता सिखाता हूं।
धार्मिकता का कोई पंथ या कोई शास्त्र नहीं हो सकता।
यह वह गुणवत्ता है जो हर वस्तु में जन्मजात होती है।

जैसे फूल में सुगंध,
अग्नि में उष्णता या पानी में शीतलता,
वैसे धार्मिकता मनुष्य का आतंरिक स्वभाव है।

में तो यहां मनुष्य को बदलने का नया विज्ञान दे रहा हूं कि वह स्वयं से प्रेम करना सिखें। स्वयं से इतना प्रेम करो की कोई भी उपद्रवी तुम्हे किसी तरह की आत्महत्या के लिए राज़ी न कर पाये।

सत्य यह है कि मनुष्य के भीतर एक विराट आकाश छिपा है। जो अपने भीतर उतर जाए वह जगत के रहस्यों के द्वार पर खड़ा हो जाता है। उसके लिए मंदिर के द्वार खुल जाते है।

जो अपने भीतर की सीढियां उतरने लगता है वह जीवन के मंदिर की सीढ़िया उतरने लगता है। जो अपने भीतर जितना गहरा जाता है उतना ही परमात्मा का अपूर्व अद्वितीय रूप, सौंदर्य, सुगंध संगीत सब बरस उठता है।

ओशो के निर्वाण को
26 साल ही हुए हैं
लेकिन उनकी गूंज हर ओर है–

पंछी लौट- लौट आते है,
तेरे बरगद में कुछ तो होगा।
सबके सब बौने लगते है,
तेरे कद में कुछ तो होगा।

🌷🌷🌷🌷🌷🌷🌷

CS CamScanner

CS CamScanner



अगर कोई बद्दुआ देता है
"लोग कहते है की बद्दुआ खाली नहीं जाती है, लेकिन आपकी गलती न होने के बाद भी या जलन की वजह से दी गई बद्दुआ, बद्दुआ देने वाले को ही बर्बाद कर देती है। ये परम सत्य है। इसलिए अगर आप सही हो तो किसी की बद्दुआ से डरने की जरूरत नहीं है।"
Use audio
63
4
Send
motivation mantra
Osho spritual thoughts 🌺🙏 #osho #spr... more
Maahi Ve
Add a comment...

CamScanner


ओशो
Raj Malhotra
सारा जीवन ही एक नाटक है-संबंधों का
बाजार का, घर-गृहस्थी का।
सारा जीवन ही अभिनय है। छोड़कर
कहां जाओगे? जहां जाओगे, वहीं फिर
कोई नाटक करना पडेगा।

CamScanner

6:22 pm 7 KB/s VoLTE 4G R 47%

Osho international · 20h ·

🌹🌹 मैं तुम्हें एक कहानी सुनाता हूँ। बुद्ध यह कहानी बहुत बार सुनाते थे। एक आदमी मर रहा था। बुद्ध एक जंगल से गुजर रहे थे और उस आदमी के शरीर में एक तीर लगा था-किसी शिकारी का तीर। वह आदमी मर रहा था। वह एक दार्शनिक था। बुद्ध उस आदमी से कहते हैं कि इस तीर को निकाला जा सकता है। मुझे इसे बाहर निकाल लेने दो। वह आदमी कहता है, 'नहीं, पहले मुझे यह बताओ कि यह तीर किसने मारा? मेरा शत्रु कौन है? यह तीर मेरे शरीर में क्यां लगा? मेरे किन कर्मों का यह फल है? क्या तीर विष-बुझा है, या नहीं है?' बुद्ध कहते है, 'यह सारी बात तुम बाद में पूछ लेना। पहले मुझे तीर खींच लेने दो, क्योंकि तुम मरने ही वाले हो। यदि तुम सोचते हो कि नहीं पहले इन सब बातों का पता चल जाये और फिर तीर को खींचा जाये, तो तुम बचने वाले नहीं हो।'

यह कहानी उन्होंने बहुत बार सुनाई थी। उनका इस कहानी से क्या मतलब था? उनका अर्थ था कि हम सब मृत्यु के किनारे ही खड़े हैं। मृत्यु का तीर पहले ही तुम्हारी छाती में चुभा हुआ है। तुम्हें इसका पता हो या नहीं हो। मृत्यु का तीर तुमको पहले से ही लग चुका है। इसीलिए तुम दु:ख में हो। तीर चाहे दिखाई नहीं पड़ता हो, किन्तु पीड़ा तो है। तुम्हारी पीड़ा कहती है कि मृत्यु का तीर तुम्हारे भीतर प्रवेश कर चुका है। मत पूछो इस तरह के सवाल कि इस जगत को किसने बनाया और मैं क्यों बना गया, कि जीवन बहुत है कि एक ही जीवन है, क्या मैं मृत्यु के बाद भी बचूँगा या नहीं।

बुद्ध कहते हैं, ये बातें बाद में पूछ लेना। पहले इस दु:ख के तीर को खींच लेने दो। तब बुद्ध हँसते हैं और कहते हैं कि फिर बाद में मैंने किसी को पूछते हुए नहीं पाया, इसलिए बाद में सारी पूछताछ कर लेना।

यह योग है, इसका तुम्हारी स्थिति से ज्यादा संबंध है-तुम्हारी पीड़ा की वास्तविक स्थिति से और कैसे उससे पार हुआ जाये। इसका ज्यादा संबंध है तुम्हारी दासता से, तुम्हारे कारागृह से। और कैसे इसका अतिक्रमण किया जाये, कैसे मुक्त हुआ जाये? इसलिए 'मोक्ष' लक्ष्य है, अंतिम लक्ष्य, वास्तविक लक्ष्य। यह कोई सैद्धान्तिक सत्य नहीं है। हमने बहुत-से सिद्धान्त प्रस्तुत किये हैं, लेकिन वे सिर्फ उपाय हैं। हमारे पास नौ प्रणलियाँ हैं और बहुत बड़ा साहित्य है। सर्वाधिक समृद्ध साहित्यों में से एक परन्तु हमारे सारे सिद्धान्त अर्थपूर्ण नहीं हैं। हमने

CamScanner

6:22 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 47%

बुद्ध कहते हैं, ये बातें बाद में पूछ लेना। पहले इस दुःख के तीर को खींच लेने दो। तब बुद्ध हँसते हैं और कहते हैं कि फिर बाद में मैंने किसी को पूछते हुए नहीं पाया, इसलिए बाद में सारी पूछताछ कर लेना।

यह योग है, इसका तुम्हारी स्थिति से ज्यादा संबंध है-तुम्हारी पीड़ा की वास्तविक स्थिति से और कैसे उससे पार हुआ जाये। इसका ज्यादा संबंध है तुम्हारी दासता से, तुम्हारे कारागृह से। और कैसे इसका अतिक्रमण किया जाये, कैसे मुक्त हुआ जाये? इसलिए 'मोक्ष' लक्ष्य है, अंतिम लक्ष्य, वास्तविक लक्ष्य। यह कोई सैद्धान्तिक सत्य नहीं है।

हमने बहुत-से सिद्धान्त प्रस्तुत किये हैं, लेकिन वे सिर्फ उपाय हैं। हमारे पास नौ प्रणलियाँ हैं और बहुत बड़ा साहित्य है। सर्वाधिक समृद्ध साहित्यों में से एक परन्तु हमारे सारे सिद्धान्त अर्थपूर्ण नहीं हैं। हमने बहुत से विचित्र सिद्धान्तों को निर्मित किया है। लेकिन बुद्ध तथा महावीर कहते हैं कि यदि कोई सिद्धान्त बन्धन से पार जाने में मदद करते हैं, तो वे ठीक हैं।

किसी भी सिद्धान्त के बारे में चिंतित होने की जरूरत नहीं है कि वह सही है या गलत है, उसके तर्क-वितर्क पर भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उसका उपयोग करो और पार चले जाओ। नाव के बारे में सोचना-विचारना कैसा? यदि वह तुम्हें नदी पार करने में सहायता करे, तो नदी के पार चले जाओ। पार जाना अर्थपूर्ण है, नाव तो अर्थ हीन है। अतः कोई भी नाव काम दे देगी। इसीलिए हिन्दुओं ने एक अगूठा सहिष्णु मन विकसित किया, वह एक मात्र सहिष्णु मन है। एक ईसाई सहिष्णु नहीं हो सकता। असहिष्णुता वहाँ होगी। एक मुसलमान सहिष्णु नहीं हो सकता। असहिष्णुता वहाँ भी होगी ही।

इसमें उसका दोष नहीं है। यह इसलिए है क्योंकि उसके लिये नाव बहुत महत्वपूर्ण है। वह कहता है कि तुम केवल इसी नाव से नदी के पार जा सकते हो। दूसरी नावें 'नाव' नहीं हैं, वे सब नहीं हैं। दूसरा किनारा इतना महत्वपूर्ण नहीं है। इस किनारे की यह नाव ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसलिए यदि तुमने गलत नाव चुनी तो तुम उस किनारे नहीं पहुँच सकोगे। परन्तु हिन्दू मन कहता है कि कोई भी नाव काम दे देगी। नाव असंगत है।

सब सिद्धान्त नावें हैं। यदि तुम ठीक से दूसरे किनारे पर दृष्टि लगाये हो, यदि तुम्हारी आँख दूसरे किनारे पर लगी हुई है, यदि तुम्हारा मन दूसरे छोर का ध्यान कर रहा है, तो फिर कोई भी नाव काम दे देगी। और यदि तुम्हारे पास कोई नाव नहीं है, तो तुम तैरो।

CamScanner

6:22 pm U KB/s • VoLTE 4G R 47%

6

तुम्हारे पास कोई नाव नहीं है, तो तुम तैरो।
प्रत्येक व्यक्ति पार जासकता है, किसी भी संगठित नाव की आवश्यकता नहीं है। तैरो और यदि तुम हवा के रुख को जानते तो तुम्हें तैरने की भी जरूरत नहीं है। तब सिर्फ बहो। यदि तुम हवा के रुख को ठीक दिशा में हवा को बहने दो। फिर सिर्फ गिर पड़ना और छोड़ देना, और हवायें स्वयं तुम्हें उसे पार ले जायेंगी।
किसी नाव ने कोई ठेका नहीं ले लिया है। बिना नाव के भी कोई तैर सकता है। और यदि कोई आदमी बुद्धिमान है तो तैरने की भी जरूरत नहीं है, वह भी व्यर्थ है। यह आखिरी बात है जो कि बुद्धि से समझ में नहीं आयेगी। वे कहते हैं कि यदि तुम समग्र रूप से छोड़ दो, और विश्राम में आ जाओ तो यह किनारा ही वह किनारा है। तब कहीं जाना नहीं हैं। यदि तुम पूर्णरूप से विश्राम में हो, और पूर्णरूप से समर्पित हो, तो फिर यह किनारा ही वह किनारा है।
🌹 ओशो 🌹

Osho Prem Naman 🙏💞
Osho international

CS CamScanner

ओशो Gold Medallist हैं । 150000 किताबों का अध्ययन किया , 650 किताबें उनके नाम से प्रकाशित है । बोलने पर इतना नियंत्रण था कि जो बोल दिया वही अंतिम है , वही छपता है । उन्हों ने उस में कभी सुधार नहीं किया । " माफ़ " करना या " मेरा मतलब था यह नहीं " ... आदि शब्दों का कभी भी उपयोग नहीं किया . कोई भी व्यक्ति ओशो से वाद -विवाद नही कर सका । पोप ने कभी उनका चैलेंज स्वीकार नहीं किया ।ओशो को गालियां बहुत दी गयी , किन्तु अखंड विश्व में कोई भी व्यक्ति उनसे शास्त्रार्थ करने को राजी नहीं हुआ . २१ देशों ने अपने देश में ओशो को प्रवेश नहीं दिया . उन्होंने अपने ज्ञान का झंडा विश्व में फहरा दिया किन्तु कोई भी उनके अश्वमेध के रथ को रोक नहीं पाया.ओशो विश्व के अपराजित योद्धा हैं । ओशो इतने विशाल हैं कि कोई भी धर्म या देश उन्हें आत्म सात नहीं कर सकता और फिर भी हर आदमी को लगता है ओशो मेरे ही मन की बात करते हैं ...

जीवन के रंग

CamScanner

6:26 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 46%

मैंने सुना है, सूफियों में एक कहानी है कि एक पहाड़ के पास एक झील है। और उस झील के पास जब भी कोई साधक पहुंच जाता है और आग्रह करता है झील से, और आग्रह अगर वस्तुत: प्रामाणिक होता है, तो झील से उत्तर मिलते हैं।

एक फकीर वर्षों की तलाश के बाद अंततः उस झील के पास पहुंच गया। और उसने चिल्ला कर जोर से पूछा कि मेरा एक ही सवाल है: जीवन क्या है? झील चुप रही। लेकिन वह पूछता ही गया। कहते हैं तीन दिन अहर्निश, रात और दिन उसने एक कर डाले। एक ही सवाल कि जीवन क्या है? आखिर झील के देवता को भी झुकना पड़ा। और उसने कहा कि तेरी निष्ठा पूरी है। तू कोई साधारण कुतूहल से नहीं आया। तू साधारण जिज्ञासु भी नहीं है, तू मुमुक्षु है; इसलिए तेरे प्रश्न का उत्तर हम देते हैं: जीवन एक वीणा है।

उस आदमी ने कहा, और पहेलियां अब नहीं चाहता। सीधा-सीधा उत्तर दो। मैं कोई संगीतज्ञ नहीं हूं। वीणा मैंने अपने जीवन में अभी तक देखी भी नहीं। सुना है नाम; लेकिन मुझे जीवन का भी पता नहीं, वीणा का भी पता नहीं। अब यह एक और उलझन हो गई। अभी मैं जीवन को हल करता रहा, अब वीणा का भी पता लगाऊं! तुम मुझे सीधा-सीधा ही कह दो।

झील ने कहा, उत्तर दे दिया गया है।

तो उस आदमी ने कहा, थोड़े संकेत दो जिससे कि मैं रास्ता खोजूं।

तो झील से उत्तर आया कि तू गांव में जा और पहली तीन दुकानों पर गौर से देख। और जो भी तू पाए, लौट कर उत्तर दे।

वह आदमी गया। उसने पहली दुकान पर देखा, वहां कुछ भी न था, लोहे-लंगर की दुकान थी, धातुओं के अलग-अलग तरह के रूप-रंग के ढेर लगे थे। वह कुछ समझा नहीं कि जीवन से इसका क्या लेना-देना! दूसरी दुकान पर गया। वह एक तारों की दुकान थी। वहां भी उसको समझ में नहीं आया कि जीवन से तारों का क्या लेना-देना? तीसरी दुकान एक बढ़ई की दुकान थी।

वह बड़ा नाखुश लौटा। उसने सोचा कि इससे तो हम पहले ही बेहतर थे। इस झील से पूछने के पहले ही बेहतर थे। कम से कम इस तरह की मूढ़ता तो दिमाग में न थी। इससे जीवन का क्या लेना-देना? यह तो ज्ञान न मिला और अज्ञानी हो गए। लौट कर नाराज आया और उसने झील से कहा कि यह-यह मैंने देखा। पर इससे जीवन का क्या संबंध है?

CS CamScanner

6:26 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 46%

दूसरी दुकान पर गया। वह एक तारों की दुकान थी। वहां भी उसको समझ में नहीं आया कि जीवन से तारों का क्या लेना-देना? तीसरी दुकान एक बढ़ई की दुकान थी।

वह बड़ा नाखुश लौटा। उसने सोचा कि इससे तो हम पहले ही बेहतर थे। इस झील से पूछने के पहले ही बेहतर थे। कम से कम इस तरह की मूढ़ता तो दिमाग में न थी। इससे जीवन का क्या लेना-देना? यह तो ज्ञान न मिला और अज्ञानी हो गए। लौट कर नाराज आया और उसने झील से कहा कि यह-यह मैंने देखा। पर इससे जीवन का क्या संबंध है? झील ने पुनः कहा कि जीवन एक वीणा है। अब तू इस सूत्र को पकड़ ले और इसकी खोज कर।

वर्षों बीत गए। वह आदमी करीब-करीब भूल ही गया वह खोज--जीवन का वीणा होना। एक दिन अचानक एक बगीचे के पास से गुजरते वक्त उसने किसी को वीणा बजाते सुना। वह स्वरलहरी उसे खींच ली। वह खिंचा हुआ जादू के वश बगीचे के भीतर पहुंच गया।

कोई कलाकार वीणा बजा रहा था। साधक को पहली दफा दिखाई पड़ा कि वही तार हैं जो दुकान पर पड़े थे। वही धातुएं हैं जो दुकान पर पड़ी थीं, वीणा में लग गईं। और उस बढ़ई ने भी काम किया है। लकड़ी का भी इंतजाम है।

आज उसे सूत्र साफ हुआ। आज उसे साफ हुआ कि जीवन एक वीणा है। लकड़ी भी है, तार भी हैं, धातुएं भी हैं; अलग-अलग पड़े हैं। कोई संगीत पैदा नहीं होता। तीनों जुड़ जाएं, एक ढंग में बैठ जाएं, तालमेल आ जाए, तो संगीत उठ सकता है। इतना अदभुत संगीत उठ सकता है--निराकार! इतना प्राणों को मोहित कर लेने वाला संगीत उठ सकता है! ऐसी जादूभरी रहस्यपूर्ण घटना घट सकती है!

मैं भी तुमसे यही कहता हूं: जीवन एक वीणा है। लेकिन तुम्हें अपनी वीणा जमानी है। दूसरों की नकल मत करना। उन्हें अपनी वीणा जमानी है। वीणाएं बहुत तरह की हैं। और हरेक व्यक्ति के पास अपने तरह की वीणा है और अपने ही
तरह का छिपा हुआ संगीत है।

स्वधर्मे निधनं श्रेयः।

ओशो, सबै सयाने एक मत-08

CamScanner

9:24 pm 11 KB/s VoLTE 4G R 23%

फिर इससे भी पीछे लौटना है और उस छोटे बच्चे की भांति हो जाना है, जब आप अपने को ही प्रेम करते हैं। पुरुष भी खो गया, स्त्री भी खो गई। संन्यासी अपनी गुहा में बैठा हुआ अपने में ही रत है। ध्यान की यह दशा आत्म-रति है। यह ठीक वैसे ही है, जैसा बच्चा अपने झूले में पड़ा है और आनंदित हो रहा है। किसी दूसरे की जरूरत नहीं है आनंद के लिए। उसका खुद का होना ही काफी आनंद है। ध्यान की यह अवस्था है।

फिर इससे भी पीछे लौटना है–अपना भी खयाल न रह जाए। वह गर्भ में वापस लौट गया। इस अवस्था का नाम समाधि है। तब बच्चा, जैसे पूरा अस्तित्व गर्भ हो गया और अब उसे अपना बोध ही न रहा, वह अबोध हो गया। इस सारे अस्तित्व के साथ एक हो गया। यह वर्तुल पूरा हुआ। फिर अ-रति पैदा हुई। इस अंतिम अवस्था को मैं ब्रह्मचर्य कहता हूं।

और अगर आप सीधे ही चलते गए और चौथे चरण के बाद ब्रह्मचारी हो गए पांचवें चरण में, तो वह ब्रह्मचर्य दमन होगा। और विकृत होगा और उसमें सौंदर्य नहीं हो सकता। उसमें वह महिमा प्रगट नहीं होगी, जो एक बच्चे में प्रगट होगी मां के गर्भ में वापस लौटकर।

अ-रति, फिर आत्म-रति, फिर स्वलिंगीय-रति, फिर पर-रति, और फिर वापस है यात्रा। और जिस दिन आपका वर्तुल पूरा होगा, उस दिन परम शांति आप पर प्रगट होगी। आशीर्वाद सब तरफ से बरसने लगेंगे। यह आदमी घर आ गया। झेन फकीर कहते हैं, कमिंग बैक टू होम। जहां से चला था, वहीं वापस आ गया। मूल-स्रोत को उपलब्ध हो गया।

प्रकृति से लड़ेंगे, तो भी प्राकृतिक; समर्पण करेंगे, तो भी प्राकृतिक। छोड़ देंगे अपने को, बिलकुल भूल जाएंगे, न संघर्ष, न समर्पण, तो भी प्राकृतिक है। सभी कुछ प्राकृतिक है, क्योंकि अप्राकृतिक हो ही कैसे सकता है? इसलिए सवाल प्रकृति और अप्रकृति के बीच चुनने का नहीं है, सवाल सुख, दुख और आनंद के बीच चुनने का है। तीनों द्वार खुले हैं। जिस तरफ भी जाना हो, होशपूर्वक जाना।

--नही राम बिन ठाँव #13

CamScanner

9:24 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 23%

बच्चा जब पैदा होता है तो पहली अवस्था है अ-रति, नो-सेक्स। इसके विकास को ठीक से समझें, क्योंकि यही वापसी में संत की यात्रा होगी। दूसरा चरण है आत्म-रति, आटो-इरोटिक। बच्चा खुद ही को प्रेम करता है। अपने ही हाथ-पैर से खेलता है। ऐसे ही प्रसन्न होता है अकारण। कोई साथी-संगी नहीं, खुद ही पड़ा-पड़ा मजा लेता है। मुस्कुराता है। माताएं समझती हैं शायद पिछले जन्म की याद वगैरह करके प्रसन्न हो रहा है। वह आत्म-रति में लीन है, अभी आटो-इरोटिक है। खुद ही प्रेमी है, खुद ही प्रेम-पात्र है।

फिर तीसरा चरण आता है, तब बच्चा होमो-सेक्सुअल हो जाता है। समलिंगीयऱ्यौन पैदा होती है। इसलिए लड़कों की उत्सुकता लड़कों में, लड़कियों की लड़कियों में होती है।

एक उम्र है बच्चों की जब लड़के लड़कों के साथ मेल करते हैं, लड़कियां लड़कियों के साथ। लड़के लड़कों के प्रेम में पड़ जाते हैं, लड़कियां लड़कियों के।

इसलिए बचपन में जैसी दोस्ती बनती है, फिर कभी नहीं बनती। फिर जिंदगीभर वैसी दोस्ती का स्वाद नहीं आता। बच्चे जैसी दोस्ती एक-दूसरे से कर लेते हैं, वह प्रेमियों जैसी दोस्ती है, वह जीवनभर टिकती है। फिर बहुत लोगों से मिलना होगा, अच्छे लोगों से मिलना होगा, संबंध बनेंगे, लेकिन परिचय रहेगा, दोस्ती नहीं हो पाएगी। क्योंकि वह जो होमो-सेक्सुअल, समलिंगीय-प्रेम की अवस्था थी, फिर दुबारा नहीं आएगी। अनेक लोग होमो-सेक्सुअल रह जाते हैं, उसका अर्थ है, उनका ठीक विकास नहीं हुआ।

फिर बाहर आने के लिए नहीं खुलता। तो उसने विपरीत सेक्स का जगत छोड़ दिया। अब वह पुरुषों के साथ ही रहेगा। उसकी मैत्री होगी वैसी ही, जैसी एक बार बचपन में हुई थी। यह वापस लौट रहा है।

फिर इससे भी पीछे लौटना है और उस छोटे बच्चे की भांति हो जाना है, जब आप अपने को ही प्रेम करते हैं। पुरुष भी खो गया, स्त्री भी खो गई। संन्यासी अपनी गुहा में बैठा हुआ अपने में ही रत है। ध्यान की यह

CamScanner

9:23 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 23%

गर्भ की जो दशा है, वही मोक्ष की दशा है। गर्भ छोटा-सा आनंद-रूप है मोक्ष का।

बच्चा मां के साथ एक है, अपने मूल-स्रोत के साथ एक है। मां श्वास लेती है, तो वही बच्चे की श्वास है। मां का खून चलता है, तो वही बच्चे के खून की गति है। मां का हृदय धड़कता है, तो वही बच्चे की धड़कन है। मां अभी मर जाए, तो बच्चा मरेगा। अभी मां का जीवन बच्चे का जीवन है। अभी पृथकता पैदा नहीं हुई। अभी अहंकार नहीं जन्मा। यह मोक्ष का आनंद-रूप है।

फिर परम संतत्व की अवस्था में भी यही घटना घटती है। तब यह पूरा अस्तित्व मां का गर्भ हो जाता है। इसलिए जहां हम मंदिर में परमात्मा की मूर्ति रखते हैं, उसको कहते हैं गर्भगृह। जिस दिन यह सारा जगत मंदिर की तरह हो जाता है, उस दिन गर्भगृह में तुम पुनः प्रवेश कर जाते हो। फिर तुम्हारा अस्तित्व नहीं रह जाता, फिर सर्व है, तुम नहीं हो।

इसलिए जिन लोगों ने परमात्मा की कल्पना पुरुष की जगह स्त्री के रूप में की है, उन लोगों ने ज्यादा कुशलता दिखाई है। परमात्मा की धारणा पुरुष के रूप में ठीक नहीं है। क्योंकि वह गर्भ कैसे बनेगा? इसलिए परमात्मा की धारणा स्त्री के रूप में ज्यादा योग्य है। लेकिन पुरुष के अहंकार के कारण हम आमतौर से परमात्मा को पुरुष बनाए हुए हैं। अहंकार को छोड़कर अगर तथ्य को समझने की कोशिश करें, तो परमात्मा स्त्रैण ही होना चाहिए, क्योंकि उसमें जगह चाहिए। मोक्ष, उसमें जगह है, गर्भ की संभावना। हम उसमें वापस लौट सकें।

तो काली, जगदंबा की जो धारणा है, वह ज्यादा सत्य के निकट है। पुरुष में तो जगह ही नहीं है, उसमें जाइएगा कहां? पुरुष में कोई स्थान नहीं है। परमात्मा गर्भ बन जाता है पुनः संत को।

बच्चा जब पैदा होता है तो पहली अवस्था है अ-रति, नो-सेक्स। इसके विकास को ठीक से समझें, क्योंकि यही वापसी में संत की यात्रा होगी। दूसरा चरण है आत्म-रति, आटो-इरोटिक। बच्चा खुद ही को प्रेम करता है। अपने ही हाथ-पैर से खेलता है। ऐसे ही प्रसन्न होता है अकारण। कोई साथी-संगी नहीं, खुद ही पड़ा-पड़ा मजा लेता है। मुस्कराता है।

CamScanner

9:22 pm 20 KB/s VoLTE 4G R 23%

जब मैं कहता हूं कि मेरे चरणों में नत झुको, तो कुछ हैं जो बड़े खुश होंगे कि बहुत बढ़िया बात कही। इसलिए नहीं कि वे किन्हीं और चरणों में झुकेंगे परमात्मा के, बल्कि इसलिए कि झुकने में उनको बड़ी बेचैनी मालूम पड़ती है, झुक नहीं सकते कहीं भी। वे कहेंगे, बिलकुल दुरुस्त, एकदम ठीक बात कही। जहां भी भीतर अहंकार मजबूत है, वे कहेंगे कि बिलकुल ठीक बात कही। झुकना नहीं चाहिए!

और यह बड़े मजे की बात है कि जो झुक जाता है उसके चरणों में, उसका फिर झुकना बंद हो जाता है, फिर और झुकने की कोई जरूरत नहीं रह जाती। जो झुक जाता है उसके चरणों में, उससे ऊंचा कोई नहीं रह जाता, वह सबसे ऊंचा हो जाता है। वे चरण इतने ऊंचे हैं कि उनमें झुकने में आप नीचे नहीं हो जाते, उनमें झुक कर आप ऊंचे हो जाते हैं, वे चरण इतने ऊंचे हैं।

लाओत्से कहता था: धन्य हैं वे जो झुके हुए हैं, क्योंकि उनको झुकना नहीं पड़ेगा।

ओशो

CamScanner

9:22 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 23%

10 4 7

Rahul Kumar Ojha · 16h ·

रामकृष्ण के पास एक आदमी गया। रामकृष्ण से कहने लगा, गंगा-स्नान को जा रहा हूं। सुना है मैंने, परमहंसदेव, कि वहां नहाने से पाप बह जाते हैं।

परमहंस ने कहा, बिलकुल बह जाते हैं। लेकिन गंगा से बाहर मत निकलना! निकले कि फिर चढ़ जाते हैं। वे जो झाड़ देखे हैं न किनारे पर खड़े हुए, जब तक तुम डुबकी लगाते हो, गंगा तो पवित्र है, जब तुम डुबकी लगाओगे, वे झाड़ पर बैठ जाएंगे। वे बड़े-बड़े झाड़ इसीलिए हैं गंगा के किनारे, पता है आपको? वे उस पर बैठे रहेंगे कि बेटा, कब निकलते हो! और आखिर बेटा कब तक डूबा रहेगा? थोड़ी-बहुत देर में निकलेगा कि निकल गए पाप, वे फिर उतर कर सवार हो जाएंगे।

तो रामकृष्ण ने कहा, ऐसी गंगा में डूबो जहां से निकलना न पड़े। ऐसी भी गंगा है परमात्मा की, जहां डूबो तो निकलना न पड़े। निकलने को जगह ही नहीं है फिर वहां, डूबे तो डूबे ही, वही-वही है। फिर निकलना भी चाहो तो कहीं भागने का उपाय नहीं है, क्योंकि वही-वही है।

तो मैं भी कहता हूं कि चरण ऐसे भी हैं कि जहां झुको तो झुक ही जाओ, फिर उठना न पड़े। उन्हीं चरणों में झुकने का अर्थ है। जिन चरणों में झुको और उठो, तो बेकार की कवायद हो जाती है, कोई मतलब नहीं होता।

इसलिए कहता हूं, कोई झुकने की जरूरत नहीं है। झुको जरूर! यह मत सोच लेना...क्योंकि यह बड़ा डेलीकेट, बहुत नाजुक बात है। क्योंकि जब मैं कहता हूं कि मेरे चरणों में मत झुको, तो कुछ हैं जो बड़े खुश होंगे कि बहुत बढ़िया बात कही। इसलिए नहीं कि वे किन्हीं और चरणों में झुकेंगे परमात्मा के, बल्कि इसलिए कि झुकने में उनको बड़ी बेचैनी मालूम पड़ती है, झुक नहीं सकते कहीं भी। वे कहेंगे, बिलकुल दुरुस्त, एकदम ठीक बात कही। जहां भी भीतर अहंकार मजबूत है, वे कहेंगे कि बिलकुल ठीक बात कही। झुकना नहीं चाहिए!

और यह बड़े मजे की बात है कि जो झुक जाता है उसके चरणों में, उसका फिर झुकना बंद हो जाता है, फिर और झुकने की कोई जरूरत

CamScanner

9:18 am 0 KB/s VoLTE 4G R 78%

राम से कोई मतलब नहीं है। मेरे अहंकार को थोड़ा और बढ़ा दें कि मैं लौट कर जाकर कह सकूं कि मैं सदा ठीक था, सदा ही ठीक था। मैं और तर्क और प्रमाण जुटा लूं अपने ठीक होने के।
नहीं ऐसी भूल मैं नहीं करता।
ऐसा आदमी अगर बहुत हिम्मतवर हो तो ही मेरे पास टिक सकता है, नहीं तो भाग जाएगा। उसके बचने का कोई उपाय नहीं।
बहुत साहसी हो कि अपने अहंकार को टूटता देख सके और रुक जाए, तो ही रुक पाएगा। लेकिन तो ही रुके तो कोई अर्थ है।
तुम्हारे अहंकार को बचा कर तुम्हें मैंने रोक भी लिया अपने पास तो तुम्हारी भीड़ को इकट्ठा करके क्या करूंगा?

तुम्हारी भीड़ नहीं चाहिए, तुम्हारा निरहंकार भाव चाहिए।
एक भी व्यक्ति मेरे पास हो, लेकिन निरहंकार की भाव-दशा में हो, तो जो मैं चाहता हूं--जो परम फूल मुक्ति का--वह उसमें खिल सकता है...

-Osho

*



CamScanner

9:18 am 0 KB/s VoLTE 4G R 78%

वे आए थे सुनने कि मैं राम की प्रशंसा करूं। राम की प्रशंसा में मुझे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन मुसलमान से करता हूं मैं राम की प्रशंसा, राम के भक्त से नहीं करता। लोग मुझसे पूछते हैं, यह लाओत्से पर आप किसलिए बोल रहे हैं? तो मैं कहता हूं, यहां कोई चीनी नहीं है इसलिए। अगर चीन जाऊं तो लाओत्से पर भूल कर नहीं बोलूंगा। क्योंकि वहां लाओत्से के आधार पर अहंकार खड़े हो गए हैं। वहां तो लोग बड़े प्रसन्न होंगे कि ठीक; उनकी ही बात को मैं ठीक कह रहा हूं।

इसे थोड़ा समझ लें।

यह मेरा गणित थोड़ा समझ में आ जाए तो अच्छा। न कुछ लेना-देना है लाओत्से से, न कुछ लेना-देना है कृष्ण से।

अगर सवाल है कुछ तो मेरे और तुम्हारे बीच है।

तुम्हें तोड़ना है।

तुम्हारे अहंकार को गिराना है। और *जो-जो सहारे तुमने ले रखे हैं वे भी हटाने पड़ेंगे। नहीं कि वे सहारे गलत थे, बल्कि उन सहारों से तुमने एक गलत अहंकार खड़ा कर लिया था। इसलिए कभी हटाऊंगा और कभी जमाऊंगा।*

क्योंकि कभी मुझे लगेगा कि कोई ऐसा आदमी आ गया, कोई जैन आ जाए, तो मैं राम की प्रशंसा करता हूं।

गहरे में सवाल इस तरह के आदमी के साथ यह होता है कि वह जो मानता है उसकी परितृप्ति हो जाए, उसका अहंकार भर जाए; मैंने भी हां भर दी, मैंने भी प्रमाण पत्र दे दिया कि वह ठीक है।

जब राम का भक्त कहता है राम पर कुछ बोलें, तो वह यह नहीं कह रहा है कि राम से उसको कुछ लेना-देना है, वह यह कह रहा है कि मेरी जो मान्यताएं हैं उनको तृप्त करें, मेरी मान्यताओं पर जल सींचें।

राम से कोई मतलब नहीं है। मेरे अहंकार को थोड़ा और बढ़ा दें कि मैं लौट कर जाकर कह सकूं कि मैं सदा ठीक था, सदा ही ठीक था। मैं और तर्क और प्रमाण जुटा लूं अपने ठीक होने के।

नहीं ऐसी भूल मैं नहीं करता।

ऐसा आदमी अगर बहुत हिम्मतवर हो तो ही मेरे पास टिक सकता है, नहीं तो भाग जाएगा। उसके बचने का कोई उपाय नहीं।

बहुत साहसी हो कि अपने अहंकार को टूटता देख सके और रुक जाए,

CamScanner

9:18 am 279 KB/s 78%

37m ·

...मेरे पास इतने लोग आते हैं; उनमें तीन कोटियों के लोग हैं। एक वे हैं जो इसलिए आते हैं कि मैं उनकी मान्यताओं को पुष्ट कर दूं। वे मेरे पास आते ही नहीं; वे अपनी मान्यताओं की पुष्टि के लिए आते हैं। वे जो मानते हैं, अगर मैं भी कह दूं कि ठीक है, तो उनके चित्त की प्रसन्नता देखने जैसी होती है। उनका अहंकार पुष्ट हुआ। वे गीता के भक्त थे, और मैंने गीता की प्रशंसा कर दी; तत्क्षण मैं उनके लिए ज्ञानी हो जाता हूं। मैं ज्ञानी हो जाता हूं, क्योंकि वे ज्ञानी हैं, और गीता में उनकी श्रद्धा है और मैंने भी कह दी बात। मैंने उनकी ही बात कह दी। ऐसे लोग मुझसे आकर कहते हैं कि आपने जो कहा वह हमारी ही बात कह दी; चित्त प्रसन्न हो गया; बड़े आनंदित जा रहे हैं।
ऐसा मौका कम ही आ पाता है। ऐसे लोगों को मैं आनंदित नहीं भेजता। क्योंकि वह तो गलती हो जाएगी। यह तो गलत तरह का आनंद होगा। यह तो दवा न होगी, जहर होगा। इनके अहंकार को तो तोड़ना है। और अगर इनके अहंकार में गीता की बुनियाद रखी है तो गीता को भी तोड़ना जरूरी है, ताकि इनका अहंकार गिर जाए। अगर इन्होंने अपने अहंकार को कृष्ण के सहारे खड़ा कर रखा है तो कृष्ण को भी खींच लेना जरूरी है, ताकि इनका अहंकार गिर जाए।
एक मित्र कुछ ही दिन पहले आए। आते ही से हाथ जोड़ कर कहा कि और सब ठीक है, आप कभी रामायण पर बोलें। आए थे मुझे सुनने को। रामायण के भक्त हैं। मैंने कहा, राम में मेरा कोई लगाव नहीं। इसलिए नहीं कि राम में मेरा कोई लगाव नहीं है। जैसे ही मैंने कहा राम में मेरा कोई लगाव नहीं, उनके चेहरे पर अंधेरे बादल घिर गए। और मैंने कहा, तुलसीदास होंगे अच्छे कवि, लेकिन उनके संतत्व में मेरा भरोसा नहीं। पैर के नीचे से जमीन खिसक गई; फिर दोबारा उनके मुझे दर्शन ही न हुए। आए थे यहां रुकने दस दिन कि हां सुनेंगे। लेकिन दूसरे दिन सुबह वे दिखाई ही नहीं पड़े। सांझ मिल कर ही निबटारा हो गया।
ओशो

२

वे आए थे सुनने कि मैं राम की प्रशंसा करूं। राम की प्रशंसा में मुझे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन मुसलमान से करता हूं मैं राम की प्रशंसा,

CamScanner

7:45 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 62%

समझ का अर्थ कृत्य है, करना है। जब तुम किसी चीज को समझ लेते हो तो तुम तुरंत उस दिशा में कुछ करने लगते हो। तुम्हें उसके संबंध में कुछ करना ही होगा। क्योंकि अगर वह बात ठीक है और तुम समझते हो कि वह ठीक है तो तुम्हें उसके लिए कुछ करना ही होगा। अन्यथा वह उधार ज्ञान बनकर रह जाता है, और उधार ज्ञान समझ नहीं बन सकता।

तुम भूल सकते हो कि यह ज्ञान उधार है तुम भूलना चाहोगे कि यह उधार है क्योंकि यह प्रतीति कि यह उधार है, तुम्हारे अहंकार को चोट पहुंचाती है। इसलिए तुम भूल भूल जाते हो कि यह उधार है। और धीरे धीरे तुम मानने लगते हो कि यह मेरा अपना ज्ञान है। और यह बात बहुत खतरनाक है।

भगवान श्री रजनीश
तंत्र सूत्र

96 29 comments • 14 shares

Like Comment Send Share

आध्यात्मिक मार्ग Aadhyaatmik Marg
Parshotam Rai · 6h ·

CamScanner

7:45 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 62%

तुम्हें कुछ करने की दिशा में निर्णायक होना है। तुम संकट में हो घर जल रहा है। जीवन सदा जल रहा है, क्योंकि मृत्यु सदा पीछे छिपी है। किसी भी क्षण तुम नहीं हो सकते हो। और तुम मृत्यु के साथ तर्क—वितर्क नहीं कर सकते; तुम कुछ नहीं कर सकते। जब मृत्यु आती है, आ जाती है। समय बहुत कम है। अगर तुम सत्तर साल जीओगे, या सौ साल जीओगे, तो भी समय बहुत कम है। और तुम्हें रूपांतरित होने के लिए, आमूल क्रांति से गुजरने के लिए अपने ऊपर जो काम करना है, वह बहुत बड़ा है। इसलिए स्थगित मत करते रहो।

जब तक तुम्हें आपातस्थिति का, गहन संकट का बोध नहीं होगा, तुम कुछ नहीं करोगे। जब तक धर्म तुम्हारे लिए जीवनमरण का प्रश्न न बन जाए, जब तक तुम्हें ऐसा न लगने लगे कि रूपांतरण के बिना मेरा सारा जीवन व्यर्थ है, तब तक कुछ नहीं होगा, तुम व्यर्थ ही जीओगे। जब तुम इस बात को बहुत तीव्रता से, बहुत गंभीरता से और बहुत ईमानदारी से अनुभव करोगे तो ही ये विधियां काम की हो सकती हैं। तुम उन्हें समझ सकते हो, लेकिन समझने से क्या होगा? समझ किसी काम की नहीं है; यदि तुम उसके संबंध में कुछ कहते नहीं हो। दरअसल तुम जब तक उस दिशा में कुछ करते नहीं, समझना कि तुमने समझा ही नहीं। क्योंकि समझ को कृत्य बनाना जरूरी है; अगर समझ कृत्य नहीं बनती है तो वह परिचय भर है, वह समझ नहीं है।

इस फर्क को समझने की कोशिश करो। परिचय समझ नहीं है। परिचय तुम्हें कृत्य में उतरने को मजबूर नहीं करेगा, परिचय तुम्हें अपने में बदलाहट लाने के लिए विवश नहीं करेगा। उससे तुम कुछ करने के लिए बाध्य नहीं होगे। तुम उसे मन में इकट्ठा कर लोगे और वह तुम्हारी जानकारी बन जाएगा। तुम ज्यादा पंडित हो जाओगे, ज्यादा जानकार हो जाओगे। लेकिन मृत्यु के सामने सब खो जाता है, समाप्त हो जाता है। तुम बहुत सी चीजें इकट्ठी करते रहते हो, लेकिन उनके संबंध में कुछ करते नहीं; फिर वे तुम्हारे ऊपर बोझ बन कर रह जाती हैं।

समझ का अर्थ कृत्य है, करना है। जब तुम किसी चीज को समझ लेते हो तो तुम तुरंत उस दिशा में कुछ करने लगते हो। तुम्हें उसके संबंध में कुछ करना ही होगा। क्योंकि अगर वह बात ठीक है और तुम समझते हो

CamScanner

7:45 pm 0 KB/s • VoLTE 4G R 62%

शैतान ने कहा. 'तुम्हारा प्रस्ताव थोड़ा बेहतर है। तुम थोड़े से लोगों को समझाने में सफल हो सकते हो, लेकिन बहुसंख्यक लोग तुम्हारी नहीं सुनेंगे। वे नरक से उतने भयभीत नहीं हैं जितने वे स्वर्ग में प्रवेश पाने की कामना से भरे हुए हैं। यदि तुमने उन्हें समझा भी लिया कि नरक नहीं है, तो भी वे स्वर्ग की कामना करेंगे और उसके लिए वे नेक बनने की चेष्टा करेंगे।'

तब तीसरा शिष्य, जो सबसे बुद्धिमान था, बोला 'मेरा एक सुझाव है, मुझे उसे प्रयोग करने का मौका दें। मैं जाऊंगा और कहूंगा कि धर्म जो भी कहता है वह बिलकुल सच है, ईश्वर भी है और स्वर्ग भी है और नरक भी है, लेकिन कोई जल्दी नहीं है।'

और शैतान ने कहा : 'बिलकुल ठीक, तुम्हारे पास सही उपाय है। तुम जाओ।'

और कहा जाता है कि तब से फिर कभी नरक में कोई संकट पैदा नहीं हुआ। बल्कि वे अति भीड़ भाड़ की समस्या से परेशान हैं।

हमारा मन भी इसी भांति काम करता है। हम सदा सोचते हैं कि कोई जल्दी नहीं है। और ये विधियां जिनकी हम चर्चा कर रहे हैं, किसी काम की न होंगी, यदि तुम्हारा मन कहता है कि कोई जल्दी नहीं है। तब तुम स्थगित करते रहोगे और मृत्यु पहले पहुंच जाएगी और वह दिन नहीं आएगा जब तुम सोचो कि जल्दी करनी है, कि अब समय आ गया है। तुम निरंतर स्थगित करते रह सकते हो। यही हम अपने जीवन के साथ कर रहे हैं।

तुम्हें कुछ करने की दिशा में निर्णायक होना है। तुम संकट में हो घर जल रहा है। जीवन सदा जल रहा है, क्योंकि मृत्यु सदा पीछे छिपी है। किसी भी क्षण तुम नहीं हो सकते हो। और तुम मृत्यु के साथ तर्क—वितर्क नहीं कर सकते; तुम कुछ नहीं कर सकते। जब मृत्यु आती है, आ जाती है। समय बहुत कम है। अगर तुम सत्तर साल जीओगे, या सौ साल जीओगे, तो भी समय बहुत कम है। और तुम्हें रूपांतरित होने के लिए, आमूल क्रांति से गुजरने के लिए अपने ऊपर जो काम करना है, वह बहुत बड़ा है। इसलिए स्थगित मत करते रहो।

CamScanner

Rahul Kumar Ojha · 2d ·

कोई जल्दी नहीं है !

एक बार ऐसा हुआ कि शैतान वर्षों वर्षों प्रतीक्षा करता रहा और एक आदमी भी नरक नहीं आया। वह स्वागत के लिए तैयार था, लेकिन संसार इतने ढंग से चल रहा था और लोग इतने नेक थे कि कोई आदमी नरक नहीं आया। स्वभावत:, शैतान बहुत चिंतित हो उठा। उसने एक विशेष सभा बुलाई; उसके सर्वश्रेष्ठ शिष्य इस स्थिति पर विचार करने के लिए इकट्ठे हुए। नरक बहुत बड़े संकट से गुजर रहा था और यह बात बरदाश्त नहीं की जा सकती थी। कुछ करना जरूरी था। तो उसने सलाह मांगी 'हमें क्या करना चाहिए?'

एक शिष्य ने सुझाव दिया 'मैं पृथ्वी पर जाऊंगा और लोगों से बातें करूंगा, उन्हें समझाने की कोशिश करूंगा कि कोई ईश्वर नहीं है और सभी घर्म झूठे है और बाइबिल, कुरान और वेद जो भी कहते हैं वह सब बकवास है।'

शैतान ने कहा. 'इससे कुछ हल नहीं होगा, क्योंकि यह तो हम शुरू से ही करते आ रहे हैं और इससे लोग बहुत प्रभावित नहीं हुए। ऐसी शिक्षा से तुम सिर्फ उन्हें ही समझा सकते हो जो समझे ही हुए हैं। यह उपाय किसी काम का नहीं है, यह बहुत काम का नहीं है।'

तब दूसरे शिष्य ने, जो पहले से ज्यादा कुशल था, कहा: 'मैं जाऊंगा और लोगों को यह सिखाने की, समझाने की कोशिश करूंगा कि बाइबिल, कुरान और वेद जो भी कहते हैं वह सही है। स्वर्ग है, परमात्मा भी है। लेकिन कोई शैतान नहीं है, इसलिए तुम्हें डरने की जरूरत नहीं है। और अगर हम उन्हें कम भयभीत बना सके तो वे धर्म की बिलकुल फिक्र नहीं करेंगे; क्योंकि सभी धर्म भय पर खड़े हैं।'

शैतान ने कहा. 'तुम्हारा प्रस्ताव थोड़ा बेहतर है। तुम थोड़े से लोगों को समझाने में सफल हो सकते हो, लेकिन बहुसंख्यक लोग तुम्हारी नहीं सुनेंगे। वे नरक से उतने भयभीत नहीं हैं जितने वे स्वर्ग में प्रवेश पाने की कामना से भरे हुए हैं। यदि तुमने उन्हें समझा भी लिया कि नरक नहीं है, तो भी वे स्वर्ग की कामना करेंगे और उसके लिए वे नेक बनने की चेष्टा करेंगे।'

CamScanner

7:43 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 63%

13h ·

एक नगर में पचपन वर्ष आयु की औरत रहती थी। एक दिन उसने एक ज्योतिषी को बुला कर उससे पूछा कि अभी मेरी कितनी उम्र बची है? ज्योतिषी ने हिसाब लगाकर बताया कि माता जी अभी तो आपके तीस वर्ष बचे हुए हैं। यह सुनकर वह खुश हो गई, और अपना पर्स बगल में दबा कर ब्यूटी पार्लर पहुँच गई।

दो घंटे लगा कर, एक हजार रुपये खर्च, जब वह बाहर निकली तो पहचान में ही नहीं आ रही थी। बिल्कुल पैंतीस की लग रही थी।

पर वह जैसे ही सड़क पर आई, एक ट्रक ने उसे कुचल दिया, और वह मर गई।

अब यमराज के यहाँ, यमदूतों से झगड़ रही है। कहती है कि तुम अंधे हो क्या? मुझे क्यों मार डाला? यहाँ कोई इंसाफ है या नहीं? अभी तो मेरे तीस वर्ष बाकी थे। तुमसे जरूर कोई भूल हुई है।

झगड़ा बढ़ा तो यमराज स्वयं आया। कहता है- देवी! हमारे यहाँ पक्का काम होता है। हमें जिसे उठाना होता है, हम उसी को उठाते हैं। यहाँ अंदाजा नहीं चलता। हम अपने यमदूतों को तस्वीर देकर भेजते हैं। भली प्रकार से मिलान होने पर ही किसी को मारा जाता है।

तस्वीर का नाम सुनते ही उस औरत ने कहा- वह तस्वीर मुझे दिखाएँ, जरूर कोई गड़बड़ है।

उसने तस्वीर देखी, सारा माजरा समझ गई और यमराज से कहा- महाराज! कृपा करके मुझे एक बाल्टी पानी मंगवा दें।

पानी आने पर जब उसने मल मल कर अपना चेहरा धोया, तो भीतर से असली चेहरा बाहर आया। जिसे देख कर यमराज ने भी अपना माथा पीट लिया। और कहा- देवी! इतना मेकअप क्यों करती हो, कि यमदूतों की भी पहचान में नहीं आती?

लोकेशानन्द कहता है कि दुनिया में सभी अपनी उम्र छिपाना चाहते हैं। बाल काले कर के, झुर्रियाँ दबा कर, हम किसे धोखा दे रहे हैं?

हमें समझना होगा कि हम दूसरों को धोखा नहीं दे रहे, खुद ही धोखा खा रहे हैं। हमें तो चेहरे की झुर्रियों और बालों की सफेदी से, सीख लेकर, वासनाओं का त्याग और परमात्मा प्राप्ति का प्रयास करना चाहिए।

CamScanner

7:42 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 63%

स्वभावत:, जिनके हित तुम्हें कोल्हू के बैल बनाने में हैं वे सभी नाराज होंगे। मां-बाप चाहते हैं बच्चे आज्ञाकारी हों--बिना इसकी फिक्र किए कि उनकी आज्ञाएं मानने योग्य हैं या नहीं। शिक्षक चाहते हैं बच्चे आज्ञाकारी हों--बिना इसकी फिक्र किए कि उनकी आज्ञाएं मानने योग्य हैं या नहीं। राजनेता चाहते हैं कि जनता आज्ञाकारी हो। पंडित-पुरोहित चाहते हैं कि जनता आज्ञाकारी हो। हरेक चाहता है कि दूसरा आज्ञाकारी हो, क्योंकि आज्ञाकारी का शोषण किया जा सकता है। कोई नहीं चाहता कि दूसरा विचारशील हो।

विचारशील कभी मानेगा और कभी नहीं मानेगा। मानेगा तब जब उसके अंत:करण से मेल होगा; नहीं मानेगा, जब उसके अंत:करण से मेल नहीं होगा। उसके पास अपना मापदंड है, अपनी कसौटी है। कसेगा। सोना होगा तो हाँ कहेगा और पीतल होगा तो फेंक देगा।

और सभी चमकने वाली चीजें सोना नहीं हैं। और सभी आज्ञाएं सत्य नहीं हैं; और सभी आज्ञाएं शुभ नहीं हैं; और सभी आज्ञाएं सुंदर नहीं हैं।

काहे होत अधीर

प्रवचन 18

ओशो
संकलन-रामजी🙏🌹🌹

126 11 comments • 35 shares

Like Comment Send Share

Swami Lokeshanand
12h ·

एक नगर में पचपन वर्ष आयु की औरत रहती थी। एक दिन उसने एक ज्योतिषी को बुला कर उससे पूछा कि अभी मेरी कितनी उम्र बची है? ज्योतिषी ने हिसाब लगाकर बताया कि माता जी अभी त... See more

CamScanner

7:42 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 63%

उसने कहा, तुमने मुझे नासमझ समझा है? बैल से ज्यादा नासमझ समझा है? मैंने उसके गले में घंटी बांध रखी है। चलता रहता है, घंटी बजती रहती है। और मैं जानता हूं कि बैल चल रहा है। जैसे ही रुकता है, घंटी बंद हो जाती है। मैं जल्दी से उचक कर उसे हांक देता हूं। उसे पता नहीं चल पाता कि पीछे हांकने वाला नहीं था। जैसे ही घंटी रुकी कि मैंने हांका, कि मैंने हांक दी। तो वह डरा रहता है कि कोई पीछे है, जरा रुका कि कोड़ा पड़ेगा।

तर्कशास्त्री तो तर्कशास्त्री फिर भी। उसने कहा, एक प्रश्न, आखिरी प्रश्न, क्या बैल खड़े होकर अपना सिर हिला कर घंटी नहीं बजा सकता?

उस तेली ने कहा, महाशय, जरा धीरे बोलिए। अगर बैल सुन लेगा, मेरा सारा धंधा खराब हो जाएगा। और तेल आप आगे से कहीं और से खरीदना। ऐसे आदमियों का आना-जाना ठीक नहीं। मैं बाल-बच्चे वाला आदमी हूं। यह बैल बिगड़ जाए तो मेरा सारा व्यवसाय टूट जाएगा। और बैल ही नहीं, मेरे बच्चे सुन लें तुम्हारी बातें, तो वे भी बिगड़ जाएंगे।

इसलिए तो जीसस को सूली देनी पड़ी, सुकरात को जहर पिलाना पड़ा। ये वे लोग थे जो तुम्हारी आंखों की पट्टियां उतारने की कोशिश कर रहे थे। ये वे लोग थे जो तुम्हारे गले में बंधी हुई घंटी से तुम्हें सचेत कर रहे थे। ये वे लोग थे जो कह रहे थे कि तुम गोल चक्करों में घूम रहे हो; तुम कहीं जा नहीं रहे हो; तुम व्यर्थ ही मेहनत कर रहे हो। रुको! सोचो पुनः! ये वे लोग थे जो तुम्हें समझा रहे थे कि आदमी बनो, कोल्हू के बैल नहीं।

स्वभावतः, जिनके हित तुम्हें कोल्हू के बैल बनाने में हैं वे सभी नाराज होंगे। मां-बाप चाहते हैं बच्चे आज्ञाकारी हों--बिना इसकी फिक्र किए कि उनकी आज्ञाएं मानने योग्य हैं या नहीं। शिक्षक चाहते हैं बच्चे आज्ञाकारी हों--बिना इसकी फिक्र किए कि उनकी आज्ञाएं मानने योग्य हैं या नहीं। राजनेता चाहते हैं कि जनता आज्ञाकारी हो। पंडित-पुरोहित चाहते हैं कि जनता आज्ञाकारी हो। हरेक चाहता है कि दूसरा आज्ञाकारी हो, क्योंकि आज्ञाकारी का शोषण किया जा सकता है। कोई नहीं चाहता कि दूसरा विचारशील हो।

विचारशील कभी मानेगा और कभी नहीं मानेगा। मानेगा तब जब उसके

CamScanner

7:41 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 63%

Satish Purohit · 10h

आज्ञाकारी का शोषण किया जा सकता है

मैंने सुना है, एक तर्कशास्त्री सुबह-सुबह एक तेली के घर तेल लेने गया था। तेली तेल तौलने लगा। उसी की पीठ के पीछे कोल्हू चल रहा है। कोल्हू का बैल कोल्हू को चला रहा है, तेल पेरा जा रहा है। हैरान हुआ तर्कशास्त्री। क्योंकि बैल को कोई चला नहीं रहा है, वह अपने से ही चल रहा है। पूछा उसने तेली को। एक जिज्ञासा मेरे मन में उठी है, कहा उसने, इतना धार्मिक बैल कहां पा गए कलियुग में? सतयुग की छोड़ो, ऐसे ही ऐसे बैल होते थे। लेकिन यह बैल कलियुग में कहां पा गए? अब तो मारो-पीटो तो भी बैल चलते नहीं हैं। हड़ताल कर दें, घिराव कर दें, सींग मारें, शोरगुल मचाएं, झंडा उठाएं, स्वतंत्रता की आवाज दें। यह बैल तुम्हें कहां मिल गया--ऐसा श्रद्धालु कि कोई चला भी नहीं रहा है और चल रहा है!

तेली हंसने लगा। उसने कहा, आपको राज पता नहीं है। बैल धार्मिक नहीं है, उसे चलाने के पीछे एक व्यवस्था है। देखते हैं, उसकी आंखों पर पट्टी बंधी है! उसे सिर्फ अपने सामने दिखाई पड़ता है; न इस तरफ देख सकता है, न उस तरफ; न बाएं, न दाएं। इसलिए वह यह सोचता है कि यात्रा कर रहा है, कहीं जा रहा है। उसे पता ही नहीं चलता कि गोल चक्कर खा रहा है; कहीं जा नहीं रहा है; कोई यात्रा नहीं हो रही है। उसे समझ में आ जाए कि गोल घूम रहा हूं, तो अभी रुक जाए। मगर वह सोच रहा है--कहीं पहुंच रहा हूं, कोई मंजिल, कोई मुकाम करीब आ रहा है।

तर्कशास्त्री भी तर्कशास्त्री था। उसने कहा, माना, देखा मैंने कि आंख पर पट्टी बांधी है। लेकिन कभी रुक कर भी तो देख सकता है कि कोई हांकने वाला है या नहीं।

उसने कहा, तुमने मुझे नासमझ समझा है? बैल से ज्यादा नासमझ समझा है? मैंने उसके गले में घंटी बांध रखी है। चलता रहता है, घंटी बजती रहती है। और मैं जानता हूं कि बैल चल रहा है। जैसे ही रुकता है, घंटी बंद हो जाती है। मैं जल्दी से उचक कर उसे हांक देता हूं। उसे पता नहीं चल पाता कि पीछे हांकने वाला नहीं था। जैसे ही घंटी रुकी

CamScanner

जिसने तुम्हारा अपमान किया है,
वह उसकी मौज है। उसे जो ठीक लगा,
उसने किया। जिसने तुम्हारा सम्मान
किया है, उसकी मौज। उसे जो
ठीक लगा उसने किया।
जो उसके पास था, उसने दिया।
तुम अपमान और सम्मान दोनों को
एक ही धन्यवाद के भाव से स्वीकार
कर लेना, दोनों का आभार प्रगट कर
देना और आंख मूंदकर भीतर
डुबकी लगा लेना। "ओशो"

CamScanner

7:34 pm
64%
ओशो की बातें 21h
कैसे सुकून पाऊँ
तुझे देखने के बाद
PLEASE FOLLOW
O_S_H_O_WORLD
Send message...

CamScanner

11:39 am
68%
WINEXCH
वो करीब ही न आये तो इज़हार क्या करते!
खुद बने निशाना तो शिकार क्या करते!
मर गए पर खुली रखी आँखें! इससे ज्यादा किसी का
इंतजार क्या करते!
2.1K
Insta || @faqir_.bab
2
221
Use audio
Send
faqir__.baba
Post पसंद आऐ तो follow जरूर करें ... more
Add a comment...

CamScanner

11:39 am
0 KB/s
VoLTE 4G R 68%
WINEXCH
LINK IN BIO
5000+ SLOTS & CRASH GAMES
WINEXCH.COM
अजीब सौदागर हैं, ये वक़्त भी.
जवानी का लालच देकर, बचपन ले गया और..
अमीरी का लालच देकर, जवानी ले गया..!!
Insta || @faqir_.baba
17
1
Use audio
Send
faqir__.baba
Post पसंद आऐ तो follow जरूर करें... more

CamScanner

11:40 am
WINEXCH
चश्मदीद अन्धा बन रहा, बहरा सुने दलील
झूठों का है दबदबा, सच्चे हुए जलील
66
4
2
@Faqirbaba
faqir__.baba
Post पसंद आऐ तो follow जरूर करें... more
Send
Nusrat Fateh Ali Khan · Ki

CamScanner

11:40 am
faqir__.baba
Post पसंद आऐ तो follow जरूर करें... more
Send
Nusrat Fateh Ali Khan · Ki
आखिर क्यों रिश्तो की गलियाँ इतनी तंग हैं...
शुरुआत कौन करे, यहीं सोच कर बात बंद है...
Insta || @faqir_.baba
32
1

CamScanner


11:41 am
WINEXCH
LINK IN BIO
5000+ SLOTS & CRASH GAMES
WINEXCH.COM
दुनिया को हकीकत मेरी पता कुछ भी नहीं
इल्जाम हजारों है मुझ पर और खता कुछ भी नहीं
मेरे दिल में क्या है ये पढ़ ना सकोगे
सारे पन्ने भरे हैं और लिखा कुछ भी नहीं
39
2
1
Send
Use audio
@Faqirbaba
faqir__.baba
Post पसंद आऐ तो follow जरूर करें... more
Aamir Khan

CamScanner


जो बदला जा सकता है,
उसे बदलो।
जो बदला न जा सके,
उसे स्वीकार करो।
जो स्वीकारा न जा सके,
उससे दूर हो जाओ।
लेकिन खुद को हर हाल
में खुश रखो।
एक कदम सफलता की ओर

CamScanner

12:30 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 79%
facebook
8

Rahul Kumar Ojha · 5d ·

🌹🌹तुम्हें अपनी पीड़ा का पता है? काश, पता होता, तो तुम ऐसे ही बने रहते जैसे तुम हो! कुछ करते न! घर में आग लगी हो और तुम बैठे रहते, ताश खेलते रहते! चौपड़ बिछाए रहते! शतरंज के हाथी-घोड़े चलाते रहते!--घर में आग लगी होती! काश, तुम्हें दिखाई पड़ जाए कि घर लपटों से घिरा है, तो कुछ करोगे, आग को बुझाने के लिए कोई उपाय करोगे।

तुम्हें अभी अपनी पीड़ा भी नहीं दिखाई पड़ती। कभी भूल-चूक से दिखाई भी पड़ जाए, तो तुम उसे जल्दी छिपा लेते हो। ढांक लेते हो। शराब पी कर छिपा लेते हो; सिनेमा-गृह में बैठ कर भूल जाते हो; मित्रों से गपशप करने में लग जाते हो; अपने को सदा व्यस्त रखते हो, जब तक जागे रहते हो, सुबह से लेकर रात तक उलझे रहते हो, लगे रहते हो कहीं न कहीं। क्योंकि लगे रहोगे, उलझे रहोगे, तो पीड़ा दिखाई न पड़ेगी। न पड़ेगी पीड़ा दिखाई, न पीड़ा को बदलने के लिए कुछ करना पड़ेगा। थके-मांदे रात गिर जाते हो--रात भी चैन नहीं, सपनों में उलझे रहते हो। वह भी तुम्हारी चालबाजी है। सपने भी तुम्हारी ईजाद हैं।

दिन में तुम काम में उलझाए रखते हो अपने को, रात भी विश्राम नहीं। क्योंकि जहां विश्राम हुआ, वहां डर है कि कहीं भीतर के घाव दिखाई न पड़ जाएं।

इस दुनिया में अधिकतम लोग अपने घावों को भुलाने में लगे हैं। मिटाने में नहीं। जो घावों को भुलाने में लगे हैं, उन्हीं को मैं गृहस्थ कहता हूं।

और जो घावों को मिटाने में लग जाते हैं, उन को संन्यस्त कहता हूं। गृहस्थ और संन्यस्त की मेरी और कोई परिभाषा नहीं है। भगोड़ों को नहीं कहता संन्यासी, जगोड़ों को कहता हूं--जो जाग उठे। जिन्होंने देखा कि घर में आग लगी है और हम क्या कर रहे हैं! हम कैसे गंवा रहे हैं समय को!

लोग समय गंवा ही नहीं रहे हैं, लोगों से अगर पूछो कि भई, क्या कर रहे हो? लोग कहते हैं: समय काट रहे हैं। कोई हुक्का पीकर समय काट रहा

CamScanner

12:30 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 79%
facebook

लोग समय गंवा ही नहीं रहे हैं, लोगों से अगर पूछो कि भई, क्या कर रहे हो? लोग कहते हैं: समय काट रहे हैं। कोई हुक्का पीकर समय काट रहा है; कोई ताश खेल कर समय काट रहा है; कोई व्यर्थ की बकवासों में पड़ा है और समय काट रहा है। पागलो, समय तुम्हें काट रहा है; और तुम सोच रहे हो कि तुम समय को काट रहे हो!

हमारे पास समय के लिए जो मौलिक शब्द है, वैसा शब्द दुनिया में किसी भाषा के पास नहीं है। क्योंकि हमारे पास एक ऐसा शब्द है समय के लिए जो अनूठा है। समय को हमने कहा है: काल। और मृत्यु को भी काल कहा है। दोनों का एक ही नाम है, अकारण नहीं है। उसके पीछे सार्थकता है। क्योंकि समय मृत्यु है। समय तुम्हारी मृत्यु को करीब ला रहा है। जो तुम्हारी मृत्यु को करीब ला रहा है, वही समय है। इसलिए ठीक है दोनों को एक ही नाम देना। समय और कुछ नहीं, मृत्यु की पगध्वनियां हैं। इसलिए समय को भी काल कहा, मृत्यु को भी काल कहा।

समय तुम्हें खा रहा है। गला रहा है! और मूढ़ता की हद है, कि लोगों का समय काटे नहीं कटता, समय काटने के लिए मनोरंजन चाहिए, समय काटने के लिए न मालूम क्या-क्या उपाय करते हैं। किसे धोखा दे रहे हो? जरा आंख खोलो! समय कितनों को काट चुका है! करोड़ों-करोड़ों लोग काटे जा चुके हैं। रोज कोई गिरता है, रोज कोई मरता है, फिर भी तुम समय काट रहे हो?!

पहली तो जरूरत है कि अपनी पीड़ा को समझो। अपने गहन दुख को समझो। तुम्हारा जीवन अभी नरक है। लेकिन नहीं समझना चाहते। नहीं समझना चाहते तो नहीं सुनते हो। मलूक जैसे व्यक्ति से मिलना भी हो जाए तो भी बहरे हो जाते हो। अंधे हो जाते हो।

जीसस ने बार-बार कहा है: आंखें हों तो देख लो और कान हों तो सुन लो! किससे कहते हैं जीसस? तुमसे कहते हैं। तुम्हारे ही जैसे लोगों से कहा था। उनके पास भी तुम्हारी जैसी आंखें थीं, और तुम्हारे जैसे कान थे। लेकिन क्यों बार-बार कहते हैं: कान हों तो सुन लो, आंख हों तो देख

CamScanner

12:30 pm 0 KB/s VoLTE 4G R 79%
facebook

जीसस ने बार-बार कहा है: आंखें हों तो देख लो और कान हों तो सुन लो! किससे कहते हैं जीसस? तुमसे कहते हैं। तुम्हारे ही जैसे लोगों से कहा था। उनके पास भी तुम्हारी जैसी आंखें थीं, और तुम्हारे जैसे कान थे। लेकिन क्यों बार-बार कहते हैं: कान हों तो सुन लो, आंख हों तो देख लो? इसलिए कहते हैं कि लोग कहां देखते हैं, यहां-वहां देखते हैं! कान हों तो कुछ का कुछ सुनते हैं। जो देखना चाहिए, नहीं देखते; जो सुनना चाहिए, नहीं सुनते।

सबसे बड़ी देखने की बात तो यह है कि मैं अपनी परिस्थिति समझूं कि मैं कहां हूं, क्या हूं?

🌹ओशो🌹
"राम दुवारे जो मरे - 9"



CamScanner


प्रेम जितना विकसित होता है,
सेक्स उतना ही विलीन हो जाता है और
हृदय जिस दिन पूरी तरह प्रेम से भर जाता है
उस दिन कामुकता शून्य हो जाती है।
सेक्स की शक्ति प्रेम में परिवर्तित हो जाती है।
~ ओशो

CamScanner

LAfz. 10h
Rahat Fateh Ali Khan
0:10
उम्र ने लोगों को पढ़ना सिखा दिया..
और अनुभव ने समझना..।।
Sanjida soch

CamScanner


8:23 pm
Krishnamurti Foundation Tr... 23h
A mind that is full of conclusions is a dead mind, it is not a living mind. A living mind is a free mind, learning, never concluding.
KRISHNAMURTI
Send message...

CamScanner


8:23 pm
Sadhguru 12h
Sounds of Isha
Consciously choosing to include another life as a Part of You is the most beautiful thing you can do.
START YOUR DAY WITH SADHGURU
Sadhguru
Send message...

CamScanner


Hosted on Zoom
LIVE MEDITATION
CLASS SERIES
Based on the teachings of Paramhansa Yogananda

CamScanner



CamScanner

ओशो एक सत्य

osho_तनाव_तीव्र_होगा_अंततः_तनाव आपको_तोड़_देगा ।
#ओशो #Osho #oshotrack #oshohindi ...

CamScanner

ओशो एक सत्य

किसी का ह्रदय प्रेम से जीता जाता है तर्क से नही।
#ओशो #Osho #oshotrack #oshohindi
#oshodairy #oshovani #oshozen #oshodi ...



Send message...

CamScanner

No Meditation, No Life
Know Meditation, Know Life

Are you unfulfilled despite having everything?

Sadhguru says:

"A good bank balance, a good body and a g ...More

SIGN UP

CamScanner

CamScanner


8:20 pm
363 KB/s
44%
Sadhguru Hindi
Sponsored
अगर आप
अपने दिन के 21 मिनट
इस वीडियो को हिंदी में डब किया गया है
SIGN UP

CamScanner

8:20 pm
Osho dhyan. 10h
अफवाहें नफरत करने
वालों द्वारा बनाई जाती है।
मुर्खों द्वारा फैलाई जाती है।
और बेवकूफों द्वारा स्वीकार
की जाती है।
Send message...

CamScanner

एक क़दम सफलता की ओर 10h
EkKadamSafaltakiOrr
आज फिर से लौट आया बिना माँगे
तेरे दर से। तुझे देख लेता हूँ तो
ख्वाहिशें खत्म हो जाती है.!
एक कदम सफलता की ओर
Send message...

CamScanner

एक क़दम सफलता की ओर 23h
EkKadamSafaltakiOrr
जब भी तू मुझसे कुछ छीन लेता है मैं
नाच उठता हूँ की, पूरी दुनिया में
एक मैं ही तुझे अमीर मिला.!
एक कदम सफलता की ओर
Send message...

CamScanner


S Mohit Dubey
11 minutes ago
I'm a very
forgiving person
So if i stopped talking to you,
you really went too far.
Reply

CamScanner

11:22 pm 2 KB/s • VoLTE 4G R 24%
facebook
3 2

Naye bharat ke khoj
1d ·

चलो! खोजो! तुम्हारा जीवन है, तुम्हें अन्वेषण करना है, तुम्हें जानना है--क्या है यह जीवन? क्या है यह चैतन्य? क्या है तुम्हारे भीतर छिपा हुआ राज? कौन हो तुम अपने अंतरतम में? कौन छिपा है तुम्हारे हृदय की गुफा में--कौन सा नाद? कौन सा संगीत? कौन सा सत्य? कौन सा सौंदर्य?
और जिसने अपने भीतर के केंद्र को पहचान लिया, उसे मिल गया निर्वाण, उसे मिल गया मोक्ष, उसे मिल गया राम! राम कोई व्यक्ति नहीं है जो तुम्हें बाहर मिलेगा। *राम है तुम्हारी आंतरिक संभावना!* मेरा प्रयोजन तुम्हारे भीतर बैठे हुए शाश्वत के स्वर से है।
शांत होओ, मौन होओ, निःशब्द होओ, धीरे-धीरे मन की भीड़ से बाहर निकलो, चल पड़ो अपने अंतर-गृह की तरफ! जब पूर्ण सन्नाटा रह जाए, जब कोई तरंग भी न उठती हो, जब चेतना की झील यूं हो जाए जैसे दर्पण, तब सब राज खुल जाते हैं-भीतर के भी, बाहर के भी। क्योंकि वस्तुतः भीतर और बाहर के राज अलग-अलग नहीं हैं। भीतर और बाहर शब्द उपयोग करने पड़ते हैं तुम्हारे अहंकार के कारण। अहंकार गया तो फिर भीतर ही बाहर है और बाहर ही भीतर है। फिर एक ही शेष रह जाता है!

-ओशो

CamScanner


भगवान कोई व्यक्ति नही ;
जीवन का ही दूसरा नाम
है। इसलिए जब तुम
परिपूर्ण रूप से जीवंत
होते हो और तुम्हारे अंदर
सब मौन हो जाता है, सब
शांत हो जाता है, सब
निर्विचार हो जाता है--तब
जो सुगंध उठती है, तब जो
अनुभूति होती है। उस
अनुभूति का नाम , उस
दिव्यता का नाम , उस

CamScanner

मैं काबिल नहीं,
तेरा शुकराना कैसे
अदा करूँ मेरे मालिक
ना मिट्टी मेरी,
ना रूह मेरी,
बोल क्या अर्पण करूँ।
facebook/wisdomguruwar

CamScanner

आप अस्तित्व की इच्छा से पैदा
नही हुए
बल्कि आप स्वयं अस्तित्व की
ही इच्छा हो
गहराई में खुद को खोजोगे तो
खुद को ही वह अस्तित्व के रूप
में पाओगे।

CamScanner



जीव दया पर महावीर का इतना
जोर है। वह सिर्फ अहिंसा के
कारण नहीं। उसके कारण बहुत
गहरे आध्यात्मिक हैं। वह जो
तुम्हारे पास चलता हुआ कीड़ा
है, वह तुम ही हो। कभी तुम भी
वही थे। कभी तुम भी वैसे ही
सरक रहे थे, एक छिपकली की
तरह, एक चींटी की तरह, एक
बिच्छू की तरह तुम्हारा जीवन
था। आज तुम भूल गये हो, तुम
आगे निकल आये हो। लेकिन
जो आगे निकल जाये और पीछे
वालों को भूल जाये, उस आदमी
के भीतर कोई करुणा, कोई
प्रेम, कोई मनुष्यत्व नहीं है।
ओशो

CamScanner

दुनिया में कोई भी संतुष्ट नहीं हैं ।
गरीब अमीर होना चाहतें है ।अमीर सुदंर होना
चाहतें है ।कुवारें शादी करना चाहते हैं और
शादी-शुदा मरना चाहते हैं ।
यहाँ हर आदमी दुःखी है ।इसका कारण इतना
ही है कि यहाँ कोई अपने होने में राजी नहीं हैं।
हरेक आदमी दूसरे जैसा होना चाहता है।
जबकि सुखी होने का *फार्मूला है* –
तुम अपने होने में राजी हो जाओ,
क्योंकि तुम सिर्फ तुम हो।
~ओशो

CamScanner



CS CamScanner


6:15 am
100%
Reels
30K
114
1.5K
Send
nature.lover.world6
#night #chandni #view
Add a comment...

CamScanner


6:13 am
100%
Reels
क्षण-भर की जिंदगी है। अब गए
तब गए। क्या फिक्र करते हो घर
की, परिवार की? क्या फिक्र करते हो
मित्रों की, प्रियजनों की? एक ही बात
की फिक्र करो कि तुम अपना गीत
गाकर जाओगे, कि तुम अपना नृत्
नाचकर जाओगे, कि तुम अपनी सुगंध
बिखराकर जाओगे, कि मरते समय
तुम्हें यह अपराध-भाव न लगेगा कि
मैं अपनी जिंदगी अपने ढंग से न जी
सका। बस, यही सिद्धि है।
ओशो
Give
17
Use audio
OSHO Acharya Rajneesh Real Mystic
Naman Prabhu💕🙏🪔🪔... more
5
Hawayein Rudra Oz
Add a comment...

CamScanner



CamScanner

O Shivam

Community admin

Monday

सूफियों की एक कहानी है कि एक गिलहरी एक वृक्ष के नीचे बैठी है और एक लोमड़ी गुजरती है। तो वह लोमड़ी गिलहरी से कहती है कि नासमझ, मुझे देख कर भी तू भाग नहीं रही है! तुझे पता है, मैं लोमड़ी हूं, तुझे अभी दो टुकड़े कर सकती हूं।
गिलहरी ने कहा कि कोई प्रमाणपत्र है? हैव यू गॉट एनी सर्टिफिकेट? तुम लोमड़ी हो, इसका कोई लिखित प्रमाणपत्र है?

